CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 26°C
न्यूनतम : 23°C

देहरादून, मंगलवार 22 जुलाई 2025 देहरादून संस्करण: वर्ष 24 अंक 349 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | श्रावण कृष्ण पक्ष 11 विक्रमी सम्वत् 2082 | 26 मुहर्रम 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




यूपी नीट यूजी का काउंसलिंग पंजीकरण शुरू पेज 2



चोटिल नीतीश रेड्डी इंग्लैंड सीरीज से बाहर खेल टाइम्स



मुंबई ट्रेन ब्लास्ट: 19 साल बाद बाइज्जत बरी कौन लौटाएगा 19 साल सम्पादकीय



ट्रम्प ने ओबामा की गिरफ्तारी का एआई वीडियो किया शेयर पेज़ 12

## जस्टिस को 'वर्मा' संबोधित करने वाले वकील को CJI की फटकार

### अदालत ने वकील से पूछा- क्या वह आपके दोस्त हैं, मर्यादा में रहिए

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में चीफ जस्टिस बीआर गवई ने सोमवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा को उनके सरनेम से संबोधित करने पर एक वकील को फटकार लगाई।

दरअसल, वकील मैथ्यूज नेदुम्परा सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस वर्मा को सिर्फ 'वर्मा' कहकर संबोधित कर रहे थे। इस पर सीजेआई ने कहा कि क्या वे



आपके दोस्त हैं? वे अब भी जस्टिस वर्मा हैं। आप उन्हें कैसे संबोधित करते हैं? थोड़ी मर्यादा रखिए। आप एक विद्वान जज की बात कर रहे हैं। वे अब भी इस अदालत के -शेष पृष्ठ दो पर

### जस्टिस वर्मा को हटाने की प्रक्रिया शुरू

**नई दिल्ली।** न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा को उनके पद से हटाने की प्रक्रिया तेज हो गई है। दिल्ली में मौजूद उनके आवास से जली हुई नकदी के बंडल मिलने के बाद विपक्ष और सत्ता पक्ष के सांसदों ने लोकसभा अध्यक्ष और राज्यसभा के सभापति को उनके खिलाफ नोटिस सौंपे हैं। यशवंत वर्मा को इस विवाद के बाद दिल्ली हाईकोर्ट से वापस इलाहाबाद हाईकोर्ट भेज दिया गया है। लोकसभा में 145 सांसदों ने एक साथ मिलकर न्यायमूर्ति वर्मा को हटाने के लिए नोटिस दिया है। इसमें विपक्ष के नेता राहुल गांधी, भाजपा के रविशंकर प्रसाद और अनुराग ठाकुर, कांग्रेस के केसी वेणुगोपाल और के सुरेश, एनसीपी- एसपी की सुप्रिया सुले, डीएमके के टीआर बालू, आरएसपी के एनके प्रेमचंद्रन और आईयूएमएल के ईटी मो. बशीर जैसे कई दिग्गज नेताओं के नाम शामिल हैं।

## उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने दिया इस्तीफा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** जगदीप धनखड़ ने उप राष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने स्वास्थ्य कारणों को इस्तीफे की वजह बताया है।

राष्ट्रपति को पत्र में उन्होंने लिखा कि स्वास्थ्य की प्राथमिकता और चिकित्सकीय सलाह का पालन करते हुए मैं भारत के उपराष्ट्रपति पद से तत्काल प्रभाव से त्यागपत्र दे रहा हूं। पत्र में उन्होंने राष्ट्रपति को उनके सहयोग और सौहार्दपूर्ण



■ **राष्ट्रपति को भेजे त्यागपत्र में लिखा- स्वास्थ्य कारणों से डाक्टर्स की सलाह पर अपना पद छोड़ रहा हूं**

संबंधों के लिए धन्यवाद दिया। साथ ही प्रधानमंत्री और मंत्रिमंडल को भी सहयोग के लिए आभार जताया। 2022 में जगदीप धनखड़ ने 14वें उप राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली थी। 6 अगस्त 2022 को हुए उप राष्ट्रपति के चुनाव में धनखड़ ने विपक्ष की उम्मीदवार मार्गरेट अल्वा को हराया था। धनखड़ ने लिखा कि माननीय राष्ट्रपति जी सेहत को प्राथमिकता देने और डाक्टर की सलाह को मानने के लिए मैं संविधान के अनुच्छेद 67 के अनुसार अपने पद से इस्तीफा देता हूं। मैं भारत के राष्ट्रपति में गहरी कृतज्ञता प्रकट करता हूं।

### 7/11 मुंबई लोकल ट्रेन बम धमाका मामले में ऐतिहासिक फैसला

# 19 साल बाद न्याय, मुंबई ट्रेन धमाके के 12 मुस्लिम युवक हाईकोर्ट से बरी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** 7/11 मुंबई लोकल ट्रेन बम धमाकों के मामले में सोमवार को बॉम्बे हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने एक ऐतिहासिक फैसला सुनाया। 19 वर्षों की लंबी कानूनी लड़ाई के बाद जबरन फंसाए गए मुस्लिम युवाओं को इंसाफ मिला।

कोर्ट ने विशेष मकोका अदालत द्वारा पांच अभियुक्तों एहतिशाम कुतुबुद्दीन सिद्दीकी, कमाल अंसारी, फैसल अता उर्रहमान शेख, आसिफ बशीर और नवेद हुसैन को दी गई फांसी की सज़ा को गैरकानूनी करार दिया। इसी के साथ सात अभियुक्तों मोहम्मद अली शेख, सुहैल शेख, उर्रहमान लतीफ उर्रहमान, डा. तनवीर, मुअज्ज़म अता उर्रहमान शेख, माजिद शफी और साजिद मरगूब अंसारी को दी गई उम्रकैद की सजा को भी रद्द कर दिया गया। हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच, जिसमें न्यायमूर्ति एएस कुलकर्णी और न्यायमूर्ति श्याम सी. चांदक शामिल



**हाईकोर्ट बोला- सरकारी वकील दोष साबित करने में नाकाम, ब्लास्ट में 189 लोग मारे गए थे**

**कोर्ट ने अविश्वसनीय गवाहों, संदिग्ध पहचान परेड और यातना देकर इकबालिया बयान लेने के लिए भी जांच दल की आलोचना की**

> आतंकवाद का आरोप झेलने वाले लोगों के दिल से पूछिए कि उन्हें कैसे-कैसे हालात से गुजरना पड़ता है और जहरीला मीडिया कैसे बड़ी-बड़ी डिबेट कर पूरे धर्म के खिलाफ जहर उगलता है। उसके परिजन, दोस्त और रिश्तेदार कितनी दुश्वारियों का सामना करते हैं, लेकिन सोमवार को जब बेगुनाह करार दिया गया तब कोई डिबेट नहीं है। चारों ओर सन्नाटा पसरा है, जबकि आज भी डिबेटे होनी चाहिए थी कि पुलिस ने नाहक लोगों फंसा रखा था। जब 19 सालों के बाद उन्हें न्याय मिला। ये 19 साल उन्होंने कैसे गुजारे यह सोचने भर से ही कंपन महसूस होती है, ऐसी डिबेट करने वाले क्या देश से माफी मांगेंगे।

थे, ने सुबह साढ़े नौ बजे यह फैसला सुनाया। अदालत ने अभियुक्तों से जबरन लिए गए इक़बाली बयान (कबूलनामे) को पूरी तरह खारिज कर दिया और उसे अवैध बताया। इसके अलावा, सरकारी गवाहों की गवाही को भी अदालत ने स्वीकार नहीं किया।

### कोर्ट का फैसला न्याय की बुलंदी और सच्चाई की जीत: मौलाना अरशद मदनी

**नई दिल्ली।** जमीयत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने इस फैसले को न्याय की बुलंदी और सच्चाई की जीत करार देते हुए कहा कि यह उन परिवारों के लिए बहुत बड़ा दिन है, जिनके बेटे 19 साल से झूठे आरोपों में जेल में सज़ा काट रहे थे।

हम इस दर्दनाक दौर की कल्पना भी नहीं कर सकते, जो इन बेगुनाहों और उनके परिवारों ने 19 साल तक गुजारा। यह जमीयत उलमा महाराष्ट्र लीगल सेल की एक ऐतिहासिक जीत है, जिन्होंने लगातार कानूनी लड़ाई लड़ी और आखिरकार 12 निर्दोषों को बाइज्जत रिहाई दिलाई, जिनमें 5 को फांसी और 7 को उम्रकैद हो चुकी थी। मौलाना अरशद मदनी ने कहा कि हमारे वकीलों ने दिन-रात मेहनत की और ऐसी ठोस दलीलें दीं कि



■ **कहा: बेगुनाहों को इंसाफ तो मिल गया, लेकिन जिन लोगों ने उनकी ज़िंदगी तबाह की उन्हें सज़ा दिए बिना इंसाफ अधूरा**

अभियोजन पक्ष का पूरा झूठ उजागर हो गया। उन्होंने कहा कि यह फैसला एक बार फिर हमारे उस लंबे समय से उठाए जा रहे मुद्दे को साबित करता है कि मुस्लिम युवकों को आतंकवाद के झूठे -शेष पृष्ठ दो पर


## मानसून सत्र के पहले दिन नहीं चल पाई लोकसभा

### ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा के लिए सरकार तैयार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** संसद के मानसून सत्र में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा के लिए सरकार तैयार हो गई है। अगले हफ्ते इस मुद्दे पर लोकसभा में 16 और राज्यसभा में 9 घंटे बहस होगी। हालांकि विपक्ष का कहना है कि चर्चा सत्र के शुरुआत में होनी चाहिए और पीएम मोदी जवाब दें।

इधर, सत्र के पहले दिन राज्यसभा- लोकसभा में पहलगाम और ऑपरेशन सिंदूर पर हंगामा हुआ। विपक्ष ने इन मुद्दों पर चर्चा की मांग को लेकर नारेबाजी की। दिनभर में लोकसभा 4 बार स्थगित हुई, जिसके बाद शाम 4 बजे सदन को मंगलवार 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया। लोकसभा की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्ष ने हंगामा शुरू कर दिया। लोकसभा 4 बार स्थगित हुई। विपक्ष ने लोकसभा में पहलगाम-ऑपरेशन सिंदूर पर हंगामा किया। विपक्षी दलों की मांग थी कि सरकार का प्रमुख होने के नाते प्रधानमंत्री इन मुद्दों पर जवाब दें। इसके चलते लोकसभा 4 बार स्थगित हुई।



■ **सत्र के पहले दिन राज्यसभा- लोकसभा में पहलगाम और ऑपरेशन सिंदूर पर हंगामा**
■ **लोकसभा में 16, राज्यसभा में नौ घंटे बहस होगी**

जस्टिस यशवंत वर्मा को हटाने के संबंध में स्पीकर ओम बिरला को ज्ञापन सौंपा गया। लोकसभा में 145 और राज्यसभा में 63 सांसदों ने वर्मा के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव पर हस्ताक्षर किए। राज्यसभा से बिल ऑफ लैडिंग बिल, 2025 पास हुआ। यह 1856 के भारतीय बिल्स ऑफ लैडिंग एक्ट की जगह लेगा।

### केरल के पूर्व सीएम अच्युतानंदन का 101 वर्ष की उम्र में निधन



**तिरुवनंतपुरम।** केरल के पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ मार्क्सवादी नेता वीएस अच्युतानंदन का निधन हो गया है। उनकी उम्र 101 वर्ष थी। माकपा के राज्य सचिव एमवी गोविंदन ने यह जानकारी दी। गोविंदन ने पत्रकारों को बताया कि अच्युतानंदन का निधन यहां एक निजी अस्पताल में हुआ, जहां वह करीब एक महीने पहले दिल का दौरा पड़ने के बाद से उपचार करा रहे थे। अच्युतानंदन माकपा के संस्थापक सदस्यों में से थे और जीवनभर मजदूरों के अधिकारों, भूमि सुधार और सामाजिक न्याय की वकालत करते रहे। उन्होंने 2006 से 2011 तक केरल के मुख्यमंत्री के रूप में सेवा दी और सात बार राज्य विधानसभा के लिए चुने गए।

### दुकानों के विवरण प्रदर्शित करने की याचिका पर केंद्र व राज्यों को नोटिस

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने दुकानों समेत अन्य व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के प्रवेश द्वार पर संबंधित मालिकों के नाम और संपर्क विवरण प्रदर्शित करने की मांग वाली एक जनहित याचिका पर केंद्र के अलावा राज्य सरकारों और भारतीय विधि आयोग को सोमवार को नोटिस जारी किया। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने भाजपा के नेता और अधिवक्ता अश्विनी कुमार उपाध्याय की याचिका पर यह आदेश पारित किया।

### सिद्दारमैया की पत्नी पार्वती को एमयूडीए मामले में राहत

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) से संबंधित धनशोधन के एक मामले में कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया की पत्नी बीएम पार्वती को राहत देते हुए उनके खिलाफ दायर ईडी की याचिका सोमवार को खारिज कर दी। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ ने इस मामले में कर्नाटक उच्च न्यायालय के सात मार्च के उस आदेश में हस्तक्षेप करने से इन्कार कर दिया, जिसमें ईडी की ओर से पार्वती व अन्य को जारी समन रद्द कर दिया गया था।

### भाजपा सांसद सूर्या को राहत

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कथित तौर पर फर्जी खबरें फैलाने के मामले में भाजपा) सांसद तेजस्वी सूर्या को राहत देते हुए उनके खिलाफ दर्ज आपराधिक मुकदमा रद्द करने के उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली कर्नाटक सरकार की याचिका पर विचार करने से सोमवार को इन्कार कर दिया।

## रामपुर तिराहा मामले में सुनवाई चार अगस्त को

**नैनीताल (शाह टाइम्स ब्यूरो)।** नैनीताल हाईकोर्ट में उत्तराखंड राज्य आंदोलन के चर्चित रामपुर तिराहा मामले में न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की एकलपीठ के समक्ष चार अगस्त (सोमवार) को सुनवाई होगी।

आंदोलनकारियों के अधिवक्ता रमन शाह ने बताया कि इस मामले में सात महिलाओं के साथ दुष्कर्म हुआ था जबकि 17 अन्य को प्रताड़ित किया गया

■ **दो अक्टूबर1994 को पृथक राज्य की मांग करने वालों पर हुआ था अत्याचार**

था। मामले में मुख्य आरोपी मुजफ्फरनगर के तत्कालीन जिलाधिकारी अनंत कुमार सिंह तथा सात अन्य आरोपियों के मामले सीबीआई की ओर से मुजफ्फरनगर कोर्ट को स्थानांतरित कर दिए गए थे इनकी सुनवाई अभी तक लंबित है। राज्य आंदोलनकारियों की सुप्रीम कोर्ट में अपील पर मामला नैनीताल हाईकोर्ट स्थानांतरित कर दिया गया था। बता दें कि दो अक्टूबर 1994 को पृथक राज्य की मांग को लेकर प्रदर्शन के लिए दिल्ली जा रहे आंदोलनकारियों पर मुजफ्फरनगर के रामपुर तिराहा में पुलिस की ओर से भारी अत्याचार किए गए।

### मुंबई में रनवे से उतरा एयर इंडिया का विमान

**मुंबई।** मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सोमवार को एयर इंडिया का एक विमान रनवे से उतर गया। हालांकि हादसे में कोई नुकसान नहीं हुआ। एयर इंडिया के एक प्रवक्ता ने बताया कि उड़ान संख्या एआई2744 केरल के कोच्चि से मुंबई आई थी। मुंबई में भारी बारिश के दौरान लैंडिंग के समय विमान फिसलकर रनवे से उतर गया।

### वकीलों ने दी कानूनी सलाह, ईडी ने समन भेजा

## एजेंसी सारी हदें पार कर रही: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) सारी हदें पार कर रहा है। एक वकील और मुवक्किल के बीच की बातचीत विशेष होती है। भले ही वह गलत हो। उनके खिलाफ नोटिस कैसे जारी किए जा सकते हैं। कुछ तो गाइडलाइन होनी चाहिए।

■ **कोर्ट ने कहा: इसकी गाइडलाइन बननी चाहिए**

सुप्रीम कोर्ट ने ईडी के उस एक्शन पर चिंता और नाराजगी जताई, जिसमें एजेंसी ने जांच के दौरान कानूनी सलाह देने या मुवक्किलों की तरफ से पैरवी करने वाले वकीलों को समन दिया था। कोर्ट ने इस मामले में दिशा-निर्देश भी मांगे। सीजेआई बीआर गवई और जस्टिस के विनोद चंद्रन की बेंच कानूनी पेशे की स्वतंत्रता पर ऐसी कार्रवाईयों से पड़ने वाले असर से जुड़े एक मामले की सुनवाई कर रही थी।

## ऑपरेशन सिंदूर से दुनिया ने देखी भारत की ताकत: मोदी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से दुनिया ने भारत की सैन्य शक्ति और सामर्थ्य को देखा है और संसद का यह मानसून सत्र राष्ट्र के लिए गौरव और एक तरह से विजय उत्सव का मौका है।

श्री मोदी ने मानसून सत्र शुरू होने से पहले संसद परिसर में संवाददाताओं के समक्ष अपने पारम्परिक संबोधन में पहलगाम



आतंकवादी हमले, ऑपरेशन सिंदूर, अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर भारतीय अंतरिक्ष यात्री के जाने तथा देश की बढ़ती अर्थव्यवस्था का विशेष रूप से उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि यह मानसून सत्र राष्ट्र के लिए बहुत ही गौरवपूर्ण सत्र है। यह सत्र राष्ट्र के लिए एक अपने आप में विजयोत्सव का रूप है, और जब मैं कहता हूं कि ये सत्र राष्ट्र गौरव और विजयोत्सव का सत्र

■ **कहा: यह मानसून सत्र राष्ट्र के लिए बहुत ही गौरवपूर्ण सत्र**

है, तो सबसे पहले तो मैं पहली बार इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर भारत का तिरंगा झंडा वहां लहराना, यह हर देशवासी के लिए गौरव के पल हैं। देश में विज्ञान तकनीक के प्रति, नवाचार के प्रति, नया उमंग और उत्साह भरने वाली यह सफल यात्रा रही है। उल्लेखनीय है कि हाल ही में भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन सुभांशु शुक्ला के एक्सिओम-4 मिशन के तहत अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर गए थे और 18 दिन वहां रहने के बाद पृथ्वी पर लौटे। पूरी संसद लोकसभा व राज्यसभा दोनों सदन, उस गौरव से एक स्वर से जुड़ेंगे, जिसका देशवासी अनुभव कर रहे हैं।इसका यशगान होगा, जो भारत को अंतरिक्ष में नई ऊंचाइयों पर पहुंचने वाले भावी कार्यक्रम हैं, उनके लिए प्रेरक बनेगा और प्रोत्साहक बनेगा।

## हिमाचल में लैंडस्लाइड पति-पत्नी की मौत

**नई दिल्ली।** हिमाचल प्रदेश में रविवार रात से भारी बारिश हो रही है। चंबा जिले की चड़ी पंचायत के सूताह गांव में पहाड़ी से घर पर बड़ा पत्थर गिरने से दंपति की मौत हो गई। इनकी 5 महीने पहले ही शादी हुई थी।

सोमवार को हिमाचल के 4 जिलों के 9 सब डिवीजन में स्कूलों की छुट्टी कर दी गई है। जम्मू-कश्मीर के रियासी

■ **वैष्णो देवी के पुराने रूट पर रियासी में भूस्खलन, एक की मौत, नौ घायल**

जिले में सोमवार सुबह वैष्णो देवी के पुराने रास्ते पर भूस्खलन हुआ, जिसमें एक यात्री की मौत हो गई, 9 श्रद्धालु घायल हो गए।

## संक्षिप्त समाचार

### गाजियाबाद और प्रतापगढ़ में खुलेगा समेकित विद्यालय

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में समावेशी शिक्षा को धरातल पर उतारते हुए दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा समेकित विशेष माध्यमिक विद्यालयों की स्थापना की जा रही है। अधिकृत सूत्रों ने सोमवार को बताया कि वर्तमान में प्रदेश के सात जिलों प्रयागराज, कन्नौज, औरैया, आजमगढ़, बलिया, महराजगंज और लखनऊ में ए समेकित विद्यालय संचालित हो रहे हैं। इन विद्यालयों में कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों को शिक्षा प्रदान की जा रही है। जबकि गाजियाबाद और प्रतापगढ़ में दो और समेकित विशेष माध्यमिक विद्यालय प्रस्तावित है। इन विद्यालयों में दिव्यांगजनों के लिए विशेष प्रशिक्षित शिक्षक, सहायक उपकरण, बैरियर-फ्री इंफ्रास्ट्रक्चर, ब्रेल व ऑडियो सामग्री और थैरेपी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गई हैं। साथ ही, सामान्य विद्यार्थियों को भी समान गुणवत्ता की शिक्षा दी जाती है, जिससे समग्र विकास का वातावरण तैयार होता है।

### पांच सांसदों ने ली राज्यसभा की सदस्यता की शपथ

**नई दिल्ली।** पूर्व केन्द्रीय मंत्री वीरेन्द्र प्रसाद वैश्य सहित पांच सांसदों ने सोमवार को राज्यसभा की सदस्यता की शपथ ली। वैश्य के अलावा पूर्व केन्द्रीय मंत्री कणाद पुरकायस्थ, डा. मीनाक्षी जैन, सी. सदानदन मास्टर और हर्ष श्रृंगला ने उच्च सदन की सदस्यता की शपथ ली। इनमें से तीन सदस्य हाल ही में उच्च सदन के लिए मनोनीत किए गए थे। सबसे पहले असम गण परिषद के नेता और पूर्व केन्द्रीय मंत्री वीरेन्द्र प्रसाद वैश्य ने असमी में राज्यसभा की सदस्यता की शपथ ली। वह राज्यसभा में असम का प्रतिनिधित्व करेंगे।

# प्राइमरी स्कूलों के विलय मामले में हाईकोर्ट में अपील

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के प्राथमिक स्कूलों के विलय मामले में एकल पीठ के फैसले को इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ में दो न्यायाधीशों की खंडपीठ में विशेष अपीलें दाखिल कर चुनौती दी गई है।

मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली और न्यायाधीश जसप्रीत सिंह की खंडपीठ के समक्ष मंगलवार यानी 22 जुलाई को विशेष अपीलें सुनवाई के लिए सूचीबद्ध हैं। अपीकर्ताओं के अधिवक्ता गौरव मेहरोत्रा ने बताया कि पहली विशेष अपील पांच बच्चों ने और दूसरी 17 बच्चों ने अपने अभिभावकों के जरिए दाखिल की है। इनमें स्कूलों के विलय में एकल पीठ द्वारा बीती सात जुलाई को दिए गए फैसले को रद्द करने का



आग्रह किया गया है। इसके बाद मामले में दाखिल एक जनहित याचिका को भी खंडपीठ ने बीती 10 जुलाई को खारिज कर दिया था। बीती सात जुलाई को स्कूलों के विलय मामले में राज्य सरकार को बड़ी राहत मिली थी। एकल पीठ ने प्रथामिक स्कूलों के विलय आदेश को चुनौती देने वाली दोनों याचिक. ाओं को खारिज कर दिया था। न्यायमूर्ति पंकज भाटिया की एकल पीठ ने यह फैसला सीता. पुर के प्राथमिक व उच्च प्रथामिक स्कूलों में पढ़ने वाले 51 बच्चों समेत एक अन्य याचिका पर दिया था। इनमें बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा बीती 16 जून को जारी उस आदेश को चुनौती देकर रद्द करने का आग्रह किया गया था, जिसके तहत प्रदेश के प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों की संख्या के आधार पर उच्च प्राथमिक या कंपोजिट स्कूलों में विलय करने का प्रावधान किया गया है। याचियों ने इसे मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा कानून के प्रावधानों का उल्लंघन करने वाला कहा था।

### मेडिकल में दाखिले को यूपी नीट यूजी का काउंसिलिंग पंजीकरण शुरू

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस एवं डेंटल कॉलेजों में बीडीएस में नीट यूजी 2025 के जरिए दाखिले को लेकर रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। अभी पहले चरण की प्रवेश प्रक्रिया के लिए रजिस्ट्रेशन होंगे। इसके बावत चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक कार्यालय द्वारा वेबसाइट पर काउंसिलिंग की समय सारिणी जारी कर दी गई है। वही नीट यूजी 2024 की अंतिम चक्र की काउंसिलिंग में सीट आवंटन के बाद दाखिला न लेने वाले कुल 78 अभ्यर्थी, नीट यूजी 2025 की काउंसिलिंग से डिबार कर दिया गया है। चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक किंजल सिंह ने सोमवार को बताया कि समय सारणी में केवल पंजीकरण व धरोहर राशि जमा करने की तिथि दी गई है। जिसमें 28 जुलाई 2025 तक पंजीकरण कराने के साथ ही प्रपत्र अपलोड करने होंगे। उन्होंने बताया कि मेडिकल काउंसिलिंग कमेटी (एमसीसी) नई दिल्ली द्वारा ऑल इंडिया कोटे की सीटों पर दाखिले के लिए काउंसिलिंग 21 जुलाई से शुरू हो रही है।

# समूचे उप्र में हर-हर महादेव से गूंजे शिवालय

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** देवादिदेव भगवान शिव के प्रिय श्रावण मास के दूसरे सोमवार को समूचे उत्तर प्रदेश में आस्था का समंदर हिलोरें मारता दिखाई पड़ा।

वाराणसी, प्रयागराज, गाजियाबाद, मेरठ, बरेली, लखनऊ, गोरखपुर और कानपुर समेत समूचे राज्य में तड़के से ही शिवालयों में भक्तों की चहल पहल शुरू हो गई थी। बेल पत्र, धतूरा, पुष्प, चंदन, दीप आदि से श्रद्धालु भोलेनाथ का दर्शन पूजन कर रहे हैं। इस दौरान कांवड़ियों ने दूरस्थ क्षेत्रों से गंगा जल और अन्य पवित्र नदियों का जल लाकर अपने आराध्य का जलाभिषेक किया।

श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए कई देव स्थानों पर पुलिस बल के अलावा ड्रोन और सीसीटीवी की मदद ली जा रही है। वाराणसी से प्राप्त



रिपोर्ट के अनुसार बाबा विश्वनाथ के जलाभिषेक और दर्शन के लिए तड़के तीन बजे से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग चुकी थीं। मंगला आरती के बाद दर्शन-पूजन और जलाभिषेक का सिलसिला शुरू हो गया। 'हर हर महादेव' के उद्घोष से पूरा मंदिर परिसर गूंज उठा। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्वभूषण मिश्र ने बताया कि पुष्प वर्षा के साथ कांवड़ियों और श्रद्धालुओं का स्वागत किया गया। श्रृंगार आरती में भक्तों को देवाधिदेव महादेव गौरी- शंकर (शिव-पार्वती) स्वरूप के दर्शन प्राप्त होंगे। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मंदिर परिसर में रेड कारपेट बिछाया गया है। पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल ने बताया कि गंगा के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए जल पुलिस और एनडीआरएफ की टीमें निगरानी कर रही हैं। नौकाओं का संचालन पूरी तरह प्रतिबंधित है। गाजियाबाद में दुग्धेश्वर महादेव मंदिर में तड़के से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतार लग गई थीं वहीं लखनऊ में मनकामेश्वर और बुद्धेश्वर समेत अधिसंख्य शिवालय हर हर महादेव के जयघोष से गूंजते रहे।

# संसद में सर्वसमाज के हित में हो सार्थक चर्चा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती ने संसद के आज से शुरु हुए मानसून सत्र में सत्ता पक्ष और विपक्ष से अपेक्षा की है कि महंगाई, गरीबी, बेरा. जगारी और भाषा विवाद जैसे सर्वसमाज से जुड़े मुद्दों पर सार्थक बहस होगी।

सुश्री मायावती ने सोमवार को एक्स पर लिखा- संसद का आज से शुरू हो रहा बहुप्रतीक्षित सत्र, पिछले सत्रों की तरह देशहि. हत व जनहित के अहम और अति-ज़रूरी मुद्दों पर उचित एवं समुचित बहस तथा किसी बेहतर परिणाम के बिना ही, सरकार और विपक्ष के बीच टकराव, आरोप- प्रत्यारोप, हंगामा तथा देश के करोड़ों ग़रीब व अन्य मेहनतकश बहुजनों के थोड़े 'अच्छे दिन' की ओर सही से आगे बढ़ने के भरोसे के बग़ैर ज़्यादातर निराश करने वाला ना हो, इसकी सभी देशवासियों को



■ बसपा प्रमुख ने ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र भी किया

चिन्ता स्वाभाविक। उन्होंने कहा कि वैसे भी देश के सामने ज़बरदस्त महंगाई, ग़रीबी व बेरोज़गारी, महिला असुरक्षा तथा खासकर क्षेत्र व भाषा आदि को लेकर बढ़ता आपसी विवाद व हिंसक टकराव आदि के जनहित की समस्याएं के साथ ही आन्तरिक व बाहरी/सीमा सुरक्षा जैसी देशहित के मुद्दे लोगों की सुख-शान्ति व समृद्धि के संघर्ष को प्रभावित कर रहे हैं, तथा इन मामलों पर सार्थक बहस के आधार पर आगे की दीर्घकालीन ठोस नीति व रणनीति बनाकर उन पर अमल के लिए संसद का सुचारू रूप से संचालन जनता ज़रूरी समझती है, ताकि देश विकास व लोग तरक्की के रास्ते पर सही/आसानी से चल सके, जिसमें ही देश के सर्वसमाज एवं बहुजनों का हित निहित है। बसपा अध्यक्ष ने कहा कि सरकार अगर विपक्ष के माध्यम से पूरे देश की जनता को विश्वास में लेकर आगे बढ़े, तो यह उचित होगा। वास्तव में सरकार और विपक्ष दोनों पार्टी हित से ऊपर उठकर इन मुद्दों पर एकता बनायें, यही देश के बहु. जनों की चाहत है। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही, संसद के वर्तमान मानसून सत्र के दौरान पहलगाम नरसंहार के मामले में भारत के 'आपरेशन सिन्दूर' पर चर्चा के लिए सरकार को सकारात्मक होना चाहिए, तो यह बेहतर होगा, क्योंकि देश की जनता व सीमाओं की सुरक्षा अन्ततः सरकार का पूर्ण उत्तरदायित्व बनता है।

## पूर्वी पाक से विस्थापित परिवारों को मिलेगा भूमि स्वामित्व: योगी

# अफसरों को दिए ठोस कार्रवाई के निर्देश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को एक उच्चस्तरीय बैठक में पूर्वी पाकिस्तान (वर्तमान बांग्लादेश) से विस्थापित होकर राज्य के विभिन्न जिलों में बसाए गए परिवारों को विधिसम्मत भूस्वामित्व अधिकार देने की दिशा में ठोस कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह केवल भूमि के हस्तांतरण का मामला नहीं है, बल्कि उन हजारों परिवारों के जीवन संघर्ष को सम्मान देने का अवसर है, जिन्होंने देश की सीमाओं के उस पार से भारत में शरण ली और दशकों से पुनर्वास की प्रतीक्षा



■ पीलीभीत, लखीमपुर व बिजनौर सहित कई जिलों में विस्थापित हैं परिवार

कर रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि इन परिवारों के साथ संवेदना के साथ-साथ यथोचित सम्मानपूर्वक व्यवहार किया जाए। यह शासन की नैतिक जिम्मेदारी है। अधिकारियों ने बताया कि विभाजन के पश्चात 1960 से 1975 के बीच पूर्वी पाकिस्तान से विस्थापित होकर आए हजारों परिवारों को उत्तर प्रदेश के पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, बिजनौर और रामपुर जनपदों में पुनर्वासित किया गया था। प्रारंभिक वर्षों में इन परिवारों को ट्रांजिट कैंपों के माध्यम से विभिन्न गांवों में बसाया गया और भूमि आवंटन भी किया गया, लेकिन कानूनी और अभिलेखीय विसंगतियों के चलते अधिकांश को आज तक वैध भूमिधरी अधिकार प्राप्त नहीं हो सके हैं।

### अब तक नहीं मिल सका वास्तविक कब्जा

मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, बिजनौर सहित कई जिलों में पूर्वी पाकिस्तान से विस्थापित होकर आए परिवारों को वर्षों पूर्व बसाया गया था और उन्हें कृषि भूमि भी आवंटित की गई थी। समय के साथ अभिलेखीय त्रुटियां, भूमि का वन विभाग के नाम दर्ज होना, नामांतरण की प्रक्रिया लंबित रहना अथवा भूमि पर वास्तविक कब्जा न होने जैसी कई प्रशासनिक व कानूनी जटिलताओं के चलते इन परिवारों को अब तक विधिसम्मत भूस्वामित्व अधिकार प्राप्त नहीं हो सके हैं। कुछ स्थानों पर अन्य राज्यों से आए विस्थापित भी बसाए गए हैं, जो आज भी भूमि स्वामित्व से वंचित हैं। अद्यतन स्थिति के अनुसार, एक ओर जहाँ कई गांवों में वर्षों से खेती कर रहे परिवारों ने भूमि पर स्थाई आवास बना लिए हैं, वहीं राजस्व अभिलेखों में उनके नाम आज भी दर्ज नहीं हैं। दूसरी ओर कुछ ग्रामों में वास्तव में आज भी उन परिवारों का कोई अस्तित्व नहीं है।



सेंसेक्स 82200.34
निफ्टी 25090.70



सोना रु. 98791
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 112760
प्रति किलो



# लिवाली से शेयर बाजारों में लौटी रौनक

मुंबई, वार्ता

बैंकिंग और धातु सेक्टरों में लिवाली से सोमवार को सप्ताह के पहले दिन घरेलू शेयर बाजारों में तेजी लौट आई। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 442.61 अंक यानी 0.54 प्रतिशत चढ़ कर 82,200.34 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी.50 भी 0.49 फीसदी यानी 122.30 अंक की मजबूती के साथ 25,090.70 अंक पुनः 25000 के स्तर से ऊपर पहुंच गया। अच्छे तिमाही परिणामों के दम पर बैंकिंग और वित्तीय क्षेत्र की कंपनियों के शेयरों में तेजी है। संसेक्स की कंपनियों में आईसीआईसीआई बैंक का शेयर 2.76 प्रतिशत और एचडीएफसी बैंक 2.19 प्रतिशत लाभ में बंद हुआ। तिमाही परिणाम से पहले इटरनल के शेयरों में पांच फीसदी से अधिक का उछाल आया। आज के कारोबार में रिलायंस इंडस्ट्रीज सबसे ज्यादा 3.29 प्रतिशत टूटा। एचसीएल टेक्नोलॉजीज,



टीसीएस और हिंदुस्तान यूनीलिवर में भी गिरावट दर्ज की गई। विदेशों से मिले मिश्रित रुख के बीच शेयर बाजार में शुरू से ही तेजी रही। संसेक्स करीब 161 अंक की बढ़त के साथ 81,918.53 अंक पर खुला। हालांकि खुलने के तुरंत बाद कुछ समय के लिए बाजार में बिकवाली हावी रही और एक समय संसेक्स गिर कर 81,518.66 अंक तक कमजोर हो गया था। बाद में बैंकिंग और वित्तीय कंपनियों में लिवाली का दौर चलने से यह 82,274.03 अंक के दिन के उच्चतम स्तर तक पहुंच गया था। संसेक्स की 30 में से 19 कंपनियों के शेयर लाभ में रहे। निफ्टी-50 भी 31 अंक से अधिक की तेजी में 24,999 अंक पर खुला और नीचे 24,882.30 अंक तथा ऊपर 25,111.40 अंक के दायरे में रहा। एनएसई के अपेक्षाकृत अधिक शेयरों पर आधारित सूचकांक भी हरे निशान में रहे। निफ्टी.100 में 0.48 प्रतिशत, निफ्टी मिडकैप.50 में 0.64 प्रतिशत और निफ्टी स्मॉलकैप.100 में 0.62 प्रतिशत की तेजी रही। वित्तीय सेवा सेक्टर में कुल मिला कर उछाल देखा गया। हालांकि सार्वजनिक बैंकों के सेक्टर में गिरावट रही लेकिन निजी बैंकों के सेक्टर का सूचकांक एक प्रतिशत के अधिक की तेजी में रहा। धातु, रियलिटी, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और ऑटो जैसे सेक्टरों के सूचकांक बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि तेल एवं गैस, फार्मा और स्वास्थ्य क्षेत्र के शेयरों में गिरावट देखी गई। विदेशों में एशियाई बाजारों में मिलाजुला रुख रहा। जापान का निक्केई 0.21 प्रतिशत नीचे बंद हुआ। इसके विप. रीत हांगकांग के हैंगसेंग में 0.68 फीसदी और चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.72 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई।

### सोना और चांदी के दाम में बढ़त दिखी

**नई दिल्ली।** सोने और चांदी के दाम में सोमवार को बढ़त देखी गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के अनुसार 24 कैरेट सोने का दाम 548 बढ़कर 98,791 प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है।

चांदी की कीमत60 बढ़कर 1,12,760 प्रति किलोग्राम हो गई है। वहीं 14 जुलाई को चांदी ने 1,13,867 का ऑल टाइम हाई बनाया था। देश के चार महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,300 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,950 थी, जबकि मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,150 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,800 रही। वहीं कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,150 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,800 रही। चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,150 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,800 रही, जबकि भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 100,200 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,850 थी।

# चावल, दालें महंगी, खाद्य तेलों में मिश्रित रुख

नई दिल्ली, वार्ता

घरेलू जिंस बाजारों में सोमवार को चावल, दालों और चीनी के दाम बढ़ गए। गेहूं और गुड़ में मंदी रही, जबकि खाद्य तेलों के भाव में उतार-चढ़ाव रहा। घरेलू थोक बाजारों में ग्राहकी आने से चावल की औसत कीमत 84 रुपए बढ़कर 3,802.93 रुपए प्रति क्विंटल पर पहुंच गई।

गेहूं चार रुपए से ज्यादा टूटकर 2,813.27 रुपए प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटा भी करीब 15 रुपए सस्ता हुआ और 3,270.77 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा। खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा। मूंगफली तेल 192 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। सरसों तेल 22 रुपए प्रति क्विंटल टूट गया। सोया तेल भी 80 रुपए सस्ता हुआ। वनस्पति के दाम भी 165 रुपए प्रति क्विंटल चढ़े। सूरजमुखी तेल में 102 रुपए की तेजी रही। पाम ऑयल लगभग 12 रुपए प्रति टूट गया। दाल-दलहनों में तेजी का रुख रहा। दलहन बाजार में चना दाल करीब 132 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हुई। तुअर दाल का औसत भाव 208 रुपए बढ़ गया। उड़द दाल 27 रुपए प्रति क्विंटल और मसूर दाल में 120 रुपए प्रति क्विंटल से अधिक की नरमी रही। दाल मूंग में भी करीब 121 रुपए प्रति क्विंटल से अधिक की तेजी दर्ज की



गई। गुड़-चीनी: बाजार में गुड़ के औसत भाव 75 रुपए से ज्यादा गिर गए। चीनी करीब 44 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हुई है। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7844.8, मसूर काली 8052.84, मूंग दाल 10151.42, उड़द दाल 10531.58, अरहर दाल 11034.19 रुपए प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2813.27 रुपए और चावल 3802.93 रुपए प्रति क्विंटल। चीनी-गुड़: चीनी एस 4279.01 और गुड़ 4916.98 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17025.85 रुपए, मूंगफली तेल 17876.91 रुपए, सूरजमुखी तेल 15301.68 रुपए, सोया रिफाइंड 13705.79 रुपए, पाम ऑयल 12207.10 रुपए और वनस्पति तेल 14500.61 रुपए प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**जस्टिस वर्मा...**

जज हैं। वकील ने जवाब दिया कि मुझे नहीं लगता कि उन्हें इतनी इज्जत देनी चाहिए। इस पर सीजेआई ने कहा कि प्लीज, कोर्ट को ऑर्डर मत दीजिए। साथ ही कोर्ट ने कैश बरामदगी मामले में वकील मैथ्यूज नेदुम्परा की उस याचिका को भी खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने जस्टिस वर्मा के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की थी। दरअसल, जस्टिस वर्मा के लुटियंस दिल्ली स्थित घर में 14 मार्च की रात आग लगी थी। उनके घर के स्टोर रूम से 500-500 रुपये के जले नोटों के बंडलों से भरे बोरे मिले थे। जस्टिस वर्मा उस समय दिल्ली हाईकोर्ट के जस्टिस थे। बाद में उन्हें इलाहाबाद हाईकोर्ट ट्रांसफर कर दिया गया था।

**19 साल बाद...** आरोपों में फंसा कर उनकी जिंदगी बर्बाद करना एक सोची-समझी साजिश है। यह न केवल निर्दोषों को जेल की सलाखों के पीछे डालता है, बल्कि एक पूरी क़ौम को बदनाम भी करता है। उन्होंने कहा कि जब तक पुलिस और जांच एजेंसियों की जवाबदेही तय नहीं की जाएगी, तब तक ऐसी घटनाएं दोहराई जाती रहेंगी और निर्दोषों की ज़िंदगियां यूं ही बर्बाद होती रहेंगी। मौलाना मदनी ने यह भी कहा कि मौजूदा राजनी. तिक हालात में मुसलमान पुलिस और एजेंसियों के लिए आसान निशाना हैं। पूर्व मुख्य न्यायाधीश उड़ीसा हाईकोर्ट और जमीयत उलमा-ए-हिंद के अधिवक्ता जस्टिस मुरलीधर ने टिप्पणी की कि इस केस की जांच जानबूझकर पक्षपातपूर्ण रखी गई थी। उनका कहना था कि जब जनता की भावनाएं भड़की हों, तो मीडिया ट्रायल के जरिये लोगों को गुनहगार साबित कर दिया जाता है और बाद में सबूत जुटाए जाते हैं। यह टिप्पणी हमारे देश की न्यायिक व्यवस्था की हकीकत को बयां करती है। मौलाना मदनी ने कहा कि कानून लागू करने वाले विभागों को मिली खुली छूट ने उन्हें बेलगाम बना दिया है, जिसका सबसे खराब उदाहरण यह मामला है। 19 साल की सज़ा के बाद रिहाई तो हो गई, लेकिन जिन लोगों ने यह साज़िश की, उन्हें कोई सज़ा नहीं मिली और न ही कोई पूछताछ हुई। उन्होंने कहा कि हम इस फैसले का दिल से स्वागत करते हैं, लेकिन जब तक जिम्मेदारों को सज़ा नहीं मिलती, यह इंसाफ अधूरा समझते है। मीडिया द्वारा मुसलमानों को निशाना बनाकर चलाया जाने वाला दुष्प्रचार अभियान इस देश के लोकतंत्र पर धब्बा है।

अदालत ने अपने फैसले में आदेश दिया कि यदि अभियुक्त किसी और मामले में वांछित नहीं हैं, तो उन्हें तुरंत जेल से रिहा किया जाए। यहां तक कि कमाल अंसारी, जिनकी जेल में मृत्यु हो गई थी, उन्हें भी बाइज्जत बरी कर दिया गया। जब न्यायमूर्ति कुलकर्णी फैसला पढ़ रहे थे, तब फांसी की सज़ा पाए पांच अभियुक्त ऑनलाइन सुनवाई देख रहे थे। पहले उनके चेहरों पर मायूसी थी, लेकिन जैसे ही फैसला उनके पक्ष में आया, वे खुश हो गए और अदालत तथा अपने वकीलों का शुक्रिया अदा किया। सीनियर एडवोकेट योग मोहि. हत चौधरी ने अदालत का धन्यवाद किया और कहा कि आज के फैसले से न्यायपालिका पर जनता का भरोसा बढ़ेगा और कानून की सर्वोच्चता बनी रहेगी। उन्होंने रक्षात्मक अधिवक्ताओं को बहस का पूरा मौका देने के लिए भी धन्यवाद दिया। चौधरी ने भावुक होकर कहा कि अगर इस मुकदमे को बारीकी से देखा जाए, तो साफ़ पता चलता है कि आरोपियों के खिलाफ झूठे सबूत गढ़े गए थे, जिसकी सोमवार को अदालत ने पुष्टि कर दी। जमीयत उलमा महाराष्ट्र लीगल सेल ने इस मुकदमे में देश के नामी क्रिमिनल अधिवक्ताओं की सेवाएं ली थीं जिनमें सीनियर एडवोकेट एस. नागामुथु (पूर्व न्यायाधीश मद्रास हाईकोर्ट), सीनियर एडवोकेट मुरलीधर (पूर्व मुख्य न्यायाधीश उड़ीसा हाईकोर्ट), सीनियर एडवोकेट नित्या रामाकृष्णन (सुप्रीम कोर्ट), एडवोकेट योग मोहित चौधरी और कई अन्य वकील शामिल थे। इनकी मदद के लिए एडवोकेट अब्दुल वहाब खान, एडवोकेट शरीफ, एडवोकेट अंसार तंबोली, एडवोकेट गौरव भवानी, एडवोकेट आदित्य मेहता, एडवोकेट शाहिद नदीम, एडवोकेट अफ़ज़ल नवाज़, एडवोकेट बिलाल आदि को जिम्मेदारियां सौंपी गई थीं। विशेष मकोका अदालत के जज वाईडी शिंदे ने पहले एहतिशाम सिद्दीकी, कमाल अंसारी, फैसल अता उर्रहमान, आसिफ बशीर और नवेद हुसैन को फांसी और 7 अन्य को उम्रकैद की सज़ा सुनाई थी, जबकि एक अभियुक्त अब्दुल वहाब को बाइज्जत बरी किया था। मुंबई की जीवनरेखा मानी जाने वाली लोकल ट्रेन की वेस्टर्न लाइन पर सिलसिलेवार धमाके हुए थे, जिसमें 189 लोगों की मौत और सौ से अधिक लोग घायल हुए थे।

# पहलगाम का सच बताओ गलती न छुपाओ: सपा

## मानसून सत्र के पहले दिन बोले अखिलेश

नई दिल्ली, वार्ता

सोमवार से शुरू हुए संसद के मानसून सत्र के पहले दिन समाजवादी पार्टी के सांसद और सपा मुखिया अखिलेश यादव ने अपने सांसद के साथ सदन में अपना शक्ति प्रदर्शन दिखाया।

सपा मुखिया अखिलेश यादव ने पहलगाम हमले को लेकर भी सरकार से सवाल पूछते हुए एक्स पर पोस्ट किया। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने सपा नेताओं के साथ तस्वीर शेयर कर लिखा कि पहलगाम का सच बतलाओ, अपनी गलती नहीं छुपाओ! पहलगाम में हुई जो चूक, ये गलती थी या थी भूल! विदेशी नीति में हुए फेल, साथ नहीं अब कोई देश



अखिलेश यादव ने कहा पहलगाम आतंकी हमले का मुद्दा बहुत महत्वपूर्ण है। सभी विपक्षी दल चाहते हैं कि इस पर चर्चा हो। सरकार को बताना चाहिए कि क्या हुआ था और क्या यह खुफिया विफलता थी। प्रधानमंत्री और सरकार को विपक्ष की बात सुननी चाहिए और हम सुनेंगे कि सरकार को क्या कहना होगा। सरकार को इस पर छिपना नहीं रहना चाहिए। सभी विपक्ष के लोग चाहते हैं कि इस पर बहस हो।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
खून की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# अधिकारियों को 24 अलर्ट रहने के सीएम के निर्देश

## राज्य में अतिवृष्टि के हालात का आपदा प्रबंधन केंद्र पहुंचकर कम धामी ने लिया जायजा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** राज्य में हो रही भारी बारिश के मध्य नजर मौसम विभाग की चेतावनी को देखते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को आईटी पार्क स्थित राज्य आपदा परिचालन केन्द्र से प्रदेश में हो रही अतिवृष्टि का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने सभी जिलाधिकारियों से वर्चुअल माध्यम से बातचीत कर जनपदों में बारिश की स्थिति, सड़कों की स्थिति, चारधाम और कांवड़ यात्रा की व्यवस्थाओं तथा विद्युत, पेयजल एवं मूलभूत आवश्यकताओं के बारे में जानकारी ली।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मानसून सीजन में सभी अधिकारी 24 घंटे अलर्ट मोड में रहें। किसी भी जान-माल के नुकसान से बचाव के लिए यह सुनिश्चित किया जाए कि बारिश के पूर्वानुमान का अपडेट लोगों को तुरंत मिल जाए। इसके लिए जनपद, तहसील, ब्लॉक और ग्राम स्तर तक आपदा प्रबंधन तंत्र को सक्रिय रखा जाए। वर्षा के कारण जो सड़कें बाधित हो रही हैं, उन्हें शीघ्रता से सुचारु किया जाए। भू-स्खलन की दृष्टि से संवेदनशील स्थानों पर सभी आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। वर्षा के कारण जनजीवन प्रभावित न हो, इसके लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए रिस्पांस टाइम कम से कम किया जाए।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि मानसून के दृष्टिगत राज्य के पर्वतीय जनपदों में खाद्यान्न, दवाइयों और अन्य मूलभूत आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए पर्याप्त स्टॉक रखा जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को आवागमन में परेशानी न हो। संपर्क मार्ग बाधित होने पर आवागमन के लिए वैकल्पिक व्यवस्थाएं भी रखी जाएं। इस अवसर पर सचिव आपदा प्रबंधन विनोद कुमार सुमन, अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी आनन्द स्वरूप, अपर सचिव बंशीधर तिवारी एवं वर्चुअल माध्यम से सभी जिलाधिकारी उपस्थित थे।



### आज भी कई जिलों में ऑरेंज अलर्ट

मौसम विभाग की चेतावनी के अनुसार आज भी कई जिलों में भारी बारिश की संभावना है जनपद- बागेश्वर, चंपावत, नैनीताल, पौडी गढ़वाल और पिथौरागढ में अलग-अलग स्थानों पर यथा- जिम कॉर्बेट, कोटद्वार, लोहाघाट, मुनस्यारी, कपकोट, हल्द्वानी तथा इसके आस पास के क्षेत्रों में अलग-अलग स्थानों पर भारी से बहुत भारी वर्षा के साथ आंधी/बिजली/तीव्र से बहुत तीव्र दौर-तेज हवा (30-40 किमी प्रति घंटा) चलने की संभावना है।

### राज्य में पुलों का भी हो रहा सेफ्टी ऑडिट

जिलाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जन सुरक्षा की दृष्टि से सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। किसी जनपद से करंट लगने की शिकायतें न आएं। पुलों का सेफ्टी ऑडिट करने के निर्देश मुख्यमंत्री पहले ही अधिकारियों को दे चुके हैं। शहरी क्षेत्रों में जलभराव की समस्याएं न हों, इसके लिए सभी आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश उन्होंने अधिकारियों को दिए हैं। नदियों के बढ़ते जल स्तर की नियमित निगरानी करने के निर्देश भी मुख्यमंत्री ने दिए हैं। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि चारधाम यात्रा पर जाने वाले सभी श्रद्धालुओं को मौसम का नियमित अपडेट दिया जाए। वर्षा के कारण यातायात प्रभावित होने की स्थिति में श्रद्धालुओं को ठहराव स्थलों पर भोजन, पानी एवं अन्य आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई जाए।

# मतदान तिथियों को लेकर भ्रम में न रहें मतदाताः चुनाव आयोग

## 20 जुलाई का पत्र किसी बूथ पर मतदान न होने की दशा में पुनर्मतदान से संबंधित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** राज्य निर्वाचन आयोग उत्तराखंड ने स्पष्ट किया है कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में मतदान की तिथियों में किसी तरह का कोई परिवर्तन नहीं किया गया है। पंचायत के चुनाव दो चरणों में 24 और 28 जुलाई 2025 को ही होंगे।



**■ 24 और 28 जुलाई 2025 को दो चरणों में ही होगा मतदान ■ हर बार चुनाव में होती रही हैं पुनर्मतदान की तिथियां घोषित**

आयोग ने कहा है कि प्राकृतिक आपदा या अन्य किसी आपातकालीन स्थितियों की वजह से किसी पोलिंग स्टेशन या बूथ पर मतदान नहीं हो पाता है, तो ऐसी स्थिति के लिए ही पुनर्मतदान की तिथियां घोषित की गई हैं। 20 जुलाई 2025 को जारी आयोग का पत्र भी इसी से संबंधित है, जिसका मतदान की तिथियों में परिवर्तन से दूर दूर तक कोई संबंध नहीं है। आयोग ने मतदाताओं से अपील की है कि वे मतदान की तिथियों को लेकर किसी तरह के भ्रम में न रहें।

आयोग के सचिव राहुल कुमार गोयल ने स्पष्ट किया है कि पहले चरण में 24 जुलाई 2025 को किसी पोलिंग स्टेशन या बूथ पर मतदान न होने की स्थिति में पुनर्मतदान 28 जुलाई 2025 को होगा। इसी तरह, ये स्थिति यदि 28 जुलाई 2025 के मतदान के दिन उत्पन्न होती है, तो संबंधित पोलिंग स्टेशन या बूथ पर 30 जुलाई 2025 को पुनर्मतदान कराया जाएगा। पुनर्मतदान यदि आवश्यक हुआ, तो सुबह आठ बजे से शाम पांच बजे तक कराया जाएगा। मतगणना निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 31 जुलाई 2025 को ही होगी। सचिव के अनुसार-चुनाव के दौरान पुनर्मतदान की तिथियों हर बार घोषित किया जाता रहा है।

# प्रशासन का लक्ष्य, हर घर तक शुद्ध पेयजल की सुचारू हो आपूर्तिः डीएम



शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** जिलाधिकारी सविन बंसल ने पेयजल से जुड़े सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि बरसात के सीजन में भी हर घर तक शुद्ध पानी की सप्लाई निर्बाध रूप से जारी रहे। जनमन की समस्या प्रशासन की समस्या है। इसमें कोई लापरवाही न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए। पानी की शिकायत मिलते ही उसी दिवस को उसका समाधान कर लिया जाए। डीएम ने कहा कि हमारा लक्ष्य हर घर तक शुद्ध पेयजल की प्रतिदिन निबार्ध आपूर्ति सुनिश्चित करना ही है। बजट की कोई कमी नही है। कहीं पर फंड की विशेष आवश्यकता है तो इसकी डिमांड उपलब्ध करें।

जिलाधिकारी ने पेयजल समस्याओं के त्वरित समाधान को लेकर एडीएम की अध्यक्षता में जिले स्तर पर समिति गठित की गई है, जो नियमित रूप से पेयजल शिकायतों की मॉनिटरिंग में लगी है। डीएम के निर्देश पर पेयजल सप्लाई से जुड़े 07 विभागों के अधिकारी 20 अप्रैल से 24ग7 जिला कंट्रोल रूम में तैनात किए गए है।शिकायतकर्ता सुलोचना पयाल और विभिन्न समाचार पत्रों के माध्यम से मेहूवाला क्लस्टर पेयजल योजनान्तर्गत चन्द्रबनी में पेयजल की समस्या के संबंध में अधिशासी अभियंता ने बताया कि चन्द्रबनी क्षेत्र में पेयजल की समस्या के स्थाई समाधान हेतु क्षेत्र में 02 नग नलकूप एवं 01 नग उच्च जलाशय की आवश्यकता है, जिसकी स्वीकृति मिल गई है और शीघ्र ही इस पर कार्य शुरू किया जा रहा है।

# अपराधों के खिलाफ उबली महिला कांग्रेस, किया राजभवन कूच

## भारी बारिश में भी नहीं डिगी कार्यकर्ताओं की हिम्मत, गिरफ्तारी के बाद पुलिस लाइन भेजा गया, किए रिहा

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** राज्य में लगातार बढ़ते महिला अपराधों के विरोध में सोमवार को प्रदेश महिला कांग्रेस ने प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला के नेतृत्व में राजभवन घेराव कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान भारी बारिश के बावजूद महिला कार्यकर्ता बड़ी संख्या में राजभवन कूच के लिए एकजुट हुईं।

पूर्व नियोजित कार्यक्रम के तहत कूच के दौरान पुलिस ने हाथी बड़कला स्थित बेरिकेडिंग पर उन्हें रोक दिया। इस दौरान महिला कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच तीखी नोकझोंक और धक्का-मुक्की हुई। विरोध में कार्यकर्ता वहीं धरने पर बैठ गईं, जिसके बाद पुलिस ने उन्हें हिरासत में लेकर पुलिस लाइन भेज दिया।



प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष ज्योति रौतेला ने कहा कि बीते तीन वर्षों में उत्तराखंड राज्य महिला अपराध के मामलों में शीर्ष पर पहुंच गया है। राज्य में हत्या, बलात्कार और महिलाओं पर हो रहे जघन्य अपराधों की संख्या चिंताजनक रूप से बढ़ी है, जिससे देवभूमि की अस्मिता को गहरा आघात पहुंचा है।

महिला कांग्रेस की ओर से राज्यपाल को ज्ञापन सौंपकर राज्य में महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने को हस्तक्षेप की मांग की गई है। साथ ही चेतावनी दी गई है कि यदि सरकार महिला अपराधियों को संरक्षण देने की नीति से पीछे नहीं हटती तो महिला कांग्रेस का संघर्ष और तेज होगा। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष नजमा खान, चन्द्रकला नेगी, महासचिव पुष्पा पंवार, पूनम सिंह, अनुराधा तिवारी, अमृता कौशल, दीपा चौहान, डिंपल, सुकन्या, शशि, भावना शर्मा, राजबाला, सावित्री देवी, रानी, मनोज, पूनम, संध्या, अन्नू, राज. कुमारी, शीला देवी, आशिया सहित बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ता शामिल रहीं।

### पिछले 5 वर्षों में 10,500 महिलाएं हुई लापताः रौतेला

प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष ज्योति रौतेला ने कहा कि बीत 3 वर्षों में दुष्कर्म की 1822 घटनाएं दर्ज हुईं। 318 अज्ञात महिलाओं के शव बरामद हुए, जिनमें से केवल 87 की ही पहचान हो सकी। पिछले 5 वर्षों में 10,500 महिलाएं लापता हुईं, जिनमें 767 अभी भी लापता हैं। महिला अपराध के 103947 मुकदमे दर्ज हुए। हर महीने बलात्कार और हत्या की औसतन एक घटना सामने आ रही है।

### सरकार में बैठे लोगों पर संरक्षण का आरोप

ज्योति रौतेला ने कहा कि अंकिता भंडारी हत्याकांड से शुरू हुआ यह सिलसिला लगातार बढ़ता जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि इन मामलों में सत्ताधारी दल के लोगों की संलिप्तता के कारण पुलिस-प्रशासन खुद को बेबस महसूस कर रहा है। उन्होंने हरिद्वार में नाबालिग बेटी से सामूहिक दुष्कर्म कराने के मामले में भाजपा महिला मोर्चा की पदाधिकारी अनामिका शर्मा की संलिप्तता की ओर भी ध्यान दिलाया।

रौतेला ने कहा कि जेल में रहते हुए अनामिका शर्मा द्वारा मोबाइल पर की गई बातचीत का ऑडियो वायरल हुआ, जिससे स्पष्ट है कि जेल प्रशासन की मिलीभगत से उन्हें विशेष सुविधाएं मिल रही हैं। उन्होंने कहा कि इस पूरे प्रकरण की जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए, लेकिन अब तक राज्य सरकार ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया है।

# भारी बरसात के चलते घरों में पानी भरने से फंसे लोग



शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** राजधानी देहरादून लगातार हो रही भारी बरसात के कारण आसन नदी का जलस्तर बढने के कारण पटेल नगर थाना क्षेत्र के भूड़पुर मे आवासीय काला. `नी में जलभराव होने के कारण कुछ लोगों के अपने घरों में फंसे होने की सूचना मिलते ही पटेल नगर पुलिस मौके पर पहुंची और जल भराव के चलते फंसे लोगों को बाहर निक. ाला। जल भराव की सूचना पर चौकी प्रभारी नयागांव मय पुलिस बल व आपदा उपकरणों के तत्काल मौके पर पहुंचे तथा मौके पर रस्सों की सहायता से घरों में फंसे लोगो को सकुशल रैस्क्यू करते हुए उन्हें सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया।

दून पुलिस को अलर्ट मोड पर रखा गया है। पुलिस द्वारा नियमित रूप से नदी नालों के किनारे बस्तियों व आवासीय क्षेत्रों में भ्रमणशील रहते हुए लाउड हेलरो के माध्यम से लोगों को सतर्क रहने तथा बरसात के दौरान नदी नालों के किनारे न जाने के सम्बंध में सचेत किया जा रहा है। साथ ही संवे. दनशील स्थानों से लोगों को हटाते हुए उन्हें सुरक्षित स्थानों पर भेजा जा रहा है।

# कांग्रेस पार्टी के महिला कार्यकर्ता अपने दल की करें चिंता :आशा

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** कांग्रेस पार्टी के महिला कार्यकर्ताओं ने महिला अपराध के मामले को लेकर राज भवन कूच किया, जिस पर भाजपा प्रदेश महिला मोर्चा ने पलटवार किया है। भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष आशा नौटियाल ने कहा कि प्रदेश में चुनाव की आहट होते ही कांग्रेस पार्टी महिलाओं की हितैषी होने का स्वांग करने लगती है।



उनका कहना है प्रदेश में महिलाओं के प्रति किसी भी क्षेत्र या संप्रदाय का अपराधी क्यों ना हो उसके खिलाफ प्रदेश की भाजपा सरकार सख्त से सख्त कार्रवाई कर रही है। कई मामलों में भाजपा सरकार ने मिसाल भी पेश की है ।महिला सुरक्षा को लेकर प्रदेश सरकार की गंभीरता इस बात के लिए गवाह है कि प्रदेश में एकल महिलाएं जो कामकाजी हैं उनके लिए प्रदेश सरकार ने हॉस्टल का इंतजाम किया है। अगर किसी महिला के साथ कोई अपराध होता है तो उसमें कानूनी स्तर पर जहां सख्त से सख्त कार्रवाई की जाती है, वहीं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी खुद महिला सुरक्षा के मामलों की समीक्षा करते हैं। भाजपा महिला मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष आशा नौटियाल का कहना है कि कांग्रेस पार्टी की महिला कार्यकर्ताओं को अपने दल की चिंता करने की जरूरत है।

# एमडीडीए ने सील किए दो अवैध निर्माण



मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण क्षेत्रान्तर्गत, विभिन्न स्थानों पित्थूवाला व मसूरी में किये जा रहे अवैध निर्माणों के विरूद्ध सीलिंग की कार्यवाही की गयी। जहूर द्वारा पित्थूवाला देहरादून में अवैध रूप से किये जा रहे व्यवसायिक निर्माण को संयुक्त सचिव गौरव चटवाल के आदेशों पर सील किया गया।कार्यवाही में सहायक अभियन्ता विजय सिंह रावत, अवर अभि जितेन्द्र सिंह सुपरवाईजर राकेश मौके पर मौजूद रहे। वहीं दूसरे मामले में शुभम व दिवान सिंह आदि द्वारा मसूरी देहरादून मार्ग में किये जा रहे अवैध निर्माण पर सीलिंग की कार्यवाही करते हुये सील किया गया इस कार्यवाही में अवर अभि अनुज पाण्डे व ,सुपरवाईजर मौजूद रहे।

# चकराता, कालसी व विकास नगर में 24 को होगा पंचायत चुनाव

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को सकुशल संपन्न करवाने के लिए सोमवार को उप जिला निर्वाचन अधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह की अध्यक्षता में विकास भवन में राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित सॉफ्टवेयर के माध्यम से पोलिंग कार्मिकों का तीसरा रेंडमाइजेशन किया गया।

तीसरे रेंडमाइजेशन में पोलिंग पार्टियों को जिले के सभी 1090 मतदेय स्थल आवंटित किए गए।




**■ 1090 पोलिंग बूथों के लिए रिजर्व सहित बनाई गई 1208 पोलिंग पार्टियां**

जिससे पोलिंग पार्टियों को अपने बूथ की जानकारी मिल गई है, कि उन्हें किसी बूथ पर जाना है। विकासखंड चकराता, कालसी और विकास नगर में पहले चरण के तहत 24 जुलाई को मतदान होगा। चकराता ब्लाक के दूरस्थ क्षेत्रों की 44 पोलिंग पार्टियां मतदान दिवस के दो दिन पूर्व 22 जुलाई को रवाना होंगी। इन तीनों ब्लाकों की अन्य सभी 470 पोलिंग पार्टियां मतदान से एक दिन पूर्व 23 जुलाई को रवाना की जाएंगी। पंचायत चुनाव के लिए चकराता में कुल 137, कालसी में 130 तथा विकास नगर में 247 मतदेय स्थल बनाए गए है।

तीसरे रेंडमाइजेशन के बाद इन सभी पोलिंग पार्टियों के कार्मिकों को बूथ आवंटन के साथ ही पोलिंग ड्यूटी आदेश भी जारी कर दिए गए है। दूसरे चरण में 28 जुलाई को विकासखंड डोईवाला, सहसपुर और रायपुर के 576 मतदेय स्थलों पर पंचायत चुनाव होगें। जिले के कुल 1090 पोलिंग बूथों पर पंचायत चुनाव के लिए रिजर्व सहित 1208 पोलिंग पार्टियां बनाई गई है। जिसमें 6040 कार्मिकों की तैनाती की गई है। प्रत्येक पोलिंग पार्टी में पीठासीन अधिकारी, प्रथम मतदान अधिकारी सहित कुल 05 कार्मिकों की तैनाती की गई है। प्रत्येक पोलिंग पार्टी में द्वितीय मतदान अधिकारी महिला कार्मिक रहेगी।

कार्मिकों के रेंडमाइजेशन के दौरान मुख्य शिक्षा अधिकारी वीके ढौंडियाल, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी रनजीत सिंह चौहान, एडीआईओ अंकुश पांडेय आदि मौजूद थे।


यूनियन बैंक ऑफ इंडिया Union Bank of India
भारत सरकार का उपक्रम A Government of India Undertaking

स्ट्रेस्ड परिसंपत्ति प्रबंधन शाखा, नई दिल्ली
यूनिट संख्या 603 बी, कनेक्टस टावर, भावभूति मार्ग,
नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के सामने, अजमेरी गेट साइड, नई दिल्ली-110001
ईमेल: ubin0906069@unionbankofindia.bank

**उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ताओं को सूचना**

प्रति: दिनांक-30-06-2025

**उधारकर्ताओं/गारंटर/बंधककर्ताओं को:**

1. **न्यूजेन इकोट्रॉनिक्स प्राइवेट लिमिटेड,** (वर्तमान में सीआईआरपी प्रक्रियाधीन और रेज़ोल्यूशन प्रोफेशनल द्वारा प्रतिनिधित्व) (पूर्व में मैसर्स नवयुग इंडस्ट्रीज)
एससीएफ 43, प्रथम तल, हुडा मार्केट पार्ट-II, सेक्टर-19, फरीदाबाद, हरियाणा-121002.
**इसके अलावा:** न्यूजेन इकोट्रॉनिक्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में मेसर्स नवयुग इंडस्ट्रीज)
कार्यालय संख्या 2सी, प्रथम तल, प्लॉट संख्या 5बी सेक्टर-15ए क्राउन प्लाजा मॉल नीलम चौक अजरौंदा मेट्रो स्टेशन फरीदाबाद, हरियाणा-121007.
**यहां भी:** न्यूजेन इकोट्रॉनिक्स प्राइवेट लिमिटेड (तत्कालीन एम/एस नवयुग इंडस्ट्रीज)
कार्यालय सं.- 2सी, 4जे, द्वितीय तल सेक्टर-15ए, प्रथम तल प्लॉट नं. 5बी सेक्टर-15ए क्राउन प्लाजा मॉल नीलम चौक अजरौंदा मेट्रो स्टेशन फरीदाबाद, हरियाणा-121007.
**इसके अलावा:** न्यूजेन इकोट्रॉनिक्स प्राइवेट लिमिटेड (तत्कालीन एम/एस नवयुग इंडस्ट्रीज) प्लॉट नं. 20, 56, 57, 58 और 59 सेक्टर-7, IIE, रानीपुर सिडकुल जिला हरिद्वार, उत्तराखंड-249403.
**इसके अलावा:** न्यूजेन इकोट्रॉनिक्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में मेसर्स नवयुग इंडस्ट्रीज)
यूनिट II: प्लॉट संख्या 223, IIE, सेक्टर-7 सिडकुल, हरिद्वार, उत्तराखंड-249403
**इसके अलावा:** न्यूजेन इकोट्रॉनिक्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में मेसर्स नवयुग इंडस्ट्रीज)
एलजी-89, एनआईटी फरीदाबाद, हरियाणा-121001.
2. **श्री अनुपम गुलाटी,** फ्लैट संख्या 701, सातवीं मंजिल, टावर पेट्रोनास ओमेक्स हाइट्स, सेक्टर-86 एस्कॉर्ट्स नगर, फरीदाबाद, हरियाणा-121002.
3. **श्री मधुर गुलाटी,** मकान संख्या 1381, सेक्टर-14 एस्कॉर्ट्स नगर, फरीदाबाद, हरियाणा-121007
**इसके अलावा:** फ्लैट संख्या 701, सातवीं मंजिल, टावर पेट्रोनास ओमेक्स हाइट्स, सेक्टर-86 एस्कॉर्ट्स नगर, फरीदाबाद, हरियाणा-121002
4. **श्री मदन गोपाल बंगा,** मकान संख्या 1105 जिमखाना क्लब के पास, सेक्टर 4, अर्बन एस्टेट, गुरुग्राम, हरियाणा-122001

प्रिय महोदय/महोदया,

**वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम-2002 (जिसे आगे 'अधिनियम' कहा जाएगा) की धारा 13(2) के अंतर्गत सूचना।**

हम, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (पूर्ववर्ती कॉर्पोरेशन बैंक के समनुदेशिती और उत्तराधिकारी सहित), तनावग्रस्त परिसंपत्ति प्रबंधन शाखा, 603बी, कनेक्टस टॉवर, भवभूति मार्ग, नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के सामने, अजमेरी गेट साइड, नई दिल्ली 110001 (इसके आगे बैंक), सुरक्षित ऋणदाता के रूप में, उपरोक्त अधिनियम की धारा 13(2) के अंतर्गत, ।त्थ्।म्प् अधिनियम, 2002 और के प्रावधानों के अनुसार नियुक्त प्राधि त अधिकारी के माध्यम से यह सूचना जारी करते हैं। प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 यह कहा गया है कि:

1. आप, यहाँ प्राप्तकर्ता क्रमांक 1, ने हमारी विश्वास नगर शाखा से निम्नलिखित ऋण सुविधाएँ प्राप्त की हैं और बकाया/किस्त/ब्याज का भुगतान करने/खाते/खातों का संतोषजनक संचालन करने में विफल रहे हैं, इसलिए, आय पहचान और विवेकपूर्ण लेखा मानदंडों के संबंध में RBI के दिशानिर्देशों के अनुसार, आपके खाते/खातों को **25.04.2023** तक गैर-निष्पादित परिसंपत्ति के रूप में वर्गी त किया गया है। 31.03.2025 तक आपके खातों में रु. **19,16,17,987.80 (रु. उन्नीस करोड़ सोलह लाख सत्रह हजार नौ सौ सतासी और अस्सी पैसे मात्र)** की राशि और उस पर लागू ब्याज बकाया है। उपरोक्त खाते/खातों के संबंध में प्राप्तकर्ता क्रमांक 1 से बैंक को देय राशि का विवरण निम्नानुसार है:

(राशि रुपए में)

| क्र. सं. | सुविधा का प्रकार | एनपीए की तिथि तथा 25.04.2023 तक बकाया राशि | 26.04.2023 से 31.03.2025 तक लागू नहीं किया गया ब्याज | बैंक द्वारा वहन की गई लागत/शुल्क | कुल बकाया |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | CCGEN-CC-GENERAL (06281310000098) | 13,17,14,972.91 | 4,12,61,305 | 15,36,040 | 17,45,12,317.91 |
| 2. | नकद ऋण (12261310000256) | 24,99,055.51 | - | - | 19,17,333.69 |
| 3. | GCLE1- (06281699000060) | 4,22,00,00.00 | 71,26,753 | - | 1,13,46,753 |
| 4. | अवधि ऋण (06283010009929) | 29,13,451.20 | 9,28,132 | - | 38,41,583.20 |
| | **कुल** | **14,13,47,479.62** | **4,93,16,190** | **15,36,040** | **19,16,17,987.80** |

बैंक को देय संभावित धनराशि की अदायगी सुनिश्चित करने के लिए, उधारकर्ता/बंधककर्ता/गारंटर ने 08-11-2021 को निम्नलिखित दस्तावेज़ निष्पादित किए और सुरक्षा हित सृजित किया:
नीचे वर्णित अचल संपत्तियों का बंधक:

| क्र.सं. | बंधक संपत्ति का विवरण | बंधककर्ता |
|---|---|---|
| 1. | खसरा संख्या 1788, मौजा-छाता, तहसील-चिट्टा, जिला मथुरा में स्थित 4880 वर्ग मीटर क्षेत्रफल वाले आवासीय भूखंड का ऋणपत्र श्री अनुपम गुलाटी (गारंटर/बंधककर्ता) के नाम पर। सीमाएँ- उत्तर-अन्य भूमि, दक्षिण-सड़क, पूर्व-खाली भूखंड, पश्चिम-खाली भूमि | |

अतः आपसे वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के अनुसार, आपके द्वारा निष्पादित ऋण दस्तावेजों की शर्तों के अनुसार संविदात्मक दर पर अतिरिक्त ब्याज और शुल्कों सहित 19,16,17,987.8 रुपये (उन्नीस करोड़ सोलह लाख सत्रह हजार नौ सौ अट्ठासी पैसे अस्सी मात्र) की राशि का भुगतान करने और इस सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर अपनी देनदारियों का पूर्ण भुगतान करने का अनुरोध किया जाता है। ऐसा न करने पर, हम उक्त अधिनियम के तहत दिए गए किसी या सभी अधिकारों का प्रयोग करके उपरोक्त प्रतिभूतियों को लागू करने के लिए बाध्य होंगे।
अधिनियम की धारा 13(13) के अनुसार, इस सूचना की प्राप्ति पर आपको बैंक की सहमति के बिना उपरोक्त प्रतिभूतियों का निपटान या लेन-देन करने से रोका/रोका जाता है।
आपका ध्यान सुरक्षित परिसंपत्तियों के मोचन हेतु उपलब्ध समय के संबंध में ।त्थ्।म्प् की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों की ओर आ ष्ट किया जाता है।
**नोट:** आपके संदर्भ के लिए, SARFAESI अधिनियम, 2002 के प्रावधानों के अनुसार धारा 13(2), 13(3), 13(4) के अंतर्गत जारी पूर्व नोटिस और उक्त नोटिसों के संबंध में सभी अनुवर्ती कार्यवाहियाँ पहले ही दिनांक 04-06-25 के पत्र, संदर्भ संख्या OR/DEL/SAMB/145/2025-26 द्वारा वापस ले ली गई हैं।

**भवदीय,**
**प्राधिकृत अधिकारी, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया**

# चुनाव की तैयारियों के लिए सेक्टर मजिस्ट्रेटों को डीएम ने दिए निर्देश

**■ मतदान के दिन की हर परिस्थिति से निपटने को तैयार रहें अधिकारी, बरसात को देखते हुए विशेष सावधानियां बरतने के निर्देश**

**पंचायत चुनाव: डीएम ने कहा- धैर्य, समन्वय और सतर्कता से सम्पन्न कराएं मतदान प्रक्रिया**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन 2025 को सफलतापूर्वक और शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए सोमवार को जिला सभागार, नई टिहरी में जिला मजिस्ट्रेट एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नितिका खण्डेलवाल की अध्यक्षता में सेक्टर मजिस्ट्रेटों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मतदान प्रक्रिया के विभिन्न पहलुओं की विस्तृत समीक्षा करते हुए डीएम ने सभी अधिकारियों को अपने-अपने दायित्वों के प्रति गंभीर और सतर्क रहने के निर्देश दिए।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव अनेक स्तरों पर चुनौतीपूर्ण होते हैं, इसलिए सभी संबंधित अधिकारीदृ एसडीएम, बीडीओ, आरओ, एआरओ, जोनल मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट, पुलिस सेक्टर मजिस्ट्रेट और पीठासीन अधिकारी आपसी समन्वय और निरंतर संपर्क में रहते हुए चुनाव कार्य को निष्पक्ष, व्यवस्थित और धैर्यपूर्वक संपन्न कराएं। उन्होंने बरसात के मद्देनजर जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी को निर्देशित किया कि प्रत्येक तहसील



के कंट्रोल रूम में कम से कम 10-10 तिरपाल की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि आवश्यकता पड़ने पर मतदान स्थलों पर उनका उपयोग किया जा सके।

उन्होंने सेक्टर मजिस्ट्रेटों से कहा कि वे मतदान से पूर्व सभी व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर समय से मतदेय स्थलों पर पहुंचे और मतदान समाप्ति के उपरांत समस्त चुनाव सामग्री जमा करने के बाद ही आरओ की अनुमति से रिलीफ लें। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाए कि यदि किसी मतदान केंद्र पर भारी वर्षा या खराब रास्तों के कारण वापसी में कठिनाई हो, तो संबंधित अधिकारियों से समन्वय कर वहीं रुकें और परिस्थिति अनुकूल होने पर ही अगले दिन सुरक्षित प्रस्थान करें। मतपेटियों की सुरक्षा को लेकर भी विशेष सतर्कता बरतने को कहा गया।बैठक में यह भी अवगत कराया गया कि कुछ मतदेय स्थलों में परिवर्तन किया गया है, जिसकी सूचना का विज्ञापन जारी हो चुका है। एसडीएम, बीडीओ और आरओ को निर्देश दिए गए कि वे इस सूचना को संबंधित क्षेत्रों में चस्पा कराना सुनिश्चित करें। महिला कार्मिकों की ड्यूटी विशेष रूप से उनके निकटवर्ती ब्लॉकों में लगाई गई है और उनके ठहरने की व्यवस्था भी अलग से की गई है।

निर्वाचन कंट्रोल रूम प्रभारी एवं अधिशासी अभियंता लघु सिंचाई बृजेश कुमार गुप्ता ने बैठक में निर्वाचन कंट्रोल रूम के दूरभाष और मोबाइल नंबरों की जानकारी साझा करते हुए कहा कि सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट पार्टी मूवमेंट के दिन तब तक न जाएं जब तक उनके क्षेत्र की सभी पोलिंग पार्टियां रवाना न हो जाएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि मतदान शुरू होने की सूचना सुबह 8 बजे तथा उसके बाद प्रत्येक दो घंटे के अंतराल (10 बजे, 12 बजे, 4 बजे) पर मतदान प्रतिशत की रिपोर्ट और मतदान समाप्ति (5 बजे) के बाद पुरुष, महिला एवं अन्य मतदाताओं का कुल विवरण कंट्रोल रूम को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराया जाए।

बैठक में सीडीओ एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी वरूणा अग्रवाल, डीडीओ मो. असलम, एसडीएम संदीप कुमार, एडीआईओ विजय तिवारी, सहायक समाज कल्याण अधिकारी के.एस. चौहान, डीडीएमओ बृजेश भट्ट समेत संबंधित अधिकारी, जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट भौतिक और वर्चुअल माध्यम से उपस्थित रहे।

# शराब तस्करी पर पुलिस ने कसा शिकंजा, गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** आगामी पंचायत चुनाव को देखते हुए टिहरी जनपद में नशे और अवैध गतिविधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत चंबा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अंग्रेजी शराब की दो पेटियों के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी पुलिस अधीक्षक टिहरी आयुष अग्रवाल के निर्देश पर चलाए जा रहे सतत चेर्. कंग और निगरानी अभियान के अंतर्गत की गई।

पुलिस की मीडिया सेल से प्राप्त जानकारी के अनुसार, चंबा थाना पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति संदिग्ध रूप से शराब की तस्करी कर रहा है। इस सूचना के आधार पर तुरंत कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने राकेश बेलवाल पुत्र रामानंद, निवासी कांडा खोली, सुरसिंहधार थाना नई टिहरी को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 90 पव्वे अंग्रेजी शराब बरामद किए गए, जिन्हें वह अवैध रूप से ले जा रहा था।

पुलिस ने आरोपी को मौके पर गिरफ्तार कर उसके खिलाफ संबंधित धाराओं के अंतर्गत आबक. ारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर विधिक कार्यवाही प्रारंभ कर दी है। पुलिस का कहना है कि पंचायत चुनाव को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए ऐसे अभियानों को लगातार जारी रखा जाएगा।

टिहरी पुलिस की इस कार्रवाई को स्थानीय प्रशासन और आम जनता द्वारा सराहा जा रहा है, क्योंकि इससे चुनावी माहौल को स्वच्छ और नियंत्रित बनाए रखने में मदद मिलेगी।

# मानसूनी बारिश ने मचाया तांडव, बद्रीनाथ हाईवे पर टूटी चट्टान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** मानसूनी बारिश ने आफत मचाकर रख दी है। बद्रीनाथ हाईवे के जगह-जगह पहाड़ी टूट रही है, जिस कारण राजमार्ग बाधित हो रहा है और हजारों की संख्या में यात्री हाईवे में फंस रहे हैं। यात्रियों के लिए हाईवे पर खाने-पीने की कोई व्यवस्था नहीं की जा रही है, जिससे तीर्थयात्री यहा-वहां भटक कर परेशान हो रहे हैं और उनमें प्रशासन, शासन और सरकार के खिलाफ आक्रोश देखने को मिल रहा है।

बीती रविवार देर रात से रुद्रप्रयाग जिले में बारिश जारी है। बारिश के कारण एक बार फिर से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। बारिश का सबसे बुरा असर बद्रीनाथ हाईवे पर पड़ रहा है। हाईवे के जगह-जगह नये-नये लैंडस्लाइड जोन उभर आए हैं, जिस कारण चमोली व रुद्रप्रयाग जिले की जनता के साथ



ही देश-विदेश से चारधाम यात्रा में पहुंच रहे श्रद्धालु खासे परेशान हैं। सोमवार सुबह करीब चार बजे बद्रीनाथ हाईवे सिरोबगड़ में बंद हो गया, जबकि नौ बजे करीब खांकरा के पास भी राजमार्ग बंद हो गया। हाईवे के सिरोबगड़ में तीन दशक से पहाड़ी से भूस्खलन हो रहा है, जबकि खांकरा के पास नया लैंडस्लाइड जोन उभर आया है। एनएच विभाग की ओर से हाईवे को खोलने के लिए दो जेसीबी मशीने लगाई गई, लेकिन पहाड़ी से लगातार हो रहे भूस्खलन के चलते कार्य करने में दिक्कतें हुई। राजमार्ग के सिरोबगड़ में पहाड़ी से आए मलबे और बोल्डर को प्रातः साढ़े नौ बजे के करीब हटाया गया, जबकि खांकरा के पास चट्टान टूटने से राजमार्ग करीब दोपहर दो बजे तक बंद रहा। यहां पर बड़े-बड़े बोल्डर आने से राजमार्ग को साफ करने में एनएच विभाग की जेसीबी मशीनों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी।

वहीं राजमार्ग बंद होने से चारधाम यात्रा में आने वाले श्रद्धालुओं के साथ ही रुद्रप्रयाग और चमोली की जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। उन्हें पानी और खाने के लिए यहां-वहां भटकना पड़ा। चारधाम यात्रा पर आए श्रद्धालुओं ने कहा कि स्थानीय प्रशासन को राजमार्ग के लैंडस्लाइड एरिया में पोकलैंड मशीन को तैनात करना चाहिए। जेसीबी मशीन की मदद से मलबा और बोल्डर हटाने में समय लग रहा है, जिस कारण तीर्थयात्रियों को भारी मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है। सामाजिक कार्यकर्ता बृजेश भट्ट, नरेन्द्र ममगांई, संदीप रतूड़ी ने कहा कि खांकरा से धारी देवी के बीच बद्रीनाथ हाईवे के जगह-जगह भूस्खलन हो रहा है। राजमार्ग पर पहाड़ टूटने से अफरा-तफरी का माहौल पैदा हो रहा है। सोमवार सुबह खांकरा के पास चट्टान टूटने से कांवड़िए यात्रियों ने किसी तरह अपनी जान को बचाया। इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। उन्होंने कहा कि नेशनल हाईवे के भूस्खलन प्रभावित एरिया के समाधान को लेकर बनाए जा रहे पपड़ासू-खांकरा बाईपास का निर्माण कार्य भी आज तक पूरा नहीं हो पाया है। लगभग तीन सालों से बाईपास का निर्माण कार्य बंद पड़ा है।

इधर, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नन्दन सिंह रजवार ने बताया कि बद्रीनाथ हाईवे पर रुद्रप्रयाग और श्रीनगर के बीच नये-नये स्लाइड जोन उभर आए हैं। राजमार्ग पर एनएच विभाग ने जेस. ीबी मशीने तैनात की हैं, जो समय पर मलबा और बोल्डर हटाकर हाईवे को खोलने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने तीर्थयात्रियों से अपील की कि वे मौसम को देखते हुए ही अपनी यात्रा करें।

# बेस चिकित्सालय में मनोरोग विभाग की व्यवस्था : डॉ. रावत

**श्रीनगर।** राजकीय मेडिकल कॉलेज श्रीनगर के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राकेश रावत ने बताया कि चिकित्सालय में मनारोग विभाग संचालित किया जा रहा है। यदि एमबीबीएस के किसी भी छात्र या छात्रा को मानसिक रूप से समस्या उत्पन्न होती है तो वह खुद ही मनोरोग में पहुंचकर परामर्श लेते है। बताया कि एमबीबीएस या पीजी कोर्स कर रहें छात्रों की समय-समय पर विभाग के शिक्षकों द्वारा समस्याओं को लेकर पुछताछ की जाती रही है। बताया कि अभी तक किसी भी छात्र-छात्राओं के ओर से किसी भी प्रकार की मानसिक उत्पीड़न की शिकातय नहीं मिली है। सभी जगह नेशनल मेडिकल कांउसिल की गाइडलाइन का पालन किया जा रहा है।

## एक नजर .......

### लगातार हो रही बारिश के कारण कोटद्वार - दुगड्डा मार्ग रहा दो घंटे बंद

**कोटद्वार ।** नगरनिगम कोटद्वार व कोटद्वार से सटे ग्रामीण इलाकों में रविवार देर रात से हुई मूसलाधार बारिश के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग 534 कोटद्वार और दुगड्डा के बीच आमसौड़ में सुबह चार बजे के लगभग बोल्डर गिरने से बंद हो गया।एक ओर जहां बारिश ने क्षेत्रीय लोगों को उमस से निजात दिलाई, वहीं राजमार्ग के बाधित हो जाने के कारण दोनों ओर से गाड़ियों की लंबी लाइनें लग गई। सूचना मिलने पर पहुंची जेसीबी से बोल्डर हटाकर रास्ता खोला गया। इस दौरान गाड़ियों में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। सुबह चार बजे से बंद मोटर मार्ग को दो घंटे बाद वाहनों के आवागमन के लिए खोल दिया गया।

### एलयूसीसी सदस्यों का तहसील में धरना जारी

**कोटद्वार।** द लोनी अरबन मल्टी स्टेट क्रेडिट एंड थ्रिफ्ट को-ऑपरेटिव सोसाइटी के सदस्यों ने शासन प्रशासन से कंपनी में अपनी डूबी हुई रकम को दिलाने की मांग को लेकर सोमवार को लगातार 15 वें दिन तहसील परिसर में धरना प्रदर्शन किया। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सोमवार को एलयूसीसी के सदस्य तहसील में एकत्र हुए और प्रदर्शन किया। इसमें सुरेश नेगी, प्रीति रावत, बिरेंद्र सिंह,जयपाल सिंह रावत, हरेंद्र सिंह, राजव. ीर सिंह, जयपाल सिंह राणा, बिजेंद्र सिंह रावत, सुनीता रावत, कल्पना पटवाल, इंदू कोटनाला, मीनाक्षी, राजेंद्र सिंह, सुरेंद्र आदि शामिल रहे।

### प्रवेश की अंतिम तिथि 31 जुलाई तक बढ़ी

**कोटद्वार ।** नगरनिगम कोटद्वार के गोविंद नगर स्थित शिक्षण एवं मार्गदर्शन केंद्र में एक जुलाई से शुरू होने वाले व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम में अभ्यर्थियों की संख्या कम होने के कारण प्रवेश की अंतिम तिथि 31 जुलाई तक बढ़ा दी गई है। यह प्रशिक्षण अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ी जाति और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के छात्रों के लिए है, जिसमें टंकण, आशुलिपि, कंप्यूटर, सामान्य हिंदी व अंग्रेजी की शिक्षा दी जाएगी। न्यूनतम योग्यता इंटरमीडिएट या समकक्ष है। साक्षात्कार 31 जुलाई को होगा और अभ्यर्थियों को अपने मूल प्रमाण पत्र लाने होंगे।

### थराली पुलिस की बड़ी कर्रवाई, गुंडा एक्ट में पवन सिंह उर्फ हवा सिंह को किया गया तड़ीपार



एंकर / चमोली आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को शांतिपूर्वक ,निष्पक्ष को और भय मुक्त करने के लिए चमोली पुलिस लगातार आपराधिक प्रवृत्ति के अभियुक्तों की तलाश में जुटी में जुटी है .और लगातार उन पर कार्रवाई भी कर रही है. थराली थाना पुलिस ने आपराधिक प्रवर्ति करने वाले पर कड़ी कार्रवाई की है.जिससे कि क्षेत्र में चुनाव शांतिपूर्वक संपन्न किया जाए और किसी भी तरह का चुनाव में अपराधिक गतिविधियां न हो जिसको लेकर पुलिस मुस्तैद है। वही हम बात करें चमोली पुलिस ने पंचायती चुनाव के मध्य नजर आपराधिक प्रवर्ति के अभियुक्त पर एक बड़ा एक्शन करते हुए पुलिस ने पवन सिंह उर्फ हवा सिंह पुत्र राम सिंह रावत निवासी गुडम स्टेट तलवाड़ी को थराली पुलिस ने गुंडा एक्ट में तड़ीपार ( जिला बदर) किया गया हवा सिंह का आपराधिक इतिहास क्षेत्र में शांति व्यवस्था के लिए खतरा ,और चुनाव के दौरान गड़बड़ी फैलाना की आशंका को देखते हुए थराली पुलिस द्वारा यह कार्रवाई की गई अभियुक्त को ग्वालदम बॉर्डर से चमोली की सीमा से बाहर कर बागेश्वर जनपद में भेजा गया थानाध्यक्ष पंकज कुमार ने बताया कि पंचायत चुनाव को निष्पक्षता , कानून व्यवस्था में प्रभावित करने वाले आपराधिक प्रवर्ति के लोगों पर कार्रवाई जारी है निष्पक्ष और शांतिपूर्वक चुनाव संपन्न कराये जायेंगे

# छात्रों की निगरानी के लिए छात्रावासों में रखे गए केयर टेकर

**श्रीनगर।** राजकीय मेडिकल कॉलेज के अलकनंदा होस्टल के छात्रावास अधीक्षक एवं पूर्व चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजेय विक्रम सिंह ने बताया कि छात्रों की निगरानी के लिए छात्रावासों में सीसीटीवी कैमरे लगाये गये है। जबकि छात्रों की समस्या का समाधान करने के लिए केयर टेकर रखे गये है, जो कि समय-समय पर छात्रों पर निगरानी बनाएं रखते है। बताया कि छात्रावासों में समय-समय पर औचक निरीक्षण भी किया जा रहा है।

# आपदा की स्थिति में मतदान तिथियों में होगा परिवर्तन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चमोली।**जनपद चमोली में आपदा की स्थिति में मतदान की तिथियों में परिवर्तन किया जाएगा। जनपद में त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों के सफल संचालन के लिए राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से निर्देश जारी कर दिए गए हैं। जिसके तहत मतदान क्षेत्र में आपदा, भारी वर्षा, भूस्खलन या किसी अन्य प्राकृतिक अथवा मानवीय कारण से निर्धारित तिथि को मतदान करवाना संभव न होने की स्थिति में, ऐसे मतदान केंद्रों पर पुनः मतदान कराया जाएगा।

राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से जारी निर्देशों के अनुसार आपदा के चलते मतदान न होने पर प्रथम चरण का मतदान पूर्व निर्धारित तिथि 24 जुलाई को न होने की स्थिति में पुनः मतदान 28 जुलाई, को कराया जाएगा। जबकि द्वितीय चरण के मतदान हेतु निर्धारित तिथि 28 जुलाई को मतदान बाधित होने पर पुनः मतदान 30 जुलाई को करवाया जाएगा। पुनः मतदान का समय प्रातः 8 बजे से सायं 5 बजे तक रहेगा। आयोग की ओर से मौसम की स्थिति पर विशेष निगरानी रखने और भारी वर्षा और आपदा की संभावना वाले क्षेत्रों की शीघ्र पहचान कर वहाँ पुनः मतदान की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं।

# चुनाव को लेकर एसपी ने की पुलिस बल की समीक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** जनपद में पंचायत चुनाव को संपंन कराने को लेकर एसपी ने चुनाव ड्यूटी के लिए लगाए गए पुलिस बल की समीक्षा करते हुए क्यूआरटी व रिजर्व के पुलिस बल को संबंधित थाना क्षेत्रों में उपलब्ध रखे जाने के निर्देश दिए। ताकि चुनाव शांतिपूर्ण एवं निर्विघ्न रूप से संपंन हो सके। पुलिस कार्यालय कक्ष में पुलिस अधीक्षक अक्षय प्रल्हाद कोंडे ने थाना प्रभारियों, शाखा प्रभारी, प्रतिसार निरीक्षक, यातायात निरीक्षक, निरीक्षक अभिसूचना, पुलिस दूरसंच. ार, फायर सर्विस के साथ बैठक की।

एसपी ने आदर्श आचरण संहिता की तिथि से थानावार की गई निरोधात्मक कार्यवाही की समीक्षा की। शस्त्र



लाइसेन्स धारकों के जमा शस्त्रों पर संतुष्टि प्रकट की। एसपी ने क्यूआरटी व रिजर्व के पुलिस बल को संबंधित थाना क्षेत्रों में उपलब्ध रखे जाने के निर्देश दिए। प्रभारी चुनाव प्रकोष्ठ को लगाए जाने वाले पुलिस बल का विवरण तथा आगामी दिवसों के लिए ब्रीफिंग एवं पुलिस बल का मूवमेंट प्लान तैयार कर तदनुसार समस्त पुलिस बल को समय से सूचित कराए जाने के निर्देश दिए। सभी प्रभारियों को चुनाव की संवेदनशीलता के दृष्टिगत शांतिपूर्ण एवं कुशल ढंग से चुनाव कराए जाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर यातायात निरीक्षक श्याम लाल, प्रभारी प्रतिसार निरीक्षक दमयंती गरोड़िया, निरीक्षक अभिसूचना मनोज बिष्ट, एसएचओ रुद्रप्रयाग मनोज नेगी, एसओ अगस्त्यमुनि महेश रावत, अग्निशमन अधिकारी गणनाथ सिंह बिष्ट समेत कई थाना प्रभारी उपस्थित थे।

# सावन के पहले सोमवार पर भक्तों की उमड़ी भीड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** सावन के पहले सोमवार पर भारी बारिश के बावजूद सुबह से ही नगर क्षेत्र के शिवालयों में जल चढ़ाने को लेकर भक्तों में उत्साह दिखा। इस दौरान भक्त लंबी लाइनों में खड़े होकर जलाभिषेक करने के लिये इंतजार करते भी दिखे। नगर के कमलेश्वर महादेव मंदिर, नागेश्वर महादेव मंदिर, कटकेश्वर महादेव और चौरास क्षेत्र स्थित किलकिलेश्वर महादेव मंदिर में दूध, जल और बेल पत्र के साथ जलाभिषेक करने के लिये शिव भक्तों का तांता देर शाम तक जारी रहा। सुबह से जारी बारिश के बाद भी श्रद्धालु अपने घरों से निकलकर शिव मंदिरों में दूर-दराज से दर्शनों को पहुंचे।कमलेश्वर महादेव मंदिर के महंत आशुतोष पुरी महाराज ने बताया कि पहले सोमवार के शुभ अवसर पर सुबह चार बजे से ही मंदिर में दर्शनों के लिए भक्तों की भीड़ नजर आई। बच्चे, पुरुष, महिलाएं और बुजुर्ग बड़ी तादात में शिवालयों में जलाभिषेक और आशीर्वाद लेने के लिए पहुंचे। बताया कि दर्शन के लिए मंदिर परिसर से मुख्य मार्ग तक लगी लंबी कतार में भी बम बम भोले के जयकारों से भक्तों ने माहौल भक्तिमय बनाये रखा।

# एमडी की छात्रा ने पंखे से लटककर की आत्महत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** वीर चंद्र सिंह गढ़वाली आयुर्विज्ञान शोध संस्थान श्रीनगर में मेडिकल एमएडी कर रही एक छात्रा ने पंखे पर लटकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर दी। मृतक छात्रा की पहचान आकृति श्रेया (27) पुत्री अशोक कुमार, दुर्गा इन्क्लेव बरदवान, निकट होली क्रास स्कूल के पास लाल पुर रांची, झारखंड के रूप में हुई है। छात्रा एनाटॉमी विभाग की पीजी प्रथम वर्ष में अध्ययनरत थी।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्डम के लिए भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मेडिकल कॉलेज के अलकनंदा छात्रावास में रह रही छात्रा जब सेमिनार में नहीं पहुंची तो विभाग के शिक्षकों ने इसकी सूचना चिकित्सा अधीक्षक को दी।

जिसके बाद चिकित्सा अधीक्षक ने छात्रावास के केयर टेकर को फोन कर छात्रा के बारे में जानकारी जुटाने को कहा। अपरान्ह 1 बजे के करीब केयर टेकर छात्रावास के कमरा नम्बर 48 में पहुंचा तो कमरा अंदर से बंद पड़ा मिला। संशय होने पर केयर टेकर ने इसकी सूचना चिकित्सा अधीक्षक को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राकेश रावत और एनाटॉमी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अनील द्विवेदी छात्रावास पहुंचे। जहां छात्रा का तभी भी बंद पड़ा मिला। इसकी सूचना तुरंत श्रीकोट चौकी को दी गई।

मौके पर पहुंची पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद कमरे का दरवाजा तोड़ कर अंदर घुसे। महिला थाना प्रभारी श्रीनगर संध्या नेगी ने बताया कि कमरे के अंदर छात्रा चादर के सहारे पंखे से लटकी मिली। बताया कि छात्रा के कमरे से किसी भी प्रकार का कोई सोसाइट नोट भी बरमाद नहीं हुआ है। इस दौरान छात्रा का फोन में लगातर घर से कॉल आ रहें थे। बताया कि इसकी जानकारी को परिजनों को भी दे दी गई है।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक जयपाल सिंह नेगी ने बताया कि छात्रा के फोन को कब्जे में ले लिया गया है। जबकि कमरे को सीज कर शव को पोस्टमार्डम के लिए मेडिकल कॉलेज के शवगृह में भेज दिया गया है। बताया कि परिजनों से पुछताछ और जांच के बाद ही आत्महत्या की स्थिति स्पष्ट हो पायेंगी।

# लघु फिल्मों की प्रतियोगिता को एनएचआरसी ने मांगी प्रविष्टियां

**■ राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की ओर से लघु फिल्म प्रतियोगिता 2025 की घोषणा, टिहरी प्रशासन ने की भागीदारी की अपील मानवाधिकारों को लेकर जागरूकता बढ़ाने की पहल, विजेताओं को मिलेंगे नकद पुरस्कार और प्रमाणपत्र**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** जिला प्रशासन टिहरी गढ़वाल ने जानकारी दी है कि राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) भारत द्वारा आयोजित की जा रही मानवाधिकार आधारित लघु फिल्म प्रतियोगिता-2025 के लिए प्रविष्टियां आमंत्रित की गई हैं। यह प्रतियोगिता आयोग द्वारा पहली बार वर्ष 2015 में शुरू की गई थी और अब इसके 11वें संस्करण के तहत वर्ष 2025 के लिए देशभर के सभी आयु वर्ग के नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

इस प्रतियोगिता का उद्देश्य मानवाधिकारों के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना और सामा. जिक सरोकारों पर आधारित रचनात्मक प्रस्तुतियों को प्रोत्साहित करना है। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार के रूप में 2 लाख रुपये, द्वितीय पुरस्कार के लिए 1 लाख 50 हजार रुपये तथा तृतीय पुरस्कार के लिए 1 लाख रुपये की नकद राशि निर्धारित की गई है। इसके अतिरिक्त, निर्णायक मंडल द्वारा अनुशंसित अधिकतम चार लघु फिल्मों को 'विशेष उल्लेख प्रमाणपत्र' के साथ 50-50 हजार रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान किए जाने पर भी विचार किया जाएगा।

प्रतियोगिता के लिए बनाई जाने वाली लघु फिल्में हिंदी या किसी भी भारतीय भाषा में हो सकती हैं, लेकिन उनमें अंग्रेजी उपशीर्षक होना अनिवार्य है। फिल्म की अवधि कम से कम 3 मिनट और अधिकतम 10 मिनट होनी चाहिए। इच्छुक प्रतिभागी अपनी प्रविष्टियां 31 अगस्त, 2025 तक आयोग को भेज सकते हैं।

जिला कार्यालय टिहरी के प्रभारी अधिकारी ने सभी नागरिकों, संस्थानों और युवाओं से इस प्रतियोगिता में भाग लेने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यह अवसर न केवल रचनात्मकता को प्रस्तुत करने का है, बल्कि मानवाधिकारों की रक्षा एवं जागरूकता के लिए एक सकारात्मक संदेश देने का माध्यम भी है। साथ ही उन्होंने आमजन से प्रतियोगिता के प्रचार-प्रसार और अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित करने की अपेक्षा जताई है।

# 17 शिवभक्तों का सकुशल रेस्क्यू

**नई टिहरी।** कांवड़ मेले के दौरान टिहरी जनपद में तैनात जल पुलिस और आपदा राहत दल की सतर्कता और मुस्तैदी ने एक बार फिर जीवन रक्षक की भूमिका निभाई। बीती 11 जुलाई से 19 जुलाई 2025 के बीच गंगा घाटों पर स्नान के दौरान गंगा की तेज लहरों में फंसे 17 शिवभक्तों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। ये सभी श्रद्धालु विभिन्न प्रदेशों से कांवड़ यात्रा के दौरान गंगा स्नान के लिए पहुंचे थे और अचानक तेज बहाव की चपेट में आ गए थे।एसएसपी टिहरी गढ़वाल आयुष अग्रवाल ने बताया कि पुलिस प्रशासन और राहत दल ने पूरी टीम भावना से कार्य करते हुए कांवड़ यात्रा को सुरक्षित और सफल बनाने का संकल्प लिया है।

# बारिश और भीड़ के बीच टिहरी में कांवड़ ड्यूटी पर पुलिस सतर्क, एसएसपी ने किया क्षेत्रीय भ्रमण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** जनपद टिहरी गढ़वाल में सावन के दूसरे सोमवार के अवसर पर हो रही भारी बारिश और कांवड़ियों की भारी भीड़ के बीच टिहरी पुलिस पूरी मुस्तैदी से ड्यूटी में जुटी रही। कांवड़ यात्रा की संवे. दनशीलता और सोमवार को डाक कांवड़ियों की अत्यधिक संख्या को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आयुष अग्रवाल ने तड़के ही टिहरी के कांवड़ मार्गों का स्वयं निरीक्षण किया।

एसएसपी ने नीरगड्डू से लेकर भद्रकाली, लोनिवि तिराहा, तपोवन, अंजनी पुल, डालवाला, कैलाश गेट जैसे प्रमुख क्षेत्रों का दौरा कर सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था की बारीकी से समीक्षा की। उन्होंने पुलिस टीम को निर्देशित किया कि कांवड़ियों की सुरक्षित आवाजाही के लिए किसी भी स्तर पर कोई ढिलाई न बरती जाए। डाक कांवड़ियों की तेज गति और लगातार बढ़ती संख्या के चलते अतिरिक्त सतर्कता बनाए रखने की आवश्यकता पर उन्होंने विशेष बल दिया।

निरीक्षण के दौरान टिहरी पुलिस के जवान पूरी तत्परता और सजगता के साथ अपनी ड्यूटी निभाते नजर आए। जगह-जगह पुलिस बल की तैनाती, बैरिकेडिंग, ट्रैफिक नियंत्रण और भीड़ प्रबंधन के उपायों को देखकर एसएसपी ने संतोष व्यक्त किया और तैनात कार्मिकों का उत्साहवर्धन किया।

इस मौके पर क्षेत्राधिकारी सुरेंद्र सिंह भंडारी, ओशिन, प्रदीप चौहान, नदीम अतहर, उमा दत्त सेमवाल, टीकम सिंह चौहान सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मी भी उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर पूरे कांवड़ मार्ग पर कानून व्यवस्था और श्रद्धालुओं की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए समन्वित प्रयास किए।

एसएसपी ने आमजन और श्रद्धालुओं से भी अपील की कि वे प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें और सावधानीपूर्वक यात्रा करें।

# डॉ.रावत ने परखी दून व कोरोनेशन अस्पताल की व्यवस्थाएं

## स्वास्थ्य मंत्री ने अस्पतालों की व्यवस्थाओं को देखा, कमियों को शीघ्र दूर करने की हिदायत

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** सूबे के चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने सोमवार को देहरादून स्थित पंडित दीन दयाल उपाध्याय जिला अस्पताल (कोरोनेशन) और राजकीय दून मेडिकल कॉलेज से संबद्ध दून अस्पताल का औचक निरीक्षण किया।

**■ मरीजों को गुणवत्ता परक उपचार व साफ सफाई के दिए निर्देश**



निरीक्षण के दौरान मंत्री डॉ. रावत ने अस्पताल के विभिन्न वार्डों का भ्रमण कर मरीजों एवं उनके परिजनों से बातचीत की और उन्हें मिल रही स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने अस्पताल प्रशासन को साफ-सफाई, स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता एवं मरीजों को सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। कोरोनेशन अस्पताल में डॉ. रावत ने अधिकारियों को अस्पताल परिसर में प्रमुख स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी के लिए सूचना पट्ट व फ्लैक्स लगाने के निर्देश दिये ताकि आमजन को स्वास्थ्य सुविधाओं की सही जानकारी मिल सके।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न वार्डों में जाकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और कमियों को शीघ्र दूर करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। इसके बाद उन्होंने दून अस्पताल का भी निरीक्षण किया, जहां उन्होंने मरीजों का हालचाल पूछा और आयुष्मान योजना के अंतर्गत मिल रही सुविधाओं की भी जानकारी ली।

डॉ. रावत ने दून मेडिकल कॉलेज प्रशासन को अस्पताल परिसर में सफाई की स्थिति को और बेहतर करने के निर्देश दिये साथ ही मरीजों को बेहतर उपचार सुनिश्चित करने को कहा। स्वास्थ्य मंत्री ने दोनों अस्पतालों में तीमारदारों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं और संतुष्टि का फीडबैक लिया और त्वरित समाधान के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिये।

# धर्मांतरण के मामलों में वृद्धि सरकार की निष्क्रियता का प्रमाणः दसौनी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड में धर्मांतरण के मामलों में बीते ढाई वर्षों में हुई बढ़ोतरी पर कांग्रेस ने सरकार को घेरा है। उत्तराखंड कांग्रेस की मुख्य प्रवक्ता गरिमा मेहरा दसौनी ने सोमवार को प्रदेश मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि 2020 से 2022 तक जहां केवल 11 मामले दर्ज हुए, वहीं 2023 से जुलाई 2025 तक के ढाई साल में यह संख्या बढ़कर 42 हो गई यानी चार गुना से भी अधिक। यह स्थिति अपने आप में राज्य की कानून व्यवस्था और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के प्रशासन की नाकामी को उजागर करती है।

गरिमा ने कहा कि यह आंकड़े इस बात का सबूत हैं कि कड़ा कानून लाने के बावजूद सरकार उसे लागू करने में पूरी तरह असफल रही है। दसौनी के अनुसार देहरादून जैसे संवेदनशील जिलों में 18 से अधिक मामले दर्ज होना यह दर्शाता है कि यह सिर्फ कानून का उल्लंघन नहीं, बल्कि प्रशासनिक ढीलेपन और राजनीतिक संरक्षण का भी मामला है।

# सरकारी कर्मचारियों के खरीदारी करने का आदेश तुगलकी फरमानः कांग्रेस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड सरकार की ओर से जारी उस आदेश को लेकर प्रदेश कांग्रेस ने कड़ा विरोध दर्ज कराया है, जिसमें राज्य के सरकारी कर्मचारियों को 5000 से अधिक की कोई भी वस्तु खरीदने या जमीन लेने से पहले अपने विभागाध्यक्ष को सूचना देना अनिवार्य किया गया है।

प्रदेश कांग्रेस महामंत्री नवीन जोशी ने इस आदेश को तानाशाहीपूर्ण, अव्यावहारिक और कर्मचारी विरोधी करार देते हुए कहा कि यह न केवल कर्मचारियों की निजी स्वतंत्रता और आत्मसम्मान पर आघात है, बल्कि यह दर्शाता है कि सरकार को अपने ही कर्मचारियों पर भरोसा नहीं रहा।

### क्या कर्मचारी अब टीवी, फ्रिज खरीदने के लिए भी मांगे इजाजत

जोशी ने तंज कसते हुए कहा कि क्या अब एक सरकारी कर्मचारी को अपनी मेहनत की कमाई से टीवी, फ्रिज या मोबाइल फोन खरीदने के लिए भी अधिकारी से इजाजत लेनी पड़ेगी? यह आदेश सीधे-सीधे कर्मचारियों की व्यक्तिगत स्वतंत्रता में दखल देने जैसा है। प्रदेश कांग्रेस ने सरकार से यह भी पूछा है, क्या यह आदेश केवल निचले स्तर के कर्मचारियों पर ही लागू होगा? क्या यही पारदर्शिता मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों पर भी लागू होगी? जोशी ने कहा कि यदि यह नियम शीर्ष स्तर पर लागू नहीं होता, तो यह सरकार की दोहरी नीति और पाखंड को उजागर करता है। क्या पारदर्शिता और जवाबदेही की शुरुआत सरकार के सर्वोच्च पदों से नहीं होनी चाहिएप्रदेश कांग्रेस ने इस आदेश को तुरंत रद्द करने की मांग की है और चेताया है कि यदि सरकार ने इस फरमान को वापस नहीं लिया, तो पार्टी इस मुद्दे को जोरशोर से जनता के बीच उठाएगी।

## कारगिल विजय दिवस को लेकर तैयारियों की ली जानकारी

**देहरादून।** सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी से उनके कैंप कार्यालय में सैनिक कल्याण निदेशक ब्रिगेडियर (सेनि) अमृत लाल ने भेंट कर कारगिल विजय दिवस (शौर्य दिवस) कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया। इस दौरान सैनिक कल्याण मंत्री ने 26 जुलाई को गांधी पार्क, देहरादून में आयोजित होने वाले विजय दिवस के कार्यक्रम की सभी तैयारियों की जानकारी भी ली और अधिकारियों को समय पर कार्यक्रम से संबंधित तैयारियों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी मुख्य अतिथि प्रतिभाग करेंगे, जिसमें कारगिल शहीदों को श्रद्धांजलि दी जाएगी और शहीदों के परिजनों को सम्मानित किया जाएगा।

# कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग ने लगाई अंबेडकर चौपाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** कांग्रेस उत्तराखंड में जिला व ब्लॉक स्तर पर अंबेडकर चौपाल लगाकर राज्य भर के वंचित शोषित अनुसूचित जाति व पिछड़े वर्ग के लोगों को लामबंद कर उनके अधिकारों के लिए संघर्ष करेगी। यह निर्णय सोमवार को देहरादून के डीएल रोड सामुदायिक भवन में पहली अंबेडकर चौपाल में लिया गया।



**■ वंचित समाज के अधिकारों के लिए प्रदेश भर में आयोजित होगी चौपालें ■ भाजपा वंचित समाज की सबसे बड़ी दुश्मनः धस्माना**

इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संगठन सूर्यकांत धस्माना ने अपने संबोधन में भाजपा पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि वंचित शोषित अनुसूचित जाति और पिछड़ी जातियों की सबसे बड़ी दुश्मन भारतीय जनता पार्टी है जो जब भी सत्ता में आती है तो सबसे पहला हमला इन्हीं वर्गों पर करती है और उसका उदाहरण प्रदेश में मलिन बस्तियों को उजाड़ने की योजना है। धस्माना ने कहा कि कभी हाईकोर्ट की आड़ में मलिन बस्तियों को उजाड़ने की साजिश तो कभी एलिवेटेड रोड के नाम पर हजारों गरीबों के घरों को तोड़ने की योजना यह भाजपा के राज में ही होता है। कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग अध्यक्ष मदन लाल ने कहा कि उनके विभाग का पूरे प्रदेश में गठन अंतिम दौर में है और उन्होंने यह संकल्प लिया कि राज्य के शोषित वंचित वर्ग की लड़ाई अब सड़कों पर चौपाल लगा कर की जाएगी। महानगर कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. जसविंदर सिंह गोगी ने बतौर विशिष्ट अतिथि कहा कि यह खुशी की बात है कि प्रदेश में कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग की चौपालों के कार्यक्रम का शुभारंभ राजधानी देहरादून से किया गया। चौपाल के आयोजक कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग महानगर अध्यक्ष करण घाघट ने कहा कि उनका सौभाग्य है कि राज्य की पहली अंबेडकर चौपाल आयोजित करने की जिम्मेदारी उनको दी गई जो सफल रही। चौपाल का संचालन धर्मपाल ने किया। इस अवसर पर पार्षद डॉ. अरविंद सिंह, मोनिका, चंद्रपाल, किशोर उनियाल, गगन छाछड़, आदर्श सूद, अशोक कुमार, नोहर सिंह, अक्षय नागलिया, कैलाश प्रधान, विनोद कुमार, ईशम सिंह, गोपाल सूद व नीलम देवी आपदि उपस्थित रहे।

# स्वच्छता सर्वेक्षण में अच्छे प्रदर्शन वाले नगर निकाय होंगे प्रोत्साहित

## शहरी विकास की समीक्षा करते हुए सीएम धामी ने बताई जरूरत



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** शहरी विकास विभाग की गेम चेंजर योजनाओं की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को सचिवालय में कहा कि राज्य के सभी नगरीय क्षेत्रों में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाय। स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करते हुए इस काम में जनसहभागिता भी सुनिश्चित की जाय। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्वच्छता सर्वेक्षण में अच्छा प्रदर्शन करने वाले नगर निकायों को प्रोत्साहित किया जाय। मुख्यमंत्री ने कहा कि शहरी क्षेत्रों में स्वच्छता के साथ ही स्ट्रीट लाईट, सीवर लाईन, पार्किंग व्यवस्था, ट्रैफिक प्रबंधन, ई-वेस्ट के निस्तारण सहित नागरिक सुविधाओं की समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जांय। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को नगर निकायों के राजस्व बढ़ाने के लिए नवाचार को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्रों में नए पार्कों के निर्माण के साथ ही पुराने पार्कों के सौंदर्यीकरण व बेहतर रख-रखाव पर भी विशेष ध्यान दिया जाय। शहरी विकास विभाग के अधीन संचालित 90 प्रतिशत केन्द्रीय सहायता वाली योजनाओं पर प्राथमिकता से कार्य किया जाय। बैठक में अवस्थापना अनुश्रवण परिषद के उपाध्यक्ष विश्वास डावर, मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन, प्रमुख सचिव आर.के. सुधांशु, आर. मीनाक्षी सुंदरम, सचिव श्रीधर बाबू अद्धांकि, अपर सचिव गौरव कुमार, सी.पी.पी.जी.जी. के अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी मनोज पंत एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### देवभूमि रजत जयंती पार्क हो रहे विकसितः नितेश

सचिव शहरी विकास नितेश झा ने बताया कि प्रदेश के विभिन्न शहरों में आधुनिक सुविधाओं से युक्त देवभूमि रजत जयंती पार्क विकसित किए जा रहे हैं। इन पार्कों में योग, वॉक और ओपन जिम की सुविधा भी होगी। 9 नवंबर 2026 तक सभी पार्क बनकर तैयार हो जाएंगे। नगर क्षेत्रों में प्रतिवर्ष पचास लाख लीटर वर्षा जल संचयन करने की योजना पर कार्य किया जा रहा है। राज्य के सभी 11 नगर निगमों में केंद्रीयकृत नियंत्रण व प्रबंधन प्रणाली के माध्यम से स्ट्रीट लाइट प्रबंधन की व्यवस्था की जा रही है।

# डिजिटल उत्तराखंड प्लेटफॉर्म पर जल्द चलेंगी गेम चेंजर योजनाएं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** 'डिजिटल उत्तराखंड' के एकीकृत प्लेटफॉर्म के माध्यम से नागरिक सेवाओं को सरल, सुविधाजनक और पारदर्शी उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए तय रोडमैप के अनुसार प्रभावी व समयबद्ध कार्यवाही करने के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि गुड गवर्नेंस के लिए राज्य सरकार की इस महत्वपूर्ण गेमचेंजर डिजिटल पहल को सफल बनाने के लिए सभी संबंधित विभाग तत्परता से कार्यवाही सुनिश्चित करें।

**■ गुड गवर्नेंस के लिए राज्य की पुष्कर धामी सरकार की पहल**

गेम चेंजर योजनाओं को लेकर सचिवालय में आयोजित बैठक में मुख्यमंत्री ने डिजिटल उत्तराखंड प्लेटफॉर्म के क्रियान्वयन की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य को डिजिटल युग की मुख्यधारा में लाने की दिशा में इस पहल से शासन प्रणाली को पारदर्शी और प्रभावी बनाने में मदद मिलेगी और नागरिकों तक सेवाओं के वितरण के तरीके में भी क्रांतिकारी बदलाव हो सकेगा। उन्होंने कहा कि इस प्लेटफार्म को सुगम, सुविधाजनक और सुरक्षित बनाने पर विशेष ध्यान दिया जाए।

इस अवसर पर अवस्थापना अनुश्रवण परिषद के उपाध्यक्ष विश्वास डावर, मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन, प्रमुख सचिव आर.के. सुधांशु, आर. मीनाक्षी सुंदरम, सचिव श्रीधर बाबू अद्दांकी, निद. शक आईटीडीए गौरव कुमार, सी. पी.पी.जी.जी. के अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी मनोज पंत एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## कैबिनेट मंत्री जोशी ने किया भगवान शिव का जलाभिषेक

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने पवित्र श्रावण मास के सोमवार के पावन अवसर पर न्यू कैंट रोड स्थित माता मंदिर में धर्मपत्नी निर्मला जोशी के साथ भगवान शिव का विधिवत जलाभिषेक किया। श्रद्धा और आस्था के साथ किए गए इस पूजन-अभिषेक के दौरान मंत्री गणेश जोशी ने प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य और प्रदेश के चहुंमुखी विकास की कामना की। उन्होंने कहा कि श्रावण मास शिवभक्तों के लिए अत्यंत शुभ और फलदायी होता है। यह महीना भक्तों को भगवान शिव से जुड़ने का एक विशेष अवसर प्रदान करता है।

## अतिरिक्त निवेश से बेहतर हुई डिलीवरी : साही

**देहरादून।** अक्षय साही, हेड ऑफ अमेजन प्राइम ने बताया कि इस साल प्राइम मेंबर्स ने पिछले किसी भी प्राइम डे खरीदारी आयोजन की तुलना में अधिक वस्तुओं की खरीदारी की, जबकि हमने सबसे अधिक सेम-डे डिलीवरी के साथ स्पीड के नए रिकॉर्ड बनाए। हमें अपने ग्राहकों को बड़ी बचत करने में मदद करना पसंद है, और प्राइम डे प्राइम मेंबर्स द्वारा प्रदान किए जाने वाले मूल्य, तेज डिलीवरी, शानदार डील्स, नए लॉन्च और ब्लॉकबस्टर मनोरंजन का अंतिम उत्सव है। कहा कि सहयोगियों की भलाई और परिचालन को बढ़ाने के लिए हाल ही में किए गए 2000 करोड़ रुपए के निवेश के कारण, हम इस साल और तेजी से और सुरक्षित डिलीवरी करने में सक्षम हुए हैं।

# भाजपा की नीति और नियत दोनों ही विकास पर केंद्रित : जोशी

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के मद्देनजर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने काशीपुर के ढकियाकला क्षेत्र में भाजपा समर्थित जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी सुरेंद्र कौर के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित किया।

अपने संबोधन में कृषि मंत्री गणेश जोशी ने क्षेत्रवासियों से अपील करते हुए कहा कि सुरेंद्र कौर एक समर्पित कार्यकर्ता हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा वह पार्टी है, जिसका नेतृत्व विश्व के सबसे



लोकप्रिय नेता और हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करते हैं। कैबिनेट मंत्री ने केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का बखान करते हुए कहा कि भाजपा की नीति और नियत दोनों ही विकास पर केंद्रित हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि इस बार के पंचायत चुनाव में भी जनता ने भाजपा के पक्ष में मतदान का मन बना लिया है।

अपने उद्बोधन के अंत में मंत्री जोशी ने लोकतंत्र के महापर्व में बढ़-चढ़कर भागीदारी करने और अपने मताधिकार का उपयोग करने की भी अपील की। बैठक के दौरान भाजपा नेता राजेश कुमार, भाजयुमो प्रदेश महामंत्री रवि पाल, कैप्टन (सेनि) बच्चन सिंह रावत, कमलेश कुमार, भगत प्रधान, परविंदर, आलोक कुमार सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# सरकारी अस्पतालों में रेफरल सिस्टम पर मुख्य सचिव ने जताई नाराजगी

## पुरानी हो चुकी 108 एंबुलेंस बदलने के भी सीएस आनंद वर्धन के निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** जिलाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने सोमवार को प्रदेश में जिला एवं उप जिला अस्पतालों की स्थिति की समीक्षा की। मुख्य सचिव ने सरकारी अस्पतालों में रेफरल सिस्टम पर नाराजगी जताई। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जो सुविधाएं जिला एवं उप जिला अस्पतालों में उपलब्ध हैं उनका इलाज उन्हीं अस्पतालों में किया जाए। उन्होंने कहा कि जिन गंभीर मरीजों और घायलों का इलाज जिला अस्पतालों और उप जिला



अस्पतालों में नहीं हो पाएगा, सिर्फ उन्हीं मरीजों को हायर सेंटर रेफर किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

मुख्य सचिव ने सभी जिला अस्पतालों में सभी प्रकार की सामान्य एवं महत्वपूर्ण जांच को अनिवार्य रूप से शुरू कराया जाए। उन्होंने कहा कि सभी जिला अस्पतालों में माइक्रोबायोलॉजिस्ट की तैनाती भी शीघ्र सुनिश्चित की जाए, ताकि यूरिन कल्चर जैसी महत्वपूर्ण जांचों को भी सरकारी अस्पतालों में शुरू कराया जा सके। उन्होंने कहा कि सिर्फ उन्हीं जांचों को आउटसोर्स एजेन्सी के माध्यम से कराया जाए जो जांचें जिला अस्पतालों में नहीं हो सकती। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग से प्रदेश के सभी जिला एवं उपजिला अस्पतालों में उपलब्ध सुविधाओं, चिकित्सकों, पैरामेडिकल की स्थिति एवं उपकरणों की उपलब्धता की रिपोर्ट तलब की। इस अवसर पर प्रमुख सचिव आर.के. सुधांशु, एल. फैनयी, आर. मीनाक्षी सुंदरम, सचिव शैलेश बगौली, नितेश कुमार झा, राधिका झा, सचिन कुर्वे, दिलीप जावलकर, डॉ. बी.वी.आर. सी. पुरुषोत्तम, रविनाथ रमन, डॉ. पंकज कुमार पाण्डेय, चंद्रेश कुमार यादव, डॉ. आर. राजेश कुमार, विनोद कुमार सुमन, आयुक्त कुमायूँ दीपक कुमार, अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं जनपदों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलाधिकारी उपस्थित थे।

# वैली ऑफ वर्ड्स में फ्रॉम द पेन ऑफ सर्जन्स पर चर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** वैली ऑफ वर्ड्स कैफे में आयोजित पुस्तक चर्चा में चिकित्सा और साहित्य के अद्भुत संगम को मंच मिला। प्रसिद्ध सर्जन पिता-पुत्र डॉ. बी.के.एस. संजय और डॉ. गौरव संजय द्वारा लिखित फ्रॉम द पेन ऑफ सर्जन्स पुस्तक पर आधारित इस कार्यक्रम का उद्घाटन वैली ऑफ वर्ड्स के संस्थापक व पूर्व आईएएस डॉ. संजीव चोपड़ा ने किया।

**■ चिकित्सा व साहित्य का भावनात्मक संगम**



पुस्तक में जनस्वास्थ्य, सड़क दुर्घटनाएं, शराब की लत, जनसंख्या वृद्धि जैसे मुद्दों पर चिकित्सकीय दृष्टिकोण से गहन चिंतन प्रस्तुत किया गया है। दोनों लेखकों ने अपने शल्य चिकित्सा अनुभवों और मानवीय भावनाओं को साझा करते हुए डॉक्टरों के भीतर छिपे लेखक को उजागर किया।

इस अवसर पर शिक्षाविद सुश्री सुधारानी पांडे, समाजसेवी डॉ. एस. फारूक, विवेकानंद खंडूरी, पूर्व आईएएस इंदु पांडे, डॉ. सुशील उपाध्याय व डॉ. एस.एन. सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन स्तंभकार सुनीता विजय ने किया। यह आयोजन केवल साहित्यिक विमर्श नहीं बल्कि विज्ञान और संवेदना के मेल का सजीव प्रमाण बन गया।

# हाउस ऑफ हिमालय का टर्नओवर 100 करोड़ करने का लक्ष्य

## मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने की गेम चेंजर योजनाओं की समीक्षा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य के अम्ब्रेला ब्रांड 'हाउस ऑफ हिमालयाज' का टर्न ओवर वर्ष 2030 तक एक सौ करोड़ रुपए किए जाने का लक्ष्य तय करते हुए इसके उत्पादों की यूनिटी मॉल के माध्यम से भी विपणन की व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने प्रत्येक विकासखंड में एक-एक स्मार्ट गांव विकसित किए जाने के निर्देश देते हुए कहा कि इन गांवों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराते हुए सभी परिवारों को रोजगार से जोड़ने की दिशा में कार्य किया जाए।

### 1.65 लाख महिलाओं को बनाया लखपति दीदीः राधिका झा

बैठक में सचिव ग्राम्य विकास राधिका झा द्वारा ग्राम विकास विभाग की गेमचेंजर योजनाओं का प्रस्तुतिकरण दिया गया। उन्होंने बताया कि राज्य में अभी तक एक लाख पैंसठ हजार महिलाओं को लखपति दीदी बनाया जा चुका है। आगामी तीन सालों में एक लाख और महिलाओं को लखपति दीदी बनाए जाने का लक्ष्य है। मुख्यमंत्री उद्यमशाला योजना के तहत तीन सालों में पन्द्रह हजार ग्रामीण उद्यमों को सहायता प्रदान की जाएगी। हाउस ऑफ हिमालयाज के अंतर्गत राज्य के 150 से अधिक उत्पादों को जोड़े जाने के लिए चरणबद्ध ढंग से कार्य किए जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को सचिवालय में ग्राम्य विकास विभाग के अंतर्गत संचालित गेमचेंजर योजनाओं-मुख्यमंत्री उद्यमशाला योजना, ग्रोथ सेंटर योजना, हाउस ऑफ हिमालयाज तथा सेंटर ऑफ एक्सीलेंस योजना की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने ग्रामीण उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए विशेष प्रयास करने के निर्देश देते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका के संसाधन बढ़ाने के साथ ही रिवर्स पलायन करने वाले लोगों को हर संभव प्रोत्साहन दिया जाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए 'डोर स्टेप डिलीवरी सिस्टम' को मजबूत किया जाय। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के उत्पादों को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बाजार उपलब्ध कराने के लिये अंब्रेला ब्रांड 'हाउस ऑफ हिमालयाज' के उत्पादों के विपणन के लिए ठोस रणनीति बनाकर काम किया जाय।

मुख्यमंत्री ने कहा कि व्यावसायिक दृष्टिकोण अपनाते हुए ग्रोथ सेंटर्स के उत्पादों को बेहतर बनाने के लिए ठोस प्रयास किए जांय। जिससे स्थानीय लोगों की आजीविका में वृद्धि हो सके। ग्रोथ सेंटर्स को कौशल विकास से जोड़ने के लिए भी काम किया जाय। इस अवसर पर ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी, अवस्थापना अनुश्रवण परिषद के उपाध्यक्ष विश्वास डावर, मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन, प्रमुख सचिव आर.के. सुधांशु, आर. मीनाक्षी सुंदरम, सचिव श्रीधर बाबू अदांकी, अपर सचिव झरना कमठान, अपर सचिव अनुराधा पाल, सी.पी.पी.जी.जी. के अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी मनोज पंत एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# बरसात के बावजूद कांवड़ ड्यूटी पर मुस्तैद पुलिस प्रशासन

## कांवड़ यात्रा के बाद तीन दिन चलेगा विशेष सफाई अभियान : डीएम

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** जिलाधिकारी मयूर दीक्षित तथा एसएसपी प्रमेन्द्र सिंह डोबाल के निर्देशन में पुलिस बल के साथ ही विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी बरसात के बावजूद पूरी निष्ठा एवं तत्परता से अपनी ड्यूटी निभाते हुए हरिद्वार पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की यात्रा को सरल, सु:खद बनाने में लगे हुए हैं ताकि देवभूमि उत्तराखण्ड आने वाले श्रद्धालुअ बच्छी यादें, अच्छे अनुभव लेकर जाये।

जिलाधिकारी ने प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने समय-समय पर कांवड यात्रा तैयारियों से सम्बन्धित बैठकें लेते हुए दिए गए निर्देश के अनुपालन में सभी व्यवस्थाएं चाक-चौबंद की गयी हैं तथा यात्रा को व्यवस्थित ढंग से चलाने के लिए अन्य राज्यों से भी लगातार सही ढंग से समन्वय किया जा रहा है जिससे हरिद्वार आने वाले श्रद्धालुओं के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त हो रही हैं। उन्होंने बताया कि विभिन्न राज्यों एवं मण्डलों के रेलवे, रोड़वेज, सहित विभिन्न राज्यों की सरकार से टीमें लगातार सम्पर्क कर रही हैं। उन्होंने बतया कि बेहतर यातायात्र प्रबन्धन एवं हाइवे खुले होने के कारण लगातार गाड़ियां चल रही है तथा शहर में जाम की कोई स्थिति उत्पन्न नहीं हो रही है। उन्होंने बताया कि प्रशासन द्वारा यह प्रयास किया गया है कि कांवड यात्रा के दौरान हमारे जनपद के आम जनमानस को कोई दिक्कत न हो, साथ ही 14 जुलाई से सभी स्कूलों एवं उच्च शिक्षण संस्थानों की भी छुट्टी कर दी गयी थी। इसके अलावा शहर के जो भी प्रवेश द्वार हैं, वहॉ पर भी बेरिकेड के साथ ही पुलिस बल की तैनाती की गयी है, ताकि शहर के सभी आम नागरिकों की रोजमर्रा की जिदंगी में कोई समस्या पैदा न हो। कांवड यात्रा के पहले दस दिन में गाड़ियों का आवागमन हो जाने शहर का कूड़ा उठाने एवं उसके निस्तारण करने में कोई समस्या नही हुई है। उन्होंने बताया कि आज से कांवड यात्रा में भारी संख्या होने के कारण कूड़ा गाड़ी कावंड क्षेत्र



नही पहुंच पाने के कारण नगर निगम द्वारा पर्यावरण मित्रों के सहयोग से कूडा उठाने एवं निस्तारण की समूचित व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने कहा कि मेला समाप्ति के तुरन्त बाद मेले क्षेत्र में विभिन्न प्रकार की गतिविधियां संचालित की जायेंगी। जिसके लिए अलग से कार्य योजना तैयार की जा रही है।

उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा कांवड मेंला का सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने के लिए पूरी तत्परता से कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में विभिन्न राज्यों से जो कांवड यात्री आ रहे है, उसमें ज्यादातर डाक कांवड यात्री है, इसमें दो एवं चार पहिया वाहन भारी संख्या में जनपद में आ भी रहे है तथा अपने गंतव्य की ओर जा भी रहे हैं। निरन्तर ट्रेफिक कन्ट्रोल किया जा रहा है। पुलिस विभाग के समस्त अधिकारी एवं फोर्स दिन-रात मेहनत करके यातायात्र कंट्रोल एवं व्यवस्थित कर रही है। विभिन्न प्रकार की सुविधाएं सुनिश्चित कराने एवं सफल आयोजन के लिए लगभग दो सौ सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है जो लगातार श्रद्धालुओं के लिए पेयजल, शौचालय, विद्युत, चिकित्सा उपचार, सड़क एवं परिवहन आदि की व्यवस्थां देख रहे हैं। उन्होंने बताया कि सभी कार्मिक बरसात के बावजूद लगातार ड्यूटी कर रहे हैं तथा निरन्तर कोशिश कर रहे हैं कि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की समस्या न हो।

जिलाधिकारी ने बताया कि बरसात के दौरान विद्युत के कारण कोई भी अप्रिय घटना न हो, इसलिए विद्युत विभाग को विशेष सावधानी बरतने के निर्देश दिये गये हैं तथा यूपीसीएल की टीमों को भी जगह-जगह तैनात किया गया है ताकि कहीं भी करंट आदि समस्या न हो और बारिश के कारण बिजली के खम्भे गीले हो जाते हैं, उन पर भी लगातार निगरानी बना रखी है। मौसम विभाग की चेतावनी के तहत भारी वर्षा के कारण नदी के जल स्तर बढ़ने की सम्भावना है जिसको देखते हुए सभी घाटों के आस पास शिव भक्तों को सावधानी हेतु निरन्तर एनाउसमेंट के जरिये सतर्क किया जा रहा है। अभी तक सभी विभागों द्वारा कांवड यात्रा को अच्छे से समन्वय के साथ मैंनेज किया है। जिलाधिकारी ने कांवड़ यात्रा पर हरिद्वार पहुँच रहे श्रद्धालुओं से अपील की कि पहाड़ों के साथ-साथ मैदानी क्षेत्रों में भी रूक-रूक कर वर्षा हो रही है तथा किसी भी समय नदी का स्तर बढ़ सकता है, इसलिए निर्धारित स्थानों पर ही स्नान करें तथा नदी के ज्यादा अन्दर तक जाने का प्रयास न करें। जिलाधिकारी ने बताया कि कांवड़ मेला-2025 को सुचारू रूप से संचालित किये जाने एवं समस्त आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित कराये जाने हेतु नियुक्त किये गये समस्त जोनल मजिस्ट्रेट्स को यह निर्देशित किया है कि वें अपने-अपने जोन क्षेत्रान्तर्गत 23. जुलाई को जलाभिषेक कांवड़ मेला सम्पन्न होने के उपरान्त, कांवड मेले के दौरान कांवड मार्गो, नहर पटरी, पार्किंग स्थलों, कांवड़ बाजार, हर की पैड़ी, मुख्य मार्ग सहित विभिन्न क्षेत्रों में हुई समस्त गन्दगी एवं कूड़ा इत्यादि को नगर निगम, नगर पालिकाओं, नगर पंचायतो, जिला पंचायत तथा राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण आदि से समन्वय स्थापित करते हुए 3 दिन के भीतर अर्थात 26 जुलाई तक साफ-सफाई कराना सुनिश्चित करेंगे और कृत्त कार्यवाही की प्रगति रिपोर्ट आपदा प्रबन्धन कार्यालय हरिद्वार में स्थापित कन्ट्रोल रूम को उपलब्ध करायेगें।

उन्होंने बताया कि समस्त नगर निकाय एवं नगर पंचायत क्षेत्रान्तर्गत संबंधित नगर निकाय/नगर पंचायत के द्वारा पर्याप्त संख्या में सफाई कार्मिकगण एवं सफाई उपकरण उपलब्ध कराये जायेंगे। ग्रामीण क्षेत्रों में जिला पंचायत हरिद्वार द्वारा पर्याप्त संख्या में सफाई कार्मिकगण एवं सफाई उपकरण उपलब्ध कराये जायेंगे। शंकराचार्य चौक से प्रेमनगर आश्रम चौराहे तक साफ-सफाई का कार्य हरिद्वार-रूड़की विकास प्राधिकरण के द्वारा सुनिश्चित कराया जायेगा। राष्ट्रीय राजमार्गो पर साफ-सफाई का कार्य राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा कराया जायेगा। वन क्षेत्रान्तर्गत साफ-सफाई हेतु उप वन संरक्षक हरिद्वार वन प्रभाग के स्तर से आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित की जायेगी। आंतरिक ग्रामीण क्षेत्रों में साफ-सफाई हेतु खण्ड विकास अधिकारी / जिला विकास अधिकारी/जिला पंचायत राज अधिकारी के द्वारा आवश्यक व्यवस्था की जायेगी।

# भाभी ने प्रेमी और उसके दोस्त से कराई देवर की हत्या, गिरफ्तार

**■ सिडकुल थाना के डालूवाला मजबता में मिला था नीटू का शव, पुलिस ने किया हत्या का राजफाश ■ हैदराबाद में बैठकर रची महिला ने साजिश, देवर की जमीन और घर पर थी नजर**

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** सिडकुल क्षेत्र के डालूवाला मजबता में हत्या कर फेंके गए युवक का शव के मामले की गुत्थी पुलिस ने सुलझाते हुए एक महिला सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। युवक की हत्या उसकी ही भाभी ने प्रेमी और उसके करवाई। गांव की जमीन और प्रेमी से बेरोकटोक मुलाकात की ख्वाहिश में हत्या की साजिश रची है। हत्या में प्रयुक्त चापड़, बाइक और मोपेड भी बरामद कर ली गई है। आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेंद्र सिंह डोबाल ने बताया कि 18 जुलाई को डालूवाला- मजबता मार्ग के किनारे झाड़ियों में एक युवक का शव मिला था। मृतक की पहचान खालाटीरा निवासी नीटू पुत्र भूरी सिंह के रूप में हुई। उसका भाई राकेश, जो हैदराबाद में नौकरी करता है, 20 जुलाई को हरिद्वार पहुंचा और हत्या का मुकदमा दर्ज कराया। मामले की गंभीरता को देखते हुए इंस्पेक्टर मनोहर सिंह भंडारी की अगुवाई में एक टीम गठित की गई। सर्विलांस और कॉल डिटेल्स के विश्लेषण के बाद तीन संदिग्धों को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में घटना का राजफाश हो गया। छोटा पुत्र शाहिद और अकबर पुत्र निन्ना, दोनों निवासी हजारा ग्रांट, तथा सोनिया पत्नी राकेश निवासी खालाटीरा को गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में छोटा ने बताया कि उसके सोनिया से प्रेम संबंध थे। सोनिया का पति अपने हिस्से की जमीन और मकान बेचकर उसे लेकर



हैदराबाद चला गया था, जबकि सोनिया की नजर देवर नीटू के हिस्से की जमीन और गांव में स्थित घर पर थी। सोनिया ने छोटा से कहा कि अगर वह उसके देवर को खत्म कर देगा तो वह गांव लौट आएगी और दोनों आसानी से मिल पाएंगे। इसके लिए सोनिया ने पांच लाख रुपये देने का वादा किया। छोटा ने अपने साथी अकबर को शामिल किया और साजिश रची गई। एसएसपी के अनुसार, 17 जुलाई की सुबह छोटा ने गांव के जावेद से फोन लेकर नीटू को कॉल किया और शाम को मिलने को कहा। रात करीब 9:15 बजे नीटू, छोटा की दुकान पर पहुंचा। छोटा ने उसे बहाने से बताया कि एक ठेकेदार पैसे देने के लिए डालूवाला-मजबता बुला रहा है। तीनों एक ही मोपेड पर सवार होकर निकले। मोपेड छोटा चला रहा था, बीच में नीटू और पीछे अकबर बैठा था। सुनसान जगह पर पहुंचकर छोटा ने गाड़ी रोकी और अकबर को इशारा किया। अकबर ने जेब से चापड़ निकालकर नीटू के सिर पर वार किया। जब नीटू तड़पने लगा तो छोटा ने खुद चापड़ से चार-पांच वार किए, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद दोनों फरार हो गए। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक मनोहर सिंह भंडारी, उप निरीक्षक महिपाल सैनी, हेड कांस्टेबल मुजफ्फर बेग, कांस्टेबल मनीष शामिल थे।

# विकास के नाम पर छलावा

**अल्मोड़ा।** गांव में सड़क नहीं पहुंचने से नाराज भैंसियाछाना विकासखंड के कुंजा और कनखल के ग्रामीणों ने पंचायत चुनाव का पूर्ण बहिष्कार करने का ऐलान किया। सोमवार को नाराज ग्रामीणों ने गांव में प्रदर्शन कर रोड नहीं तो वोट नहीं के नारे लगाए। ग्रामीणों ने कहा कि कुंजा और कनखल गांवों के लोगों के साथ विकास के नाम पर छलावा हुआ है। चुनाव में हर साल गांव को सड़क से जोड़ने के वायदे किए जाते हैं, लेकिन चुनाव होने के बाद ये ठंडे बस्ते में चले जाते हैं। उन्होंने कहा कि सड़क नहीं होने से ग्रामीणों को पांच किमी खड़ी चढ़ाई तय कर खैरोला जाना पड़ता है। बरसात और ठंड के दिनों में इतनी दूरी तय करने में ग्रामीणों को परेशानी झेलनी पड़ती है। गंभीर मरीजों और प्रसव पीड़िताओं को डोली में ले जाना पड़ता है। चुनाव में सभी गांव में वोट मांगने आ रहे है, लेकिन चुनाव के बाद जनता से किए गए वायदे पूरा नहीं करते हैं। कहा कि गांव में सड़क तक नहीं बन पा रही है तो वह अपने मताधिकार का उपयोग क्यों करें। ग्रामीणों ने पंचायत चुनाव में मतदान नहीं करने का ऐलान किया हैं। यहां प्रदर्शन करने वालों में प्रकाश कार्की, बसंती देवी, कविता देवी, मंजू देवी, अभिषेक बोरा, नीरज बोरा, मदन नैनवाल, विवेक प्रसाद समेत काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# कावंड़ियों की सेवा शिव की सेवा : रंजीता झा

## संकल्प सेवा परमो धर्म ट्रस्ट द्वारा चलाया जा रहा चिकित्सा शिविर का हुआ समापन

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** वरिष्ठ समाजसेवी एवं भाजपा नेत्री रंजीता झा ने कहा कांवड़ियों की सेवा साक्षात भगवान शिव की सेवा है। कांवड़ियों का तप बहुत कठिन है। ऐसे में कांवड़ियों की सेवा से बड़ा कोई पुण्य कार्य नहीं है। इसी क्रम में लगातार तीसरे वर्ष कांवड़ पटरी पर निशुल्क प्राथमिक उपचार केंद्र लगाया गया और चौबीसों घंटे कांवड़ियों को सुविधा प्रदान की गई। सोमवार को शिविर का समापन हो गया। बताते चलें कि अपने समाजिक



दायित्वों का निर्वहन करते हुए संकल्प सेवा परमो धर्म ट्रस्ट की ओर से कांवड़ियों के सेवार्थ निशुल्क प्राथमिक उपचार केंद्र शिविर की व्यवस्था की गई। संस्था की अध्यक्ष रंजीता झा के नेतृत्व में लगातार 10 दिनों तक चौबीसों घंटे अनावरत कांवड़ियों की सेवा के उपरांत 11 वें दिन सोमवार को शिविर समापन किया गया। हरिद्वार के गणमान्य राजनैतिक, धार्मिक एवं समाजसेवी संगठनों ने शिविर में पहुंच कर कांवड़ियों की सेवा की और आयोजन के लिए संस्था का आभार व्यक्त किया। संस्था के महासचिव पं तरूण कुमार शुक्ल ने बताया कि दिल्ली यूपी बार्डर कांवड सेवा समिति के तत्वावधान मे चल रहे भंडारे मे संकल्प सेवा परमोधर्म ट्रस्ट के सौजन्य से संचालित प्राथमिक उपचार कैम्प मे हरिद्वार के गणमान्य जनों की गरिमापूर्ण उपस्थित रही। इस क्रम दायित्व धारी राज्य मंत्री ओमप्रकाश जमदग्नि, विधायक रानीपुर विधायक आदेश चौहान, ज्वालापुर विधायक रवि बहादुर, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि चमन चौहान, वरिष्ठ समाजसेवी जगदीश लाल पहावा, अरुण कुमार दादू, वरिष्ठ समाजसेवी व कांग्रेस नेता विभाष मिश्रा, संतोष झा, यतीश राठौर, कर्माकर शास्त्री हरिनारायण त्रिपाठी, संदीप शुक्ला सचिन चौधरी, संजय कुमार, गोपाल झा, राजेश शर्मा, सागर चारु शुक्ला, विनीता चौहान, श्रीमती सपना पंडित, श्रीमती अनीता गुप्ता, रीनू तोमर, मीनू, कु. आशा, राकेश मिश्रा सहित अन्य लोगों ने योगदान दिया

# देसंविवि का 45वाँ ज्ञान दीक्षा समारोह आज

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** देवसंस्कृति विश्व-विद्यालय शांतिकुंज के प्रतिकुलपति डॉ. चिन्मय पण्ड्या ने बताया कि विवि 45वाँ ज्ञान दीक्षा समारोह 22 जुलाई को होगा। इस समारोह में भारत के उत्तराखण्ड, मप्र, बिहार सहित अनेक राज्यों के नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं को दीक्षित किया जायेगा। विवि के प्रतिकुलपति डॉ. चिन्मय पण्ड्या ने बताया कि ज्ञान दीक्षा समारोह विद्यार्थियों को मातृभूमि व संस्कृति के लिए समर्पित होने के लिए कराया जाने वाला यह एक अनुपम पर्व है। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बाबा मस्तनाथ विवि रोहतक के कुलाधिपति महंत बालकनाथ योगी जी उपस्थित रहेंगे। वहीं देसंविवि के कुलाधिपति डॉ. प्रणव पण्ड्या नव प्रवेशी विद्यार्थियों को संकल्पित एवं दीक्षित करायेंगे।

### शांतिकुंज की बहिनों की विशेष संगोष्ठी में श्रद्धेया शैलदीदी ने कहा

# अपनी प्रतिभा को नियमित रूप से करें परिष्कार

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** शांतिकुंज की अधिष्ठात्री शैलदीदी ने आज शांतिकुंज परिसर में आयोजित बहिनों की विशेष संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक महिला को अपनी प्रतिभा का नियमित रूप से परिष्कार करते रहना चाहिए। श्रद्धेया शैलदीदी ने कहा कि जीवन में आगे बढ़ने और उत्तरदायित्वों को सफलतापूर्वक निभाने के लिए नित्य कुछ नया सीखने का अभ्यास आवश्यक है। सीखने की कोई उम्र नहीं होती, बस सतत अभ्यास और आत्मविश्वास की आवश्यकता होती है। स्नेहसलिला दीदी कहा कि उन्हें भविष्य में बड़ी-बड़ी जिम्मेदारियाँ संभालनी हैं, जिसके लिए आज से ही मानसिक, बौद्धिक और



भावनात्मक रूप से तैयार होना जरूरी है। शैलदीदी ने गायत्री परिवार की संस्थापिका माता भगवती देवी शर्मा के तप, साधना एवं सेवा भाव को प्रेरणास्रोत बताते हुए उनके जीवन की विस्तृत झलकियाँ प्रस्तुत कीं। उन्होंने बताया कि वंदनीया माताजी ने स्वतंत्रता संग्राम के दौरान क्रांतिकारियों का भरपूर सहयोग किया और बाद में गायत्री तपोभूमि, मथुरा में हजारों साधकों का मार्गदर्शन कर उन्हें आत्मिक दिशा दी। दीदी ने कहा कि वर्ष २०२६ में माताजी का जन्मशताब्दी वर्ष मनाया जाएगा। इस उपलक्ष्य में जनवरी एवं नवंबर में बड़े आयोजन होने हैं, जिनमें बहिनों को भी भाइयों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर सक्रिय भागीदारी निभानी होगी। इस अवसर पर शांतिकुंज की समस्त बहिनें उपस्थित रहीं।

### स्वामी वेदमूर्ति पुरी बने निरंजनी अखाड़े के महामंडलेश्वर

# सनातन के प्रखर प्रवक्ता हैं स्वामी वेदमूर्ति पुरी : रविंद्रपुरी

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद एवं मनसा देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी की अध्यक्षता व अखाड़े के पंचपरमेश्वरों के सानिध्य में आयोजित पटटाभिषेक समारोह में बगलामुखी पीठाधीश्वर स्वामी वेदमूर्ति पुरी को महामंडलेश्वर की पदवी प्रदान की गयी। चरण पादुका मंदिर में आयोजित पट्टाभिषेक समारोह में निरंजनी अखाड़े के सचिव श्रीमहंत रामरतन गिरी, भारत माता मंदिर के महंत महामंडलेश्वर स्वामी ललितानंद गिरी, महंत राजगिरी, महंत प्रकाश पुरी, महंत जगदीशानंद, सहित संत समाज ने तिलक चादर प्रदान कर स्वामी वेदमूर्ति पुरी का पटटाभिषेक कर उन्हें निरंजनी अखाड़े के महामंडलेश्वर पद की उपाधि से विभूषित किया। श्रीमहंत रविंद्रपुरी ने कहा कि तप संत के जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। तप साधना, आत्मसंयम, और परमात्मा के प्रति निष्ठा का प्रतीक है। स्वामी वेदमूर्ति पुरी विद्वान और तपस्वी संत हैं। सनातन धर्म के प्रखर प्रवक्ता के रूप मे टीवी चौनलों पर होने वाली डिबेट में सनातन का पक्ष प्रमुखता से प्रस्तुत करते हैं। श्रीमहंत रविंद्रपुरी ने कहा कि निरंजनी अखाड़े की परंपराओं का पालन करते हुए महामंडलेश्वर स्वामी वेदमूर्ति पुरी महाराज सनातन धर्म



का पूरे विश्व में प्रचार प्रसार करेंगे। श्रीमहंत रामरतन गिरी ने महामंडलेश्वर वेदमूर्ति पुरी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि समाज में ज्ञान और अध्यात्म का प्रचार करने के साथ युवा वर्ग में धर्म जागरण करें। जिससे युवा पीढ़ी संस्कारित होकर देश की प्रगति में योगदान करे। महामंडलेश्वर स्वामी वेदमूर्ति पुरी ने कहा कि गुरू का जीवन में सर्वोच्च स्थान है। गुरू के बिना संत का जीवन अधूरा है। गुरू के बिना संत का जीवन शुरू ही नहीं होता है। वे भाग्यशाली हैं कि उन्हें गुरू के रूप में श्रीमहंत रविंद्रपुरी का सानिध्य प्राप्त हुआ है। जो जिम्मेदारी उन्हें दी गयी है कि उसका निष्ठापूर्वक पालन करते हुए अखाड़ा और संत परंपराओं के अनुरूप पालन करेंगे और अखाड़े की उन्नति में योगदान करेंगे। इस अवसर पर श्री अखंड परशुराम अखाड़े के अध्यक्ष पंडित अधीर कौशिक, कथाव्यास पंडित पवन कृष्ण शास्त्री, भोला शर्मा सहित कई संत व श्रद्धालु भक्त मौजूद रहे।

# श्री शिव शक्ति महादेव मंदिर में हुई स्फटिकेश्वर महादेव शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** शिव शक्ति सेवा समिति द्वारा आयोजित धार्मिक आयोजन के तहत रोशनाबाद स्थित शिवालिक गंगा विहार कॉलोनी फेस-2 में नवनिर्मित श्री शिव शक्ति महादेव मंदिर में स्फटिकेश्वर महादेव शिवलिंग की भव्य प्राण प्रतिष्ठा संपन्न हुई। प्राण प्रतिष्ठा समारोह के मुख्य अतिथि अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद अध्यक्ष एवं महानिर्वाणी अखाड़ा के सचिव श्रीमहंत रविंद्रपुरी महाराज ने विधि-विधान से भगवान स्फटिकेश्वर महादेव शिवलिंग की स्थापना की। श्रीमहंत रविंद्रपुरी ने कहा कि शिव शक्ति सेवा समिति का यह प्रयास सनातन धर्म की समृद्ध परंपरा को सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि भोलेनाथ के इस दिव्य स्वरूप की आराधना करने से श्रद्धालुओं के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आएगा। समिति के अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा ने बताया कि संस्था शिक्षा, चिकित्सा और आध्यात्मिक सेवा कार्यों के लिए समर्पित है। उन्होंने कहा कि संतों और महंतों की प्रेरणा से मंदिर सभी के लिए आध्यात्मिक ऊर्जा का केंद्र बनेगा। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक आदेश चौहान ने भी मंदिर पहुंचकर भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना की और कहा कि सावन के महीने में स्फटिकेश्वर महादेव शिवलिंग की स्थापना से रोशनाबाद क्षेत्र आध्यात्मिक रूप से जागृत हुआ है। भगवान शिव की कृपा से यह स्थान क्षेत्रवासियों के लिए कल्याणकारी सिद्ध होगा। समारोह में ममता सेंगर, राजेश पप्पन, पवन अग्रवाल, अभय अग्रवाल, संदीप सिंगला, सुमित रावल, मुकेश शर्मा, भोला सिंह, परवीन शर्मा सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# भाजपाइयों ने की कांवड़ियों पर पुष्पवर्षा

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** रानीपुर विधायक आदेश चौहान के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने शंकराचार्य चौक पर कांवड़ लेकर अपने गंतव्यों की और लौट रहे कांवड़ियों पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता डा. विशाल गर्ग। पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष संदीप गोयल, युवा मोर्चा जिला महामंत्री अभिनव चौहान, जिला उपाध्यक्ष लव शर्मा, सहित कई कार्यकर्ता शामिल रहे। विधायक आदेश चौहान ने कहा कि भगवान शिव के भक्तों की भक्ति से देशवासियों को प्रेरणा मिलती है। सैकड़ों मील पैदल चलकर मां गंगा के तट पर शिव भक्त आस्था के साथ पहुंचते हैं। धर्मनगरी के लोगों को शिव भक्त कांवड़ियों की सेवा में अपना योगदान अवश्य देना चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी शिव भक्त कावड़ियों के लिए सुविधा प्रदान कर रहे हैं। वरिष्ठ भाजपा नेता डा.विशाल गर्ग ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी कावड़ यात्रा को से कुशल संपन्न करने के लिए हर सुविधा प्रदान कर रहे हैं। पुलिसकर्मी रात दिन कावड़ियों की सेवा में जुटे हुए हैं। कावड़ियां की सेवा करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी बनती है।

# अंबरीष कुमार विचार मंच ने दी पूर्व विधायक अंबरीष कुमार को श्रद्धांजलि

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** अम्बरीष कुमार विचार मंच पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने पूर्व विधायक अम्बरीष कुमार की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए और उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर मंच के अध्यक्ष सोम त्यागी ने कहा कि अम्बरीष कुमार जन नेता थे। उनकी पुण्य तिथी पर उनके दिखाए मार्ग चलते हुए समाज के शोषित व वंचित वर्ग के हितों के लिए संघर्ष का संकल्प ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी। श्रद्धांजलि देने वालों में इसरार अहमद, अजय शर्मा, अंकित चौहान, उज्जवल वालिया, मुकेश शर्मा, धनीराम शर्मा (नीटू), उत्कर्ष वालिया, विजय प्रजापति, राजू चितकारा, पुष्पनाथ शर्मा, अनिल ठेकेदार, इकबाल मुन्ना, हाजी शाहाबुद्दीन अंसारी, सदिक गाड़ा, रियाज अंसारी, अजमोद मोदी, नीरज प्रधान बोंगला, दिनेश वालिया,





उदयवीर चौहान, नौमान अंसारी, आनंद पांडे, धर्मराज सैनी, सोनू सैनी, धर्मपाल सैनी, शिवम सैनी, सोमपाल सैनी, शुभम रावत, शिवम, हरीश भाटिया, तीरथ भाटिया, चंदन शर्मा, आनंद राठौर, नरेश कुमार वर्मा, अजय राठौर, राहुल राठौर आदि मंच के पदाधिकारी व सदस्य शामिल रहे।

# बीईजी आर्मी तैराक दल ने बचाया 107 शिवभक्त कांवड़ियों का जीवन

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** कांवड़ मेले में गंगा में तैनात बीईजी आर्मी के तैराक दल ने अब तक 107 कांवड़ियों को डूबने से बचाया है। कांवड़ मेले के दौरान कांवड़ियों को गंगा में डूबने से बचाने के लिए बीईजी आर्मी तैराक दल को तैनात किया गया है। बीईजी आर्मी के कमान्डेंट ब्रिगेडियर के.पी.सिहं, कर्नल अभिषेक पोखरियाल, ले.कर्नल विवेक सिंह, मेजर एलपी कम्बोज के नेतृत्व में सूबेदार लखबीर सिंह, नायब सूबेदार कुलविन्दर सिंह, हवलदार तन्मय कुमार परिजा, हवलदार अनिल कुमार, हवलदार बिलाल शेख, हवलदार राजेश कुमार, हवलदार ललित सिंह, लान्स हवलदार अनिल कुमार, लान्स हवलदार सोमनाथ गौरई, लान्स हवलदार प्रमोदचन्द्र भट्ट, नायक गुरूसेवक सिंह, सैपर



श्रीजीत एसपी, सैपर प्रीत जैना, सैपर सुरेन्द्र सिंह, सैपर प्रमोद सिंह कांवड़ मेला क्षेत्र के हरकी पैड़ी, सुभाष घाट, सी.सी.आर. घाट, गऊघाट, कुशाघाट, हनुमान घाट, रामघाट, रोड़ी बेलवाला घाट, बिरला घाट, अलकनंदा घाट एवं कांवड़ पटरी मार्ग के सोलानी पुल के आसपास के क्षेत्र में मोटर बोट से लगातार गंगा में पेट्रोलिंग कर शिवभक्त कांवड़ियों को गंगा में नहाते हुए डूबने से बचाने के में तत्परता से योगदान कर रहे हैं। बीईजी आर्मी तैराक दल के नोडल अधिकारी एवं इंडियन रेड्क्रास सचिव डा. नरेश चौधरी ने बताया कि जल पुलिस, एनडीआरएफ एवं एसडीआरएफ के अतिरिक्त बीईजी आर्मी के तैराक दलों ने कांवड़ अवधि में अब तक 107 शिवभक्त कांवड़ियों को डूबने से बचाया है। आर्मी तैराक दल द्वारा गंगा में डूबने से बचाए गए कांवड़ियों को इंडियन रेड्क्रास स्वंयसेवक प्राथमिक उपचार प्रदान कर रहे हैं। डा.नरेश चौधरी ने कहा कि देश की सीमाओं की रक्षा करने के साथ बीईजी आर्मी के सैनिक कांवड़ मेले में भी जनसेवा में अतुलनीय योगदान कर रहे हैं।

हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें :
सिटी कार्यालय दैनिक
**शाह टाइम्स हरिद्वार**
कमरा न. 103, द्वितीय तल, भगवती कॉम्पलेक्स, रानीपुर मोड, हरिद्वार
**ब्यूरो चीफ**
**डी.एस. वर्मा**
मो.: 9411100741
**संतोष कुमार**
मो.: 9760287392

# केदारनाथ धाम में उमड़ी भक्तों की भारी भीड़

■ लगातार हो रही बारिश के बावजूद भारी संख्या में पहुंच रहे भक्त बाबा के धाम, भक्तों ने बाबा केदार को किए ब्रहमकमल अर्पित, मांगी मनौतियां, जिले के अन्य शिवालयों में भक्तों की दिखी भारी भीड़,



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** सावन माह के सोमवार के अवसर पर केदारनाथ में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह से ही भक्त बाबा केदार के दर्शनों के लिए लाइन में खड़े हो गए। बारिश और ठंड के बीच दर्शनों के लिए भक्त लगातार पहुंच रहे हैं। इसके अलावा जिले के अन्य शिव मंदिरों में भी भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी रही। पुलिस प्रशासन की ओर ट्रेफिक व्यवस्था पर नियंत्रण को लेकर चप्पे-चप्पे में पुलिस जवानों की तैनाती की गई थी। पहाड़ों में सावन माह के पहले सोमवार को केदारनाथ धाम भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। कांवड़ यात्रियों के अलावा अन्य तीर्थ यात्रियों ने भी भारी संख्या में केदारनाथ धाम पहुंचकर बाबा केदार का जलाभिषेक एवं रुद्राभिषेक किया। बीती रविवार रात से केदारनाथ धाम में लगातार बारिश जारी है, बावजूद इसके भक्त भारी संख्या में केदारनाथ धाम पहुंच रहे हं। सोमवार प्रातः काल चार बजे से ही बाबा केदार के दर्शनों के लिए लंबी कतारे लगनी शुरू हो गई थी। सावन माह शुरू होते ही केदारनाथ धाम में फिर से भक्तों की संख्या में वृद्धि देखने को मिल रही है। बारिश और भूस्खलन के बीच लगातार भक्ति धाम पहुंच रहे हैं और बाबा केदार को ब्रहमकमल अर्पित कर पुण्य अर्जित कर रहे हैं। बीकेटीसी सीईओ विजय प्रसाद थपलियाल ने बताया कि सावन में भारी संख्या में भक्त केदारनाथ धाम पहुंच रहे हैं। खासकर कांवड़ियों की संख्या ज्यादा देखने को मिल रही है। उन्होंने कहा कि धाम पहुंच रहे तीर्थयात्रियों की हरसंभव मदद की जा रही है।

वहीं रुद्रप्रयाग जनपद के अन्य प्रसिद्ध शिव मंदिरों में भी सुबह से देर शाम तक भक्तों की भीड़ उमड़ी रही। जिले के कोटेश्वर महादेव, रूद्रनाथ, सूर्य प्रयाग, विश्वनाथ मंदिर, ओंकारेश्वर सहित अन्य शिव मंदिरों में भक्तों ने पहुंचकर जलाभिषेक कर मनौतियां मांगी।

# सहसपुर पुलिस बनी नशा तस्करों के लिए काल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहसपुर।** थाना सहसपुर पुलिस की अवैध नशे के विरुद्ध कार्यवाही में 6.6 ग्राम अवैध हीरोइन के साथ 1 हिस्ट्रीशीटर किया गया गिरफ्तार। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश किया। जहां से आरोपी को जेल भेज दिया गया।

सहसपुर पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत चेकिंग के दौरान जेबीआईटी के पास से एक व्यक्ति वहीद पुत्र मोहम्मद हसन निवासी बड़ा रामपुर जुमा मस्जिद के पास थाना सहसपुर को 6.6 ग्राम अवैध हीरोइन के साथ गिरफ्तार किया गया।



पूछताछ के दौरान उसके द्वारा बताया कि वह स्मैक कुँजा ग्रांट से लेकर आया था, तथा 5 जुलाई को जेल से छुटकर आया था। पुलिस ने बताया कि आरोपी के विरूद्व विभिन्न धाराओ में 13 मुकदमें दर्ज हैं। पुलिस टीम एसएसआई विकास रावत, सिपाही अनिल, नवबहार, सुधीर कुमार शामिल रहे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून द्वारा जनता से अपील की है कि नशे से दूर रहे। किसी भी प्रकार के लालच में आकर नशा तस्करी न करें।

# मतदान प्रक्रिया में त्रुटि की संभावना न रहेः जैन

■ तृतीय रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया सफलतापूर्वक संपंन, प्रेक्षक वैभव गुप्ता की उपस्थिति में प्रत्येक मतदान पार्टी को सॉफ्टवेयर के माध्यम से पूर्ण पारदर्शिता के साथ हुआ बूथ आवंटित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के अंतर्गत जनपद में तृतीय रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया सोमवार को जिला कार्यालय स्थित एनआईसी सभागार में जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) प्रतीक जैन की अध्यक्षता में संपंन हुई। मतदान प्रक्रिया को सुचारू, निष्पक्ष एवं पारदर्शी रूप से संपंन कराने के उद्देश्य से कुल 506 मतदान पार्टियों को बूथ आवंटित किए गए।

जिलाधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि पूर्व में प्रत्येक मतदान पार्टी के लिए एक पीठासीन अधिकारी एवं चार मतदान अधिकारियों सहित कुल पांच कर्मियों का चयन किया गया था। चयन प्रक्रिया राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा तैयार विशेष सॉफ्टवेयर के माध्यम से पूरी पारदर्शिता के साथ किया गया तथा सभी मतदान कार्मिकों को मतदान प्रक्रिया की पूर्ण तैयारियों को लेकर प्रशिक्षण दिया गया है। उन्होंने बताया कि जिले के तीनों विकास खण्डों अगस्त्यमुनि, जखोली तथा ऊखीमठ में निर्वाचन कार्यों के संचालन को लेकर कुल 506 मतदान पार्टियों को बूथ आवंटित किए गए हैं।जिलाधिकारी ने कहा कि पंचायत चुनाव को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष रूप से सम्पन्न कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने यह भी अवगत कराया कि सभी मतदान कार्मिकों को निर्वाचन कार्य से पूर्व प्रशिक्षण प्रदान किया गया है, ताकि मतदान प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की त्रुटि की संभावना न रहे। इस अवसर पर प्रेक्षक वैभव गुप्ता, मुख्य विकास अधिकारी एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) राजेन्द्र सिंह रावत, अपर जिलाधिकारी श्याम सिंह राणा, मुख्य शिक्षा अधिकारी प्रमेंद्र बिष्ट, एडीओ पंचायत सुनील नौटियाल, सूचना विज्ञान अधिकारी दीप्ति चमोली, सभी रिटर्निंग अधिकारियों सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# पोक्सो एक्ट के आरोपी को पीलीभीत से किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** बहला फुसला कर लड़की को भगाने वाले आरोपी को पीलीभीत से गिरफ्तार कर जेल में भेज दिया।पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 16 जून 25 को वादिनी निवासी रामपुर द्वारा थाना सहसपुर पर आकर तहरीर दी कि उसकी नाबालिक पुत्री घर से बिना बताये कही चली गई है, पुलिस ने तहरीर के आधार पर थाना सहसपुर में मुकदमा दर्ज किया गया।

अभियोग की विवेचना म0उ0नि0 मोनिका मनराल थाना सहसपुर के सुपुर्द की गयी, प्रकरण की गम्भीरता को देखते हुए अपहर्ताओ की तलाश हेतु थाना सहसपुर से म0उ0नि0मोनिका मनराल के नेतृत्व मे पुलिस टीम का गठन किया था। गठित पुलिस टीम द्वारा



बीते रोज मुखबीर की सूचना पर अपहर्ता व अभियुक्त करण पुत्र छोटेलाल निवासी रामटांडा थाना बण्डा जिला शाहजहांपुर उ0प्र0 हाल निवासी सहसपुर को पिपरिया जयभद्र भगवन्तपुर रोड पुरणपुर पिलीभीत उ0प्र0 से धारा 137(2)/65(1)बीएनएस व पोक्सो एक्ट मे गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम म0उ0नि0 मोनिका मनराल थाना सहसपुर, हे0का0 विनित भट्ट, सिपाही सुरेश रावत शामिल रहे।

## एक नजर .......

### 94 पव्वे शराब के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार

**रुद्रप्रयाग।** थाना अगस्त्यमुनि पुलिस ने चेकिंग के दौरान 94 पव्वे शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है, जिसके विरुद्ध अभियोग पंजीकृत व शराब परिवहन में प्रयुक्त वाहन अल्टो कार को सीज किया गया। गत् रविवार देर रात्रि को थानाध्यक्ष अगस्त्यमुनि ने अधीनस्थ पुलिस बल के साथ चेकिंग के दौरान एक अल्टो कार को रोका गया, जिसमें चेक करने पर 94 पव्वे मैकडावल व्हिस्की बरामद किया गया। पुलिस ने अवैध शराब के साथ कार चालक अजय कुमार निवासी ग्राम गदनू थाना अगस्त्यमुनि को गिरफ्तार किया। उक्त व्यक्ति के विरुद्ध थाना अगस्त्यमुनि पर धारा 60/72 आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की गई तथा वाहन को सीज किया गया। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष अगस्त्यमुनि महेश रावत, अपर उपनिरीक्षक जावेद अली, आरक्षी राजेश कुमार शामिल थे।

### भारतीय दलित साहित्य अकादमी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में डॉ सुरेंद्र लाल आर्य हुए सम्मानित

**कोटद्वार।** भारतीय दलित साहित्य अकादमी की कोटद्वार इकाई की ओर से सोमवार को सिम्भलचौड़ में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डॉ सुरेन्द्र लाल आर्य को समाजसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने पर मेयर द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अकादमी जिलाध्यक्ष प्रमोद चौधरी और मेयर शैलेंद्र सिंह रावत ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मेयर शैलेंद्र सिंह रावत ने कहा कि डॉ सुरेंद्र लाल आर्य समाज सेवा के क्षेत्र में जाना माना नाम है। वे निर्धन और असहायों की लंबे समय से मदद करते आ रहे हैं। साथ ही वे लंबे समय से भारतीय दलित साहित्य अकादमी से जुड़े हुए हैं और अपने साहित्य के माध्यम से समाज को राह दिखाते रहते हैं। तत्पश्चात उन्होंने शाल ओढ़ाकर डॉ सुरेंद्र लाल आर्य को सम्मानित किया। कार्यक्रम में ओम प्रकाश कोटला, विकास आर्य, सुरेन्द्र शमशेर जंग, राजेन्द्र प्रसाद, डॉ कमलेश कुमार, मनोज सिंह, प्रशांत चौधरी, केसी निराला, जगदीश राठी, भारत भूषण शाह और सुरेंद्र शमशेर जंग आदि मौजूद रहे।

### सहसपुर विधायक ने चुनावों की तैयारियों को लेकर जनसभाओं में शिरकत की

**विकासनगर।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों की तैयारियों को लेकर सहसपुर विधायक सहदेव सिंह पुंडीर ने जनसभाओं एवं बैठकों में सक्रिय सहभागिता की। बैठकों में उन्होंने स्थानीय नागरिकों, गणमान्य व्यक्तियों और भाजपा कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद करते हुए भाजपा की नीति, नीयत और नेतृत्व पर विश्वास जताने की अपील की। उन्होंने कहा कि इन चुनावों में जनता की भागीदारी न केवल स्थानीय विकास को नई दिशा देगी, बल्कि एक मजबूत, पारदर्शी और उत्तरदायी पंचायत व्यवस्था की स्थापना का भी मार्ग प्रशस्त करेगी। बैठकों में भाजपा के समर्पित कार्यकर्ता, वरिष्ठ पदाधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रीय जनता की उपस्थिति ने यह स्पष्ट कर दिया कि जनता का झुकाव भाजपा की विकासपरक सोच और सुशासन की नीति की ओर है। सभी ने एकमत होकर भाजपा प्रत्याशियों को समर्थन देने का भरोसा दिलाया।

### बरसाती रपटे में फंसे कांवड़िए, सुरक्षित निकाला

**शाह टाइम्स संवाददाता सहसपुर।** भारी बरसात के कारण थाना सहसपुर क्षेत्र अंतर्गत सभावाला में बरसाती रपटे में काफी मात्रा में पानी आ गया था, जिस कारण काफी वाहन, कांवड़ यात्री फंस गए थे। प्रभारी निरीक्षक सहसपुर द्वारा उपलब्ध फोर्स के साथ बरसाती रपटे के आसपास आने जाने वाले लोगों को हिदायत देकर सावधानी पूर्वक निकाला गया, जिसमें भारी संख्या में कांवर यात्री भी थे।

### कोतवाली सहसपुर पुलिस द्वारा शिव भक्त कांवड़ियों को बांटे फल व पानी



**विकासनगर।** थाना सहसपुर पुलिस द्वारा सभावला क्षेत्र में विभिन्न राज्यों से आने वाले कांवडियों को रोककर उनके द्वारा की जा रही कावंडयात्रा के बारे में जानकारी ली गई। भारी बरसात में भी यात्रा कर रहे शिव भक्त कावंडियों को कोतवाली पुलिस द्वारा फल व पानी की बोतलें वितरित करते हुए उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली गई एवं सभी से शांति एवं सोहार्द पूर्वक अपनी कावंड यात्रा पूर्ण करने की अपील की गई।

# सेलाकुई पुलिस ने इफ्काई यूनिवर्सिटी में किया नशे के विरुद्ध जन जागरूक अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** थाना सेलाकुई पुलिस ने थाना क्षेत्रांतर्गत स्थित द इफ्काई यूनिवर्सिटी में किया नशे के विरुद्ध जन जागरुक अभियान।

छात्र-छात्राओं को दी गयी ड्रग्स फ्री कैम्पस की जानकारी, भरवाये गये कॉन्सर्ट फॉर्म/ शपथ पत्र व पूर्व छात्रों हेतु अपनी वेबसाइट पर अपलोड किया गया कॉन्सर्ट फॉर्म/शपथ पत्र स्कूल/ कॉलेजो मे लगाये जा रहे ड्रग्स फ्री कैम्पस फ्लैक्सी/बैनर, गूगल मीट के माध्यम से भी छात्रहित में पुलिस द्वारा चलाया जा रहा ड्रग्स फ्री कैम्पस अभियान। अभियान के अंतर्गत यूनिवर्सिटी/कांलेज मे पढ़ने वाले समस्त छात्र-छात्रायें द्वारा मादक पदार्थ (ड्रग्स) का सेवन न करने के सम्बन्ध में भरा जा रहा है कॉन्पसेंट फॉर्म/शपथ पत्र।

द इफ्काई यूनिवर्सिटी' में छात्रों को संबोधित कर नशे की लत से दूर रहने एवं ड्रग्स फ्री कैंपस रखना के लिए किया गया प्रोत्साहित। थाना सेलाकुई पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रांतर्गत स्थित द इफ्काई यूनिवर्सिटी मे अध्धयनरत् छात्रा/छात्राओ को नशे के विरुद्ध थानाध्यक्ष सेलाकुई द्वारा सम्बोधित कर जागरुक किया गया एवं उक्त कार्यक्रम का लिंक गूगल मीट पर शेयर कर हजारो छात्र/छात्राओ को जोड़ा गया।

# सेब किसान को राज्य स्तरीय सम्मान

शाह टाइम्स संवाददाता

चकराता। कोरूवा गांव चकराता निवासी प्रगतिशील किसान वीरेंद्र सिंह तोमर को उन्नत सेब उत्पादन के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए राज्य स्तरीय सम्मान से नवाजा गया है। यह सम्मान उन्हें 'उत्तराखंड उन्नत ऐपल उत्पादन' के बैनर तले, इंडो-डच और कोका कोला के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में प्रदान किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने उन्हें यह पुरस्कार भेंट किया।

वीरेंद्र सिंह तोमर को यह सम्मान उनकी वैज्ञानिक पद्धति से की गई आधुनिक सेब और नगदी फसलों की खेती तथा गांव के अन्य



किसानों को प्रेरित करने के लिए दिया गया। उन्होंने अपने गांव में उन्नत किस्मों के सेबों की खेती शुरू कर अन्य किसानों के लिए मिसाल कायम की है। उनके प्रयासों से न केवल गांव के कई किसान अब उन्नत फल उत्पादन की ओर अग्रसर हो रहे हैं, बल्कि आस-पास के क्षेत्र में भी इसका सकारात्मक प्रभाव पड़ा है।

वीरेंद्र सिंह, सेवानिवृत्त संयुक्त सचिव, केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के छोटे भाई हैं। उन्होंने बताया कि खेती के क्षेत्र में उनकी सफलता उनके बड़े भाई के मार्गदर्शन का परिणाम है। वे केवल कृषि में ही नहीं, बल्कि सामाजिक कार्यों में भी सक्रिय हैं। उनके द्वारा स्थापित संस्था जेआरएसएम के माध्यम से विभिन्न विद्यालयों में पुस्तकालय स्थापित किए गए हैं और समाजसेवा के कई अन्य कार्य भी किए जा रहे हैं।

गौरतलब है कि वीरेंद्र सिंह ने किसानों के लिए कम लागत वाली सेब ग्रेडिंग मशीन भी उपलब्ध कराई है, जिससे उन्हें अपने उत्पादों की गुणवत्ता के अनुसार उचित मूल्य प्राप्त करने में मदद मिल रही है।

वीरेंद्र को मिला यह सम्मान जौनसार क्षेत्र के लिए भी गौरव का विषय है। ग्रामीणों और क्षेत्रवासियों ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

# राजस्व ग्रामों में हो रहा स्वच्छ भारत सर्वेक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चमोली।**जल शक्ति मंत्रालय की ओर से जनपद चमोली में स्वच्छ भारत सर्वेक्षण (ग्रामीण) 2025 किया जा रहा है। जिसके तहत जनपद के 9 विकास खंडों के 20 राजस्व ग्रामों का सर्वेक्षण कार्य किया जा रहा है। सर्वेक्षण रिपोर्ट के आधार पर मंत्रालय की ओर से योजनाओं में सुधार के साथ ही राज्य व जनपदों की रैंकिंग की जाएगी।

मुख्य विकास अधिकारी डॉ अभिषेक त्रिपाठी ने बताया कि जल शक्ति मंत्रालय की ओर से संचालित सर्वेक्षण कार्य लिए एकेडमी ऑफ मैनेजमेंट स्ट्डीज (एएमएस) का चयन किया गया है। एएमएस की ओर से जनपद चमोली 9 विकास खंडों के 20 राजस्व ग्रामों में सर्वेक्षण कार्य किया जा रहा है। कहा कि सर्वेक्षण के तहत चयनित गांवों में शौचालय की उपलब्धता और उसका उपयोग, ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन की स्थिति, सामुदायिक शौचालयों की व्यवस्था, खुले में शौच की स्थिति, स्वच्छता को लेकर जन सहभागिता एवं जागरूकता, ग्राम स्तर पर स्वच्छता योजनाओं का प्रभाव आदि का विस्तृत मूल्यांकन किया जाएगा। जिसके लिए मंत्रालय की ओर से टीम के माध्यम से सर्वेक्षण कार्य किया जा रहा है। टीम की ओर से डेटा संग्रहण, फील्ड ऑब्जर्वेशन, साक्षात्कार, ग्राम प्रधान एव पंचायत प्रतिनिधियों से बातचीत, स्कूलों व आंगनबाड़ी केंद्रों में स्वच्छता की स्थिति आदि का फोटोग्राफ्स दस्तावेजीकरण किया जा रहा है। सर्वेक्षण की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए लोकेशन टैगिंग सहित अन्य तकनीकों का उपयोग किया जा रहा है। सर्वेक्षण में नागरिक फीडबैक महत्वपूर्ण कार्य है। ऐसे में नागरिकों के सुगम फीडबैक के लिए मंत्रालय की ओर से स्वच्छता सर्वेक्षण ग्रामीण मोबाइल ऐप गूगल प्ले स्टोर पर उपलब्ध करवाया गया है। साथ ही आम नागरिक ीजजचे://चसंल. ह व व ह स म . बवउ/जवतम/चच/कमजंपसे?पक =बवउ.ह.इब.ह से डाउनलोड कर अपना फीडबैक दें। मुख्य विकास अधिकारी ने ग्रामीणों से सर्वेक्षण कार्य में फीडबैक देने का आग्रह किया है।

# कोटेश्वर महादेव की भूमि में विकसित होगा रुद्राक्ष वन

**रुद्रप्रयाग।** सावन के प्रथम सोमवार को कोटेश्वर महादेव की पावन भूमि पर 151 रुद्राक्ष के पौधे रोपे गए, जिसे केदारनाथ रुद्राक्ष वन के रूप में विकसित किया जाएगा। अगस्त्यमुनि के बाबा केदारनाथ दास सेवामंडल ने कोटेश्वर महादेव की 30 नाली भूमि पर 151 रुद्राक्ष के पौधे रोपे। इस क्षेत्र को केदारनाथ रुद्राक्ष वन के रूप में विकसित किया जाएगा, जो जिले का पहला रुद्राक्ष वन होगा। दास सेवामंडल के अध्यक्ष चंद्र सिंह नेगी ने बताया कि इस रुद्राक्ष वन की योजना पिछले दो वर्षों से चल रही थी। उन्होंने अपनी भूमि पर रुद्राक्ष के पौधे लगाने की अनुमति देने के लिए कोटेश्वर महादेव के महंत शिवानंद गिरि महाराज का आभार व्यक्त किया।

# दिवंगत कार्मिक जगूड़ी को पुलिस परिवार ने दी श्रद्धांजलि

■ बीती रविवार देर सांय सड़क दुर्घटना में हुई थी मृत्यु

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** गत रविवार देर सांय सड़क दुर्घटना में अपर उपनिरीक्षक संजीव नयन जगूड़ी की मृत्यु हो गई थी। सोमवार को पुलिस कार्यालय प्रांगण में एसपी समेत पुलिस कार्मिकों ने उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

जनपद में संचार शाखा में नियुक्त अपर उपनिरीक्षक संजीव नयन जगूड़ी की जवाड़ी बाईपास के समीप सडक दुर्घटना में मृत्यु हो गई। पुलिस कार्यालय प्रांगण में एसपी अक्षय प्रल्हाद कोंडे समेत पुलिस परिवार ने दिवंगत कार्मिक को श्रद्धांजलि दी। बता दें स्वर्गीय संजीव नयन जगूड़ी मूल रूप से ग्राम पुरोला, जिला उत्तरकाशी के निवासी थे। वर्ष 2009 में पुलिस विभाग की संचार शाखा में सहायक परिचालक के पद पर भर्ती हुए थे। जनपद में वे अगस्त 2014 से कार्यरत थे। वे अपने पीछे अपने बुजुर्ग माता-पिता, पत्नी व दो नाबालिग बच्चों को छोड़ गए हैं। पुलिस कार्मिक के असामयिक निधन होने पर पुलिस अधीक्षक समेत पुलिस परिवार ने श्रद्धांजलि प्रकट कर उनके शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना प्रकट की।

# श्रीनगर में बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग जगह-जगह रहा बाधित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** सोमवार को ऋषिकेश-बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर जगह-जगह भूस्खलन होने से यातायात बाधित रहा। सिरोबगड़, चमधार और फरासू के समीप पहाड़ी से अचानक मलबा व बोल्डर गिरने से आवाजाही कुछ घंटों तक प्रभावित रही।

सिरोबगड़ में मलबा गिरने के बाद हल्के वाहनों को वैकल्पिक मार्ग डुंगरीपंत-छांतीखाल होते हुए रुद्रप्रयाग की ओर भेजा गया। करीब दोपहर एक बजे सिरोबगड़ मार्ग खोल दिया गया, लेकिन इसके तुरंत बाद चमधार में मलबा आने से मार्ग फिर अवरुद्ध हो गया। इससे श्रीनगर से रुद्रप्रयाग, चमोली जाने वाले और श्रीनगर आने वाले वाहनों को घंटों इंतजार करना पड़ा। कुछ दोपहिया वाहन चालकों ने वैकल्पिक देवलगढ़ मार्ग से श्रीनगर का रास्ता तय किया।

मौके पर एनएच लोनिवि विभाग ने जेसीबी मशीन तैनात कर मार्ग से मलबा हटाया। करीब आधे घंटे बाद मार्ग सुचारु हो पाया, लेकिन पहाड़ी से छोटे पत्थर गिरने का सिलसिला बना रहा, जिससे खतरा बना रहा। फरासू के समीप नए भूस्खलन क्षेत्र ने भी यातायात को प्रभावित किया। यहां हाईवे का एक बड़ा हिस्सा अलकनंदा नदी की झील में समा चुका है।

# मतदान केंद्रों के लिए पांच पोलिंग पार्टियां रवाना

■ पोलिंग पार्टियों में एसडीआरएफ के जवानों की भी की गई तैनाती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चमोली।**जनपद चमोली में 24 जुलाई को होने वाले त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तहत प्रथम चरण की मतदान प्रक्रिया को सुचारु रूप से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन द्वारा दूरस्थ क्षेत्र के लिए पोलिंग पार्टियों को रवाना कर दिया गया है। जनपद में हो रही बारिश और पोलिंग पार्टी की सुरक्षा को देखते हुए दल के साथ एसडीआरएफ के जवानों की तैनाती भी की गई है।

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के प्रथम चरण के लिए कुल 258 पोलिंग पार्टियों को रवाना किया जाना है। जिसके लिए सोमवार को जोशीमठ विकासखंड के पांच दूरस्थ मतदान केंद्रों के लिए पोलिंग पार्टियों को जोशीमठ से रवाना किया गया। जनपद में मौसम के चलते आपदा की संभावनाओं को देखते हुए द्रोणागिरी, भर्की, भेंटा, डुमक और गंणाई मतदान केंद्रों के लिए पोलिंग पार्टियों को रवाना किया गया है। वहीं मंगलवार को 79 और बुधवार को 174 पोलिंग पार्टियों को विभिन्न ब्लॉक मुख्यालयों से रवाना किया जाएगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप तिवारी ने बताया कि जनपद में प्रथम चरण के मतदान के लिए सभी तैयारियां पूर्ण की जा चुकी हैं। जनपद में मौसम की स्थिति को देखते हुए पांच पोलिंग पार्टियों को मतदेय स्थल के लिए रवाना कर दिया गया है। जबकि अन्य टीमों को निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार रवाना किया जाएगा। बताया कि पोलिंग पार्टियों की सुरक्षा को देखते हुए दल में एसडीआरएफ के जवानों की तैनाती की गई है। साथ ही सभी रिटर्निंग अफसरों को पोलिंग पार्टियों को समय से सुरक्षित गंतव्य तक पहुंचाने के निर्देश दिए गए हैं।

# टिहरी में विशेष टीकाकरण सप्ताह शुरू

**नई टिहरी।** जनपद टिहरी गढ़वाल में सोमवार को मीजल्स-रूबेला उन्मूलन हेतु विशेष टीकाकरण सप्ताह का शुभारंभ जिला अस्पताल बौराड़ी में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. श्याम विजय द्वारा किया गया। इस विशेष अभियान का उद्देश्य पांच वर्ष तक के उन बच्चों को एमआर-1 एवं एमआर-2 की खुराक देना है, जो नियमित टीकाकरण से छूट गए हैं।डॉ. श्याम विजय ने बताया कि मीजल्स और रूबेला जैसी गंभीर बीमारियों के उन्मूलन के लिए समस्त स्वास्थ्य इकाइयों, आंगनबाड़ी केंद्रों और स्कूलों के समन्वय से विशेष टीकाकरण सत्र आयोजित किए जाएंगे।

# शिवालयो मे भक्तों का तांता



शाह टाइम्स संवाददाता

डोईवाला, श्रावण मास के दूसरे सोमवार को शिवालयो मे भक्तो का तांता लगा रहा। श्रद्धालुओं ने महादेव की पूजा अर्चना कर सुख शान्ति की कामना की। मनोकामना सिद्ध पीठ मंदिर अग्रवाल धर्मशाला मे कावडियो के लिए आयोजित भंडारे मे भोले के भक्तो ने प्रसाद ग्रहण कर भगवान महादेव की जय जयकार की। मंदिर के पुजारी पंडित रमेश चंद्र डंडरियाल ने कहा कि प्रत्येक वर्ष श्रावण मास में भोले के भक्तों के लिए भंडारे का आयोजन किया जाता है इस बार भी यह आयोजन किया जा रहा है, उन्होंने कहा कि श्रावण मास में जो भी श्रद्धा से भगवान भोले की पूजा अर्चना करता है, उसकी मनोकामना अवश्य पूर्ण होती हैव इस अवसर पर राकेश गुप्ता, नीरज सिंघल, ईश्वर चंद्र अग्रवाल, अश्वनी गुप्ता, सिमरन गोयल, बंता बाली, पिंकी साहनी, राजकुमार अरोड़ा, शिखा गुप्ता, हेमा डंडरियाल आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# उत्तराखंड के विकास में नाबार्ड का अहम योगदानः डा. धन सिंह

**नाबार्ड के 44वें स्थापना दिवस समारोह में कहा, नाबार्ड के सहयोग से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को करेंगे मजबूत**



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** उत्तराखंड के विकास में राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) का बड़ा योगदान है। नाबार्ड के सहयोग से राज्य में कई योजनाएं धरातल पर उतरी है और आम लोगों को उसका भरपूर लाभ मिला है और भविष्य में भी नाबार्ड का सहयोग लेकर विकास की गति को आगे बढ़ाया जायेगा। खास कर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के लिये नाबार्ड के साथ काम किया जाएगा।

यह बात प्रदेश के सहकारिता मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने नाबार्ड के 44वें स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि कही। आईटी पार्क, देहरादून स्थित नाबार्ड के क्षेत्रीय कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में डॉ रावत ने उत्तराखंड के विकास में नाबार्ड की महत्वपूर्ण भूमिका का उल्लेख किया।

उन्होंने ग्रामीण भारत के संवर्धन में समर्पित नाबार्ड के क्रियाकलापों के विषय में बताया तथा कृषि और ग्रामीण विकास में महत्वपूर्ण योगदान हेतु नाबार्ड का आभार व्यक्त किया। डॉ रावत ने अपने संबोधन में चिंता जाहिर करते हुए कहा कि उत्तराखण्ड एवं संपूर्ण देश में कृषकों की संख्या में निरंतर कमी आ रही है जो एक चिंता का विषय है। उन्होंने इसके समाधान हेतु नाबार्ड के साथ मिलकर काम करने की बात कही। उन्होंने कहा कि सहकारिता के क्षेत्र में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस क्षेत्र में महिलाओं के लिए 33 फीसदी आरक्षण का प्रावधान किया है। बहुउद्देशीय सहकारी समितियों में सचिव की नियुक्ति के लिए मॉडल बाय लॉज एक्ट का प्रावधान किया गया है। डॉ रावत ने आशा जताई कि नाबार्ड के सहयोग से उत्तराखंड राज्य और तेजी से विकास करेगा और आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर होगा। नाबार्ड स्थापना दिवस समारोह के उपलक्ष्य में आयोजित पैनल चर्चा में विभिन्न गणमान्य व्यक्तियों द्वारा "समावेशी विकास के लिए ग्रामीण उद्यम का प्रोत्साहन" विषय पर विचार रखे गए। सचिव कृषि एवं कृषक कल्याण डॉ. सुरेन्द्र नारायण पाण्डेय ने नाबार्ड के द्वारा किए जा रहे विकासात्मक कार्यों की सराहना की। इसके अतिरिक्त उन्होंने जलवायू अनुकूल कृषि के साथ साथ एफपीओ को बढ़ावा देने पर जोर दिया।

इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ठ क्रियान्वनय के लिए चार बहुउद्देशीय-प्राथमिक कृषि ऋण समितियों जिसमें मोटाहल्दू एम-पैक्स नैनीताल, सेमंडीधार एम-पैक्स, टिहरी गढ़वाल, सहसपुर एम-पैक्स, देहरादून एवं नाई एम-पैक्स, नैनीताल को एवं तीन जिला सहकारी बैंकों जिसमें जिला मध्यवर्ती सहकारी बैंक, यू.एस.नगर, चमोली एवं कोटद्वार को कार्यक्रम के दौरान पुरस्कृत किया गया। समारोह में डॉ. सुरेन्द्र नारायण पाण्डेय, कृषि एवं कृषक कल्याण सचिव, इस अवसर पर शशि कुमार, महाप्रबंधक, नाबार्ड, नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक पंकज यादव, नाबार्ड के महाप्रबंधक डॉ. सुमन कुमार, विनोद कुमार, उप महाप्र. बंधक, भारतीय स्टेट बैंक, राजीव पंत, एसएलबीसी संयोजक, विभिन्न विभागों के विभाग प्रमुख, हरिहर पटनायक, अध्यक्ष, उत्तराखण्ड ग्रामीण बैंक, प्रदीप महरोत्रा, प्रबंध निदेशक, उत्तराखण्ड राज्य सहकारी बैंक, विभिन्न वाणिज्यिक बैंक एवं अन्य संस्थाओं के प्रतिनिधि, एनजीओ एवं नाबार्ड के स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

# भट्ट ने की नड्डा से मुलाकात पंचायत चुनाव को लेकर चर्चा

**■ प्रदेश में जारी पंचायत चुनाव प्रक्रिया की दी जानकारी ■ प्रचंड जीत का भरोसा दिलाया**



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा से सोमवार को मुलाकात की। इस दौरान पुनः प्रदेश संगठन का दायित्व सौंपने के लिए आभार व्यक्त करते हुए उन्होंने पंचायत चुनाव समेत अन्य सांगठनिक कार्यक्रमों की जानकारी दी।

मानसून सत्र के दौरान भट्ट ने नड्डा से उनके संसदीय चौंबर में यह शिष्टाचार भेंट की। जिसमें उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष को उन्हें पुनः प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी देने पर धन्यवाद किया। साथ ही उनके माध्यम से केंद्रीय नेतृत्व को विश्वास दिलाया कि वह पार्टी की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का हर संभव प्रयास करेंगे। मुलाकात में उन्होंने प्रदेश में जारी पंचायत चुनाव प्रक्रिया की जानकारी देते हुए इसमें भी प्रचंड जीत का भरोसा दिलाया। वहीं इस संबंध में प्रदेश संगठन की चुनावी तैयारियों और रणनीति की चर्चा की। इसके अतिरिक्त पार्टी के वर्तमान और आगामी कार्यक्रमों को लेकर प्रदेश में जारी सांगठनिक गति. विधियों से राष्ट्रीय अध्यक्ष को अवगत कराया।

# पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचा विकास : रेखा आर्या

## अल्मोड़ा जनपद में कैबिनेट मंत्री ने किया चुनाव प्रचार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून/अल्मोड़ा।** कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने सोमवार को अल्मोड़ा जनपद में डिगरा जिला पंचायत क्षेत्र से जिला पंचायत सदस्य पद के लिए भारतीय जनता पार्टी समर्थित उम्मीदवार पंकज बजेली के समर्थन में गांव सुपाकोट और निरई में जनसंपर्क एवं जनसभा के द्वारा चुनाव प्रचार किया।इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की केंद्र और राज्य सरक. ारों ने विकास के नए-नए आयाम स्थापित किए हैं। समाज में अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंच रहा है। कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि कांग्रेस सिर्फ गरीबी हटाने के नारे देती थी, लेकिन मोदी सरकार ने इस नारे को हकीकत में बदल दिया। रेखा आर्या ने कहा कि अंतिम पंक्ति में खड़े हुए व्यक्ति का विकास बीजेपी का सबसे पहला लक्ष्य है, अंत्योदय की अवधारणा को साकार करना है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की देवतुल्य जनता अगर भाजपा समर्थित उम्मीदवार को जिताकर जिला पंचायत के स्तर पर भी ट्रिपल इंजन सरकार बनाती है, तो विकास की धारा और तीव्र होगी। इस अवसर पर लाल सिंह बजेठा, मोहन सिंह, श्याम सिंह रौतेला, गिरीश राम, पूर्व प्रधान गिरीश भंडारी, देवेन्द्र सिंह, पाल सिंह भंडारी, दीवान राम, प्रकाश नेगी, दीवान राम, श्याम सिंह आदि उपस्थित रहे।



# हरित पखवाड़ा-नगर निगम ने कारगी में चलाया वृक्षारोपण अभियान

**कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रहे महापौर सौरभ थपलियाल**

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** नगर निगम देहरादून की ओर से हरित पखवाड़े के अंतर्गत करगी कूड़ा संग्रहण केंद्र के निकट वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में महापौर सौरभ थपलियाल उपस्थित रहे। आज का कार्यक्रम नगर निगम देहरादून के पर्यावरण मित्रो के सहयोग से आयोजित किया गया। महापौर सौरभ थपलियाल ने पर्यावरण मित्रों को शुभकामनाएं देते हुए और बेहतर ढंग से अपना कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया।



हरित पखवाड़े के अंतर्गत 31 जुलाई तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। नगर निगम की ओर से हरित पखवाड़े के तहत अब तक 30000 से ज्यादा पौधे अलग-अलग स्थानों पर आरोपित किया जा चुके हैं।

# भीम आर्मी का स्थापना दिवस मनाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** गोलछा कंपाउंड स्थित कार्यालय में भीम आर्मी का 10वां स्थापना दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मिठाई वितरण से हुई, जिसके बाद कार्यकर्ताओं ने सभा कर संगठन की उपलब्धियों और संघर्षों को याद किया। इस अवसर पर भीम आर्मी के नैनीताल जिलाध्यक्ष नफीस अहमद खान ने सभा को संबोधित किया। नफीस खान ने कहा कि भीम आर्मी के संस्थापक और सहारनपुर के युवा वकील चंद्रशेखर आज़ाद (रावण) आज दलित समाज के बीच आधुनिक अंबेडकर के रूप में देखे जाते हैं। उन्होंने कहा, चंद्रशेखर वह नाम है, जिसे दलित, पिछड़ा और अल्पसंख्यक समाज आज अपना सच्चा नेता मानता है। भीम आर्मी की स्थापना 21 जुलाई 2015 को



सहारनपुर के कुछ युवाओं द्वारा की गई थी, जिसमें प्रमुख भूमिका सतीश कुमार और चंद्रशेखर आज़ाद ने निभाई। नफीस अहमद खान ने कहा कि भीम आर्मी अब केवल उत्तर प्रदेश तक सीमित नहीं है, बल्कि भारत के 28 राज्यों में अपनी उपस्थिति दर्ज करा चुका है। यह संगठन एससी, एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्यक समुदाय के अधिकारों की रक्षा के लिए निरंतर संघर्ष कर रहा है। उन्होंने कहा कि चंद्रशेखर आज़ाद को आज दलित समाज का मसीहा माना जाता है। कार्यक्रम में सिराज अहमद, जीतराम, हरीश लोधी, फिरोज खान, संजय कुमार टम्टा, महेश चंद्र आर्य, नवीन मूलनिवासी, बालकिशन राम, सलीम अहमद, असलम खान समेत कई कार्यकर्ता एवं सामाजिक कार्यकर्ता रहे।

# काठगोदाम पुलिस ने स्मैक के साथ एक तस्कर दबोचा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** काठगोदाम पुलिस ने स्मैक के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार एसआई नीतू सिंह ने टीम के साथ गश्त के दौरान कालीचौड़ मंदिर के पास से बलवंत बिष्ट उर्फ बबलू शिकारी पुत्र स्व. नारायण सिंह बिष्ट निवासी पूर्वी खेड़ा चौकी खेड़ा को पकड़ा। तलाशी में उसके पास से 4.40 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर मुकदमा दर्ज किया। उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया।

# पुलिस ने दो सटोरिए पकड़े

**हल्द्वानी।** बनभूलपुरा पुलिस ने सट्टे की खाईबाड़ी करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार बनभूलपुरा पुलिस क्षेत्र में गश्त कर रही थी तभी लाइन नंबर 18 से खालिद पुत्र ताहिर निवासी लाइन नंबर 18 को रंगेहाथ सट्टे की खाईबाड़ी करते पकड़ा। उसके पास से 2080 रुपये और सट्टे की पर्चियां बरामद की गई। वहीं दूसरे ओर पुलिस ने स्टालटर हाउस के पास से शकील पुत्र रईश अहमद निवासी इन्द्रानगर को 1460 रुपए और सट्टे की पर्चियों के साथ गिरफ्तार किया। बनभूलपुरा के प्रभारी थानाध्यक्ष सुशील जोशी ने बताया कि जब पुलिस मौके पर पहुंची तो आरोपी झुंड के बीच थे और लोगों से सट्टा लगवा रहे थे। सटोरियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर न्यायलय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

# पोलिंग टीमों का प्रशिक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तैयारियों के तहत मेडिकल कॉलेज सभागार में हल्द्वानी विकास खंड के सेक्टर/जोनल मजिस्ट्रेटों और मतदान अधिकारियों को सैद्धांतिक व व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया। इसमें 1085 पीठासीन अधिकारी और अन्य मतदान कार्मिक शामिल हुए। जिला विकास अधिकारी गोपाल गिरी गोस्वामी ने अधिकारियों को उनके दायित्वों और आचार संहिता का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मास्टर ट्रेनरों ने मतपेटी सीलिंग, टेंडर वोटर, मतदान केंद्र की व्यवस्था और रिपोर्टिंग प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। मंगलवार को कोटाबाग और भीमताल विकास खंड के कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण में प्रभारी मास्टर ट्रेनर एचबी चंद और नोडल अधिकारी राजेंद्र पांडे भी मौजूद रहे।

# उत्तर प्रदेश सरकार लिखी कार ने तीन बच्चों को रौंदा

**हल्द्वानी।** गौलापार क्षेत्र में एक दर्दनाक हादसे में तीन बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा उस समय हुआ जब तीनों एक खराब बाइक को पैदल धक्का देकर दूसरे स्थान पर ले जा रहे थे। इसी दौरान उत्तर प्रदेश सरकार की नंबर प्लेट लगी एक कार ने उन्हें टक्कर मार दी। घटना के संबंध में काठगोदाम पुलिस को दी गई तहरीर में पश्चिमी खेड़ा गौलापार निवासी चंदन सिंह बिष्ट ने बताया कि उनका बेटा अपने दोस्त 14 वर्षीय हिमांशु राज और अभय राज पुत्रगण राजीव के साथ घर से निकला था। तीनों बच्चे खराब बाइक को पैदल खींचते हुए एक अन्य स्थान पर पार्क करने जा रहे थे। अचानक उत्तर प्रदेश सरकार लिखी कार ने उन्हें तेज रफ्तार से टक्कर मार दी।

# गाने के माध्यम से महिलाओं व देवभूमि की छवि धूमिल करना निन्दनीय : कुसुम

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** गायक पवन सेमवाल के गाए वायरल गीत में अभद्र भाषा व महिलाओं को लेकर वेश्यावृत्ति जैसी गलत टिप्पणी को लेकर राज्य महिला आयोग ने संज्ञान लियाहै।

मामले में आयोग की अध्यक्ष कुसुम कण्डवाल ने गायक पवन सेमवाल के गाने के माध्यम से सोशल मीडिया इत्यादि पर देवभूमि की छवि बिगाड़ने तथा यहां पर वैश्यावृत्ति कराने को लेकर की गई टिप्पणी पर सख्त रुख अपनाया है। उन्होंने कहा कि यह अत्यंत निन्दापूर्ण है कि एक गायक प्रदेश से बाहर रहकर देवभूमि उत्तराखंड के लिए अपशब्दों का प्रयोग कर मातृशक्ति व यहां की छवि को धूमिल करने का प्रयास कर रहा है।



**■ मामले में एसएसपी अजय सिंह से गायक पवन सेमवाल के विरुद्ध त्वरित कार्रवाई के निर्देश**

उन्होंने मामले में देहरादून के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह से पवन सेमवाल, गायक के विरूद्ध त्वरित कार्यवाही किये जाने के सम्बन्ध निर्देशित किया है। उन्होंने पत्र के माध्यम से कहा कि सोशल मीडिया के माध्यम से आयोग के संज्ञान में आया है कि पवन सेमवाल, जो कि पेशे से गायक हैं, उनके द्वारा अपने गीत में महिलाओं के सन्दर्भ में अभद्र व अश्लील शब्दों का प्रयोग करते हुए गाया है कि श्प्रदेश के मुख्यमंत्री, पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में वैश्यालय व मदिरालय खुल गये हैं। गायक पवन सेमवाल द्वारा महिलाओं के विरूद्ध अपने गीत में इस तरह की महिलाओं को केंद्रित करने वाले अभद्र शब्द वैश्यावृत्ति जैसी टिप्पणी करना, उनकी महिलाओं के प्रति गलत / अभद्र मानसिकता को प्रदर्शित करता है, जो शर्मनाक व अशोभनीय है। इनके द्वारा इस तरह का गीत गाकर महिलाओं सहित देवभूमि की छवि धूमिल करने की कोशिश की गयी है, जो कि बर्दाश्त करने योग्य नहीं है। उत्तराखण्ड राज्य महिला आयोग इसकी घोर निन्दा करता है। उन्होंने कहा कि गायक पवन सेमवाल के विरूद्ध तत्काल प्रभाव से त्वरित कार्यवाही कर आयोग को अवगत कराएं।

# अवैध नहीं, सरकारी मान्यता प्राप्त है आवास विकास

## मकानों पर लाल निशानः कांग्रेस नेता ललित जोशी ने प्रशासन पर साधा निशाना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शहर के विभिन्न इलाकों अवास विकास, बमौरी, लालडांठ और राजपुरा में प्रशासन द्वारा लगाए गए अतिक्रमण हटाओ के लाल निशानों को लेकर सियासत गरमा गई है। कांग्रेस नेता और पूर्व दर्जा मंत्री ललित जोशी ने प्रशासन पर दोहरा रवैया अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि यह कार्रवाई जनभावनाओं के खिलाफ है और लोगों में अनावश्यक भय का माहौल पैदा किया जा रहा है। सोमवार को नैनीताल रोड स्थित एक रेस्टोरेंट में पत्रकार वार्ता करते हुए ललित जोशी ने कहा प्रशासन नालों के किनारे



अतिक्रमण हटाने के नाम पर भेदभाव कर रहा है। एक ओर जहां 50 फुट दूरी तक बने मकानों को अवैध बताया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर कई स्थानों पर नालों से सटे भवनों को बाकायदा नक्शा स्वीकृति दी गई है। उन्होंने प्रशासन से सवाल किया कि आखिर नियमों की यह दोहरी व्याख्या क्यों की जा रही है? क्या कानून सबके लिए एक समान नहीं होना चाहिए? जोशी ने यह भी बताया कि प्रशासन 1930 के नक्शे के आधार पर कार्यवाही कर रहा है, जबकि उस समय हल्द्वानी का अधिकांश हिस्सा जंगल हुआ करता था। जोशी ने शहर की जल निकासी व्यवस्था के स्थायी समाधान के लिए एक सामूहिक परियोजना का सुझाव भी दिया। उन्होंने कहा कि सभी नालों को उनके उद्गम स्थलों से जोड़कर गौला नदी तक ले जाने की योजना बनाई जाए और इस योजना को सीधे जमरानी बांध परियोजना में शामिल किया जाए। ललित जोशी ने यह भी कहा कि जिस आवास विकास कॉलोनी को अब अतिक्रमण क्षेत्र बताया जा रहा है, उसकी स्थापना 1970 के दशक में तत्कालीन मुख्यमंत्री नारायण दत्त तिवारी के कार्यकाल में हुई थी। उन्होंने कहा इस कॉलोनी की नक्शा स्वीकृति में उस समय के कुमाऊं आयुक्त और जिलाधिकारी के हस्ताक्षर मौजूद हैं। यह एक विधिवत सरकारी रजिस्ट्रीत कॉलोनी है। अब वहां लाल निशान लगाकर अतिक्रमण का नाम देना केवल लोगों को डराने की रणनीति है। पत्रकार वार्ता में पार्षद प्रीति आर्या, जया कर्नाटक, नेत्रबल्लभ कांडपाल आदि मौजूद रहे।

# दो बाइक चोर, एक खरीदार गिरफ्तार

## किच्छा के मो. हसन को बेची थी 4 हजार की चोरी की बाइक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बीते दिनों शहर व बेस अस्पताल से हुई बाइक चोरी मामले में पुलिस ने खुलासा करते हुए दो शातिर बाइक चोर सहित चोरी की बाइक खरीदने वाले को भी गिरफ्तार किया है। पकड़े गए शातिर चोरों के पास से पुलिस ने शहर से चोरी की गई तीन बाइक बरामद की है। पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया जहां से तीनों को जेल भेज दिया। सोमवार को बहुद्देशीय भवन में बाइक चोरी का खुलासा करते हुए एसएसपी पीएन मीणा ने बताया कि पिछले दिनों दो बाइक बेस अस्पताल से और एक नानक स्वीट हाउस के पास से चोरी हुई थी। तीनों मामलों में मुकदमा दर्ज कर कोतवाल राजेश कुमार यादव को चोरों को पकड़ने के निर्देश दिए गए। पुलिस ने सीसीटीवी खंगाले और चोरों की तलाश करते



हुए उत्तराखंड मुक्त विश्व विद्यालय के पास जीतपुर नेगी वाले जंगल से शातिरों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने जंगल से ही चोरी की गई बाइक भी बरामद की। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम आशीष राम उर्फ कांचा पुत्र पप्पू राम निवासी राजेन्द्र नगर वार्ड-13 राजपुरा और हिमांशु सम्मल पुत्र राजेन्द्र सिंह सम्मल निवासी लछमपुर कुंवरपुर चोरगलिया बताए। साथ ही बताया कि दोनों मिलकर चोरी करते थे और किच्छा ले जाकर वार्ड-15 कुरैशी मोहल्ला किच्छा निवासी मो. हसन पुत्र रहीम बख्श को बेच थे। बताया जा रहा कि दोनों शातिरों ने चोरी की गई एक बाइक किच्छा के मो. हसन को 4 हजार में बेची थी। जबकि अन्य दो बाइकें जंगल में छिपा दी थीं। पुलिस ने शातिर दोनों की निशानदेही पर जगल में छुपाई गई दो बाइकों के साथ किच्छा के रहने वाले मो. हसन को भी गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा कि पकड़े गए आरोपी पूर्व में भी जेल जा चुके है। एसएसपी पीएन मीणा ने गुडवर्क करने वाली टीम को ढाई हजार ईनाम की घोषणा की है। टीम में एसआई अनिल कुमार, एसआई सिमरन, एएसआई मनमोहन सिंह रौतेला, कांस्टेबल संतोष बिष्ट, अनिल गिरी, दिनेश नगरकोटी शामिल थे।

# मंडल आयुक्त को बताई समस्याएं

## स्वास्थ्य सुविधाएं, वृद्धाश्रम की स्थिति और स्थानीय मुद्दों पर ध्यान देने की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सुराज सेवादल ने सोमवार को कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत को हल्द्वानी की प्रमुख समस्याओं और जनहित से जुड़ी मांगों को लेकर एक ज्ञापन सौंपा। प्रदेश अध्यक्ष रमेश जोशी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने आयुक्त को बताया कि हल्द्वानी सहित नैनीताल जनपद के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की गंभीर कमी है। अर्धसैनिक बलों के प्रतिनिधि विष्णु दत्त उपाध्याय ने विशेष रूप से एक ऐसे स्थायी स्वास्थ्य कार्यालय की स्थापना की मांग की जो जनसाधारण के साथ-साथ पूर्व सैनिकों और अर्धसैनिक बलों के परिवारों को भी प्राथमिकता के आधार पर चिकित्सा सुविधाएं प्रदान कर सके। इसके साथ ही एनजीओ प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष शशि सिंह ने गोलापार स्थित



विरासत वृद्धाश्रम में रह रहे बुजुर्गों की समस्याओं की ओर आयुक्त का ध्यान आदृष्ट कराया। उन्होंने बताया कि वृद्धाश्रम में रहने वाले बुजुर्गों को स्वास्थ्य, पोषण और देखरेख से जुड़ी मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं, जिसके चलते उनका जीवन संकटपूर्ण बना हुआ है। सुराज सेवादल ने आयुक्त से अनुरोध किया कि इन समस्याओं पर तत्काल प्रभाव से आवश्यक कदम उठाए जाएं और प्रशासनिक स्तर पर सुधारात्मक कार्रवाई की जाए, ताकि जनता को राहत मिल सके। ज्ञापन देने वालों में विशाल शर्मा, विनोद पाठक, बलबीर बाफिला, प्रशांत सनवाल, लोकमणी, उमेश पाठक, नवीन पंत, पूजा रावत, दया, मीनाक्षी आदि मौजूद रहे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**स्थानीय सम्पादक**
**चेतन गुरूंग**
**देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून**
☎0135-2743363
**R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656**
मोबाइल-9720007290
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# फारुख-क्लाइव के नाम ओल्डट्रैफर्ड में स्टैंड होंगे




● **भारत-इंग्लैंड चौथे टेस्ट में सम्मान मिलेगा, लंकाशायर के लिए भारत के पूर्व विकेटकीपर 175 मैच खेले**

**मैनचेस्टर, वार्ता।** भारत के पूर्व विकेटकीपर फारुख इंजीनियर और वेस्टइंडीज के दिग्गज कप्तान क्लाइव लायड के नाम पर अब इंग्लैंड के ऐतिहासिक ओल्ड ट्रैफर्ड मैदान में स्टैंड होंगे। यह सम्मान उन्हें उनकी पूर्व काउंटी टीम लंकाशायर द्वारा दिया जाएगा।

सूत्रों के मुताबिक, यह स्टैंड- नामकरण समारोह भारत और इंग्लैंड के बीच 23 जुलाई से शुरू हो रहे चौथे टेस्ट के पहले दिन आयोजित हो सकता है। इंग्लैंड पांच मैचों की सीरीज में फिलहाल 2-1 से आगे है। इंग्लैंड क्रिकेट के एक अधिकारी ने कहा, यह दोनों दिग्गजों के लिए एक उपयुक्त और सम्मानजनक पहल है। फारुख इंजीनियर ने 1968 से 1976 के बीच लंकाशायर के लिए 175 मैच खेले, जिसमें उन्होंने 5942 रन, 429 कैच और 35 स्टंपिंग कीं। उनके आने से पहले लंकाशायर ने 15 सालों में कोई बड़ा खिताब नहीं जीता था, लेकिन उनकी मौजूदगी में टीम ने 1970 से 1975 के बीच गिलेट कप चार बार जीता।

दो बार के वर्ल्ड कप विजेता कप्तान क्लाइव लायड ने लंकाशायर के साथ करीब दो दशक बिताए और टीम के खेल में क्रांतिकारी बदलाव लाए। वे 1970 के दशक में एक विदेशी खिलाड़ी के रूप में क्लब में शामिल हुए थे। 87 साल के फारुख इंजीनियर ने मैनचेस्टर को ही अपना स्थायी निवास बना लिया है। उन्होंने क्लब की वेबसाइट को एक पुराने इंटरव्यू में बताया था, ओल्ड ट्रैफर्ड एक शानदार जगह थी, लोग हमें देखने के लिए दूर-दूर से आते थे। उन्होंने आगे कहा, ड्रेसिंग रूम से हम वारविक रोड रेलवे स्टेशन को देख सकते थे, और मैच से पहले ट्रेनों से भीड़ उतरती थी, उत्साहित आवाजें और हंसी की गूंज सुनाई देती थी। हमारे लाकर आटोग्राफ और पार्टी इन्विटेशन से भरे रहते थे। क्लाइव लायड, हैरी पिलिंग, पीटर लेवर और केन शटलवर्थ जैसे नामों से टीम की खूब चर्चा होती थी।

हम उस दौर की सबसे फेमस वनडे टीम बन गए थे। दिलचस्प बात यह है कि जहां फारुख इंजीनियर ने भारत में ब्रेबार्न स्टेडियम में सबसे ज्यादा क्रिकेट खेला, वहां उनके नाम पर कोई स्टैंड नहीं है। भारत के पूर्व कप्तान दिलीप वेंगसरकर, जो निजी दौरे पर मैनचेस्टर में हैं, इस समारोह में शामिल हो सकते हैं। क्लब के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहेंगे।




# सुमित ने जीता 60 किग्रा ग्रीको-रोमन वर्ग में रजत पदक

● **टूर्नामेंट में भारत ने तीन स्वर्ण, तीन रजत और चार कांस्य सहित कुल 10 पदकों के साथ अभियान खत्म किया**

**बुडापेस्ट, वार्ता।** अंडर-23 एशियाई चैंपियन सुमित ने पॉलीक इमरे और वर्गा जानोस मेमोरियल 2025 कुश्ती चैंपियनशिप के 60 किग्रा ग्रीको-रोमन वर्ग में रजत और अनिल मोर ने 55 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक जीता। टूर्नामेंट में भारत ने तीन स्वर्ण, तीन रजत और चार कांस्य सहित कुल 10 पदकों के साथ अपने अभियान का समापन किया। चैंपियनशिप के आखिरी दिन रविवार को हुए फाइनल मुकाबले में भारतीय पहलवान को अजरबैजान के यूरोपीय चैंपियन और गैर-ओलंपिक 60 किग्रा वर्ल्ड चैंपियन निहात माम्मदली से 1-5 से हार के साथ रजत पदक से संतोष करना पड़ा। सुमित ने प्री-क्वार्टर फाइनल में सादिक लालाईव को 9-3, क्वार्टर फाइनल में कोरिया के डेहयूम किम को 7-4 से फॉल के जरिए शिकस्त दी थी और सेमीफाइनल में कजाकिस्तान के गालिम कबदुनास्सारोव को 10-1 से हराया। वहीं, भारत के अनिल मोर ने ग्रीको-रोमन 55 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक जीता। उन्होंने उज्बेकिस्तान के इक्थियोर बोटिरोव को 7-4 से हराया। इससे पहले अनिल ने मई में उलानबतार ओपन में इसी कैटेगरी में स्वर्ण पदक जीता था। हालांकि, क्वार्टर फाइनल में अनिल को यूरोपीय चैंपियन एमिन सेफरशायेव से 1-6 से हार का सामना करना पड़ा था, लेकिन उन्होंने रेपेचेज में मोल्डोवा के अर्तिओम डेलीअनु को 7-0 से हराकर कांस्य पदक मैच में जगह बनाई।

# एशिया कप पाक टीम भारत नहीं आएगी

● **सुरक्षा को लेकर चिंता जताई, भारतीय टीम भी पाकिस्तान में चैंपियंस ट्रॉफी खेलने नहीं गई थी**

● **विश्व चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स में भारत-पाक मैच भी रद्द, वालीबाल टूर्नामेंट पाक से उज्बेकिस्तान ट्रांसफर**

**नई दिल्ली/कराची, वार्ता।** पाकिस्तान हॉकी टीम भारत में होने वाले एशिया कप में भाग लेने के लिए नहीं आएगी। पाकिस्तान हॉकी फेडरेशन (पीएचएफ) ने अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) को बताया कि भारत में मौजूदा हालात और सुरक्षा चिंताओं के कारण यह फैसला लिया है। हॉकी एशिया कप 27 अगस्त से होना है, जो 7 सितम्बर तक बिहार के राजगीर स्टेडियम में खेला जाएगा। इससे पहले भारतीय क्रिकेट टीम इस साल फरवरी-मार्च में हुए चैंपियंस ट्राफी में पाकिस्तान खेलने के लिए नहीं गई थी। भारत ने अपने सभी मैच न्यूट्रल वेन्यू दुबई में खेले थे। पीएचएफ के अध्यक्ष तारिक बुगती ने बताया कि हमारे खिलाड़ी भी भारत में होने वाले एशिया कप में हिस्सा लेने के लिए उत्सुक नहीं हैं। यह टूर्नामेंट वर्ल्ड कप का क्वालिफिकेशन भी है।

बुगती ने यह भी बताया कि एफआईएच और एएचएफ को यह तय करना है कि टूर्नामेंट और पाकिस्तान के मैचों को लेकर क्या करना है। भारत ने साल 2024 में चीन में खेले गए एशियन चैंपियंस ट्राफी के फाइनल में चीन को हराया था। पीएचएफ प्रमुख ने यह भी सवाल उठाया कि भारत में उनकी टीम की सुरक्षा की क्या गारंटी है।

# भारत 'ए' पुरुष हॉकी टीम को नीदरलैंड ने रौंदा



**नीदरलैंड, वार्ता।** भारत ए पुरुष हॉकी टीम को यूरोपीय दौरे के अपने आखिरी मुकाबले में नीदरलैंड के खिलाफ 2-8 से हार का सामना करना पड़ा। रविवार को खेले गए यूरोपीय दौरे अंतिम मैच में भारतीय मिडफील्डर राजिंदर सिंह और फॉरवर्ड सेल्वम कार्थी ने अपनी टीम के लिए एक-एक गोल किए। भारत ए ने इससे पहले 18 जुलाई को नीदरलैंड के खिलाफ अपना पिछला मैच 0-3 के स्कोर से गंवा दिया था।

भारत ए ने 8 जुलाई, 2025 को अपने यूरो दौरे की शुरुआत की थी और इस दौरे के दौरान पांच यूरोपीय टीमों के खिलाफ कुल आठ मैच खेले। इस दौरान भारत की ए टीम ने दुनिया की कुछ शीर्ष हॉकी टीमों, जिनमें विश्व की नंबर वन नीदरलैंड और विश्व की नंबर तीन बेल्जियम के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करने के लिए तीन शहरों की यात्रा की। इस दौरान भारतीय टीम ने आठ मैचों में से तीन में जीत दर्ज की। भारत ए के कोच शिवेंद्र सिंह ने कहा कि हालांकि इस यूरोपीय दौरे में हमें जीत से ज्यादा हार मिली होगी, लेकिन यह नतीजों के बारे में नहीं था, बल्कि एक टीम के रूप में इस दौरे से मिली सीख और अनुभव के बारे में था। उन्होंने कहा कि भारत ए में सीनियर और जूनियर खिलाड़ियों का मिश्रण था और उन्होंने पिछले दो हफ्तो दौरान बहुत मूल्यवान अनुभव प्राप्त किया। अब जब हम भारत वापस आ रहे हैं, मुझे विश्वास है कि ये सभी खिलाड़ी इस मूल्यवान अनुभव का उपयोग करेंगे और अपने भविष्य के सभी मैचों में अपने खेल को बेहतर बनाने के लिए इसका उपयोग करेंगे।

# बांग्लादेश ने पाकिस्तान को सात विकेट से हराया

**मीरपुर, वार्ता।** तस्कीन अहमद (तीन विकेट) और मुस्तफिजुर रहमान (दो विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद परवेज हुसैन इमॉन (नाबाद 56) मो- तौहीद हृदोय (36) की शानदार पारियों के दम पर बांग्लादेश ने पहले टी-20 मुकाबले में 27 गेंदें शेष रहते पाक को सात विकेट से हरा दिया। 111 रनों के लक्ष्य पीछा करने उतरी बांग्लादेश की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही और उसने सात रन के स्कोर पर अपने दो विकेट गवां दिए। तंजिद हसन और कप्तान लिटन कुमार दास एक-एक रन बनाकर आउट हुए। दोनों ही बल्लेबाजों को सलमान मिर्जा ने आउट किया। तीसरे विकेट के रूप में तौहीद हृदोय 37 गेंदों में 36 रन बनाकर आउट हुए। बांग्लादेश ने 15-3 ओवर में तीन विकेट पर 112 रन बनाकर मैच सात विकेट से जीत लिया। परवेज हुसैन ने 39 गेंदों में तीन चौके और पांच छक्कों की मदद से 56 रनों की नाबाद पारी खेली।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### अगले तीन डब्ल्यूटीए फाइनल मैच इंग्लैंड में होंगे

**सिंगापुर, वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने इंग्लैंड को 2027, 2029 और 2031 में होने वाले तीन विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल की मेजबानी सौंपी है। इससे पहले वह 2021 से लगातार तीनों फाइनल की मेजबानी कर चुका है। आईसीसी की सिंगापुर में हुई वार्षिक बैठक में यह फैसला लिया गया। आईसीसी ने 2027 के फाइनल भारत में स्थानांतरित किए जाने की अटकलों को विराम देते हुए ईसीबी के 'सफल मेजबानी रिकार्ड' का हवाला देते हुए इंग्लैंड को फिर से तीन बार के लिए इसकी जिम्मेदारी दी है। हालांकि यह अभी तय नहीं हुआ है कि भविष्य में भी लॉर्ड्स को प्राथमिक मेजबान के तौर पर बरकरार रखा जाएगा या नहीं।

### अमेरिका ने जीता फीबा अंडर-19 महिला विश्वकप का खिताब

**प्राग, वार्ता।** अमेरिका ने फाइनल मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को 88-76 से हराकर फीबा अंडर-19 महिला विश्वकप का खिताब अपने नाम किया। चेक गणराज्य के ब्रनो में रविवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में अमेरिका ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए पहले हाफ में 50-40 की बढ़त हासिल की। ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे क्वार्टर में वापसी करते हुए 17-14 से हराकर अंतर कम कर दिया। हालांकि, चौथे क्वार्टर में अमेरिका ने 24-19 की बढ़त बनाकर अपना दबदबा और मजबूत करते हुए चैंपियनशिप पर अपनी पकड़ मजबूत बना ली। अमेरिका की सानिया हॉल ने 25 अंक, नौ रिबाउंड और सात असिस्ट के साथ तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया। जैस्मीन ने 21 अंक जोड़े। ऑस्ट्रेलिया की ओर से बोनी डेस ने 13 अंक लिए।

# बैडमिंटन एशिया: जापान ने भारत को हराया



● **करीब से हार के बावजूद भारतीय टीम ने टूर्नामेंट में दमदार प्रदर्शन किया, भार्गव राम और विश्व तेज गोब्बरू की जोड़ी प्रभावशाली रही**

**इंडोनेशिया, वार्ता।** बैडमिंटन एशिया जूनियर मिक्स्ड टीम चैंपियनशिप के क्वार्टरफाइनल में भारतीय टीम को पूर्व चैंपियन जापान से 110-104 से हार का सामना करना पड़ा। रिले स्कोरिंग प्रणाली के तहत हुए एक करीबी मुकाबले में भारत ने शुरुआती मैच में 11-9 से मिली मामूली हार के बाद शानदार वापसी की।

भार्गव राम अरिगेला और विश्व तेज गोब्बुरू की लड़कों की युगल जोड़ी ने भारत को बढ़त दिलाई। इसके बाद वेन्नाला कलागोटला और रेशिका उथयासूरियन की लड़कियों की जोड़ी ने संयमित जीत हासिल कर भारत को 33-26 से आगे कर दिया। इसके बाद रेशिका ने भव्या छाबड़ा के साथ मिलकर 44-35 की बढ़त बनाए रखी और रौनक चौहान ने एक और शानदार प्रदर्शन करते हुए बढ़त को और मजबूत कर दिया। भारत ने मुकाबले के अधिकांश समय बढ़त बनाए रखी, लेकिन 2023 के चैंपियन जापान ने अंतिम पांच मैच लगातार जीतते हुए बढ़त बना ली।

इनमें से कई मैच बेहद रोमांचक रहे, जो भारतीय टीम के जज्बे को दर्शाता है। करीब से हार के बावजूद भारतीय टीम ने टूर्नामेंट में दमदार प्रदर्शन किया। उन्होंने हांगकांग, चीन, संयुक्त अरब अमीरात और श्रीलंका पर जीत के साथ ग्रुप डी में शीर्ष स्थान हासिल किया, जिससे एकल और युगल में गहराई और संतुलन का प्रदर्शन हुआ। भार्गव-विश्व तेज और रेशिका-वेन्नाला की जोड़ी लगातार प्रभावशाली रही, जबकि सी लालरामसांगा ने भी युगल मुकाबलों में शानदार प्रदर्शन किया, उन्होंने पुरुष युगल में भव्या और मिश्रित युगल में तारिणी सूरी के साथ जोड़ी बनाई। एकल में, रौनक ने विश्व जूनियर नंबर 5 लाम का टो को हराया और रुजुला रामू ने शीर्ष 20 में शामिल दो खिलाड़ियों पर जीत दर्ज की।

# चोटिल नीतीश रेड्डी इंग्लैंड सीरीज से बाहर



**मैनचेस्टर, वार्ता।** भारतीय ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी घुटने की चोट के कारण एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के शेष मैचों से बाहर हो गए हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने सोमवार को बताया कि नीतीश कुमार रेड्डी को बाएं घुटने में चोट लगी है। यह चोट उन्हें रविवार को मैनचेस्टर में जिम में अभ्यास के दौरान लगी और स्कैन में लिगामेंट डैमेज की पुष्टि हुई है। बुधवार से शुरु होने वाले तीसरे टेस्ट से पहले भारत को नीतीश कुमार के चोटिल होने से एक और झटका लगा है। इससे पहले तेज गेंदबाज आकाश दीप और अर्शदीप सिंह भी चोटिल हैं और इनमें से अर्शदीप चौथे टेस्ट से बाहर हो चुके हैं। इस बीच अंशुल कम्बोज को तेज गेंदबाजी विकल्प के तौर पर टीम में शामिल किया गया है। लीड्स में पहले टेस्ट से बाहर रहने के बाद रेड्डी ने दूसरा और तीसरा टेस्ट खेला। बर्मिंघम में वह खास असर नहीं छोड़ पाए। उन्होंने मैच में केवल दो रन बनाए और छह ओवर की गेंदबाजी में उन्हें कोई विकेट नहीं मिला। हालांकि लॉर्ड्स में उन्होंने इंग्लैंड के शीर्षक्रम के विकेट चटकाए। पहली पारी में इंग्लैंड के दोनों सलामी बल्लेबाज बेन डकेट और जैक क्रॉली को एक ही ओवर में आउट किया।

# भारतीय बैडमिंटन मिश्रित टीम ने जीता कांस्य पदक

**जर्मनी, वार्ता।** भारत की मिश्रित टीम ने रविवार को जर्मनी के राइन-रुहर में चल रहे एफआईएसयू वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स 2025 में बैडमिंटन में ऐतिहासिक कांस्य पदक अपने नाम किया। यह इस स्पर्धा में भारत का बैडमिंटन में पहला पदक है। एफआईएसयू वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स में बैडमिंटन को 2007 से शामिल किया गया था, लेकिन यह पहली बार है जब भारत ने इस खेल में पोडियम पर जगह बनाई है। भारत ने क्वार्टरफाइनल में मलेशिया को कड़े मुकाबले में 3-2 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया, जिससे कांस्य पदक पक्का हो गया। प्रतियोगिता में दोनों सेमीफाइनल हारने वाली टीमों को कांस्य पदक दिया जाता है। यह इस बार के एफआईएसयू वर्ल्ड विवि गेम्स में भारत का पहला पदक भी है।

# टेस्ट क्रिकेट में दो-डिवीजन सिस्टम की संभावना

● **आईसीसी एनुअल मीटिंग में 8 सदस्यीय टीम बनी चैंपियंस लीग टी-20 की अगले साल वापसी संभव**

**दुबई, वार्ता।** टेस्ट क्रिकेट में वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) 2027 से 2-टियर सिस्टम लागू हो सकता है। इसके लिए अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने सोमवार को एनुअल जनरल मीटिंग (ळड) में 8 सदस्यीय टीम बनाई हैं। इस समिति की अध्यक्षता आईसीसी के नए सीईओ संजोग गुप्ता कर रहे हैं। टेस्ट टियर सिस्टम में मौजूदा 9 टीमों की जगह 6-6 टीमों की दो डिवीजन बनाई जाएंगी। इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड और क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया पहले से इस फार्मेट के समर्थन में रहे हैं और चाहते हैं कि ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और भारत आपस में हर तीन साल में दो बार भिड़ें, जो मौजूदा चार साल में दो बार की तुलना में अधिक है। 2009 से 2014 के बीच खेले जाने वाली चैंपियंस लीग टी-20 अगले साल से दोबारा शुरू हो सकती हैं। पिछले साल ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच खेली गई 5 मैचों की बार्डर-गावस्कर ट्राफी में भारी भीड़ देखने को मिली। फैंस के अलावा, ब्राडकास्टिंग और लाइव स्ट्रीमिंग पर भी बड़ी संख्या में फैंस इस सीरीज से जुड़े। बीजीटी ऑस्ट्रेलिया में अब तक की चौथी सर्वाधिक देखी गई सीरीज है। इस सीरीज के 8 लाख से ज्यादा मुकाबले फैंस ने मैदान पर आकर देखे हैं। ये आंकड़े क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने अपने सोशल प्लेटफार्म ग पर जारी किए। सबसे बड़ी बात इस बार भारत भी इसके सपोर्ट में है। करीब 10 साल बाद चैंपियंस लीग टी-20 टूर्नामेंट एक बार फिर लौट सकता है। आईसीसी इस अंतर्राष्ट्रीय क्लब आधारित टी-20 प्रतियोगिता को फिर से शुरू करने पर गंभीरता से विचार कर रहा है। भारत, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के क्रिकेट बोर्डों ने इस विषय में चर्चा की है और ळड में कई अहम सदस्य देशों से इस प्रस्ताव को समर्थन भी मिला है। पिछली बार यह टूर्नामेंट 2014 में भारत में हुआ था, जहां चेन्नई सुपर किंग्स ने फाइनल में कोलकाता नाइट राइडर्स को हराकर खिताब जीता था। 2009 से 2014 के बीच सीएलटी-20 के 6 सीजन आयोजित हुए थे। चार भारत में और दो दक्षिण अफ्रीका में। चेन्नई सुपर किंग्स और मुंबई इंडियंस ने यह टूर्नामेंट दो-दो बार, जबकि ऑस्ट्रेलिया की न्यू साउथ वेल्स और सिडनी सिक्सर्स ने एक-एक बार जीता था।

# ऑस्ट्रेलिया ने विंडीज को तीन विकेट से हराया

**किंगस्टन, वार्ता।** बेन ड्वारशिस (चार विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद कैमरन ग्रीन (51) और मिचेल ओवेन (50) की अर्द्धशतकीय पारियों की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने सोमवार को पहले टी-20 मुकाबले में वेस्टइंडीज को सात गेंदे शेष रहते तीन विकेट से हरा दिया। इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया ने पांच मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है। मिचेल ओवेन को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' के पुरस्कार से नवाजा गया। 190 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने दूसरे ही ओवर में जेक फ्रेजर-मक्गर्क (दो) का विकेट गवां दिया। ऑस्ट्रेलिया का दूसरा विकेट कप्तान मिचेल मार्श 17 गेंदों में (24) रन के रूप में गिरा। इसके बाद जॉश इंग्लिस आठ गेंदों में (18) रन बनाकर पवेलियन लौट गए। ग्लेन मैक्सवेल (11) रन बनाकर आउट हुए। कैमरन ग्रीन और मिचेल ओवेन ने तूफानी बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया। दोनों बल्लेबाजों की बीच पांचवें विकेट के लिए 80 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी हुई। 15वें ओवर में गुडाकेश मोती ने कैमरन ग्रीन को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। कैमरन ग्रीन ने 26 गेंदों में पांच छक्के और दो चौके लगाते हुए (51) रन बनाये। मिचेल ओवेन ने 27 गेंदों में छह छक्के लगाते हुए (50) रनों की पारी खेली।

# कोनेरू हम्पी फिडे महिला शतरंज विश्व कप के सेमीफाइनल में



**जॉर्जिया, वार्ता।** भारतीय ग्रैंडमास्टर कोनेरू हम्पी ने चीनी खिलाड़ी के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करते हुए फिडे महिला शतरंज विश्वकप के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। इसी के साथ हम्पी इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुँचने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी बन गईं। हम्पी ने रविवार को खेले गए मुकाबले में चीन की आईएम युक्सिन सोंग के खिलाफ पहले गेम में जीत के बाद, दूसरे गेम में ड्रॉ खेलकर अंतिम चार में जगह बनाई। हम्पी का अब सेमीफाइनल में चीन की लेई लटगजी से मुकाबला होगा।

अंतिम चार में हम्पी के पहुंचने के साथ यह पक्का हो गया कि उन्हें शीर्ष तीन में पहुंचने के दो मौके मिलेंगे जिससे उन्हें अगले महिला कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में जगह भी मिल जाएगी जिसके लिए शीर्ष तीन खिलाड़ी क्वालिफाई करेंगी। वहीं हरिका और हमवतन दिव्या देशमुख के बीच मुकाबला ड्रॉ रहा। दोनों खिलाड़ी अब टाई-ब्रेक में भिड़ेंगी।

# अंतिम चरण में कांवड़ मेला, हाईवे पर डाक कांवड़ियों का कब्जा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की/लंढौरा।** कांवड़ मेला अब अंतिम दौर में है। कांवड़ मेले के संपन्न होने में अब सिर्फ दो दिन शेष बचे हैं। 23 जुलाई शिवरात्रि पर सभी कांवड़िए अपने-अपने गंतव्य पहुंचकर शिवालियों पर जल चढ़ाएंगे. लेकिन ये आखिरी दिन पुलिस के लिए काफी चुनौती भरे रह सकते हैं।

कांवड़ मेले के आखिरी दिनों में डाक कांवड़ का सैलाब अन्य कांवड़ों के मुकाबले अत्यधिक रहता है। जिस कारण सबसे महत्वपूर्ण पुलिस के लिए चुनौती ट्रैफिक व्यवस्था रहती है। कावंड यात्रा अब अपने अंतिम चरण में है।



रविवार देर शाम से हाईवे पर पूरी तरह डाक कावंडियों का सैलाब उमड़ पड़ा है। पूरा हाईवे भगवा रंग में रंगा हुआ है। इन अंतिम दिनों में पुलिस की चुनौतियां काफी बढ़ जाती है। कावडियों की भीड़ को नियत्रंण करना, सड़क पर होने वाली दुर्घटनाओं तथा डाक कांवड़ में बाइकों से होने वाले ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रण करने को लेकर पुलिस की चुनौतियां बढ़ने वाली है। अगले दो दिनों में और ज्यादा कांवड़िएं हरिद्वार पहुंचेंगे. ऐसे में पुलिस की चुनौती और बढ़ जाएगी, फिलहाल हरिद्वार जिला प्रशासन के मुताबिक 10 जुलाई से 20 जुलाई तक करीब 3 करोड़ से अधिक कांवड़िए गंगा जल लेकर हरिद्वार से अपने गंतव्य को रवाना हो चुके हैं। कावंड यात्रा के अंतिम चरण डाक कावंड को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड़ पर है। एसपी देहात शेखर चंद्र सुयाल स्वयं अपने अधिकारियों के साथ नगला इमरती अंडरपास पर डटकर लंढौरा से वाया लक्सर आने जाने वाले वाहनों को व्यवस्थित कराने में लगे हुए हैं।

## लक्सर पुलिस ने जल लेने जा रहे कांवड़ियों का

# फूलों व प्रसाद से किया स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर पुलिस के द्वारा श्रावण मास के दुसरे सोमवार को सराहनीय पहल करते हुए गंगाजल लेने हरिद्वार जा रहे हैं शिव भक्तों कावाडीयों का फूल और प्रसाद के साथ स्वागत किया है।

जानकारी के अनुसार लक्सर पुलिस के द्वारा श्रावण मास के दुसरे सोमवार को सराहनीय पहल की और कांवडियों पर फूल की वर्षा की। कोतवाली प्रभारी राजीव रौथाण सहित कोतवाली का बहुत ही स्टाफ वहा पर मौजूद रहा। लक्सर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजीव रौथाण के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा लक्सर क्षेत्र में कांवड़ियों को प्रसाद वितरण कर श्रद्धा और सेवा का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया गया लक्सर पुलिस द्वारा लगाए गए सेवा बिंदु पर गुजरते शिवभक्तों को फल जल व प्रसाद वितरित किया गया। गर्मी और थकान से जूझ रहे शिवभक्तों ने पुलिस की इस सेवा को सराहा और इसे श्रावण माह में सच्ची भक्ति भावना से जोड़ा। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजीव रौथाण ने कहा कि श्रावण मास आस्था और श्रद्धा का महीना है हरिद्वार गंगा जल लेने जा रहे भोले के भक्तों की सेवा करना सौभाग्य की



बात है लक्सर पुलिस सहायता के लिए है कांवड़ियों की सुरक्षा यातायात व्यवस्था और जरूरतों को ध्यान में रखते हुए पुलिस ने जगह-जगह सहायता केंद्र भी स्थापित किए हैं और जलपान और प्राथमिक उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

# ट्रैक्टर बाइक की टक्कर में युवक की दर्दनाक मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** झबरेड़ा-गुरुकुल मार्ग ग्राम कोटवाल आलमपुर के पास सोमवार दोपहर एक बाइक की टक्कर सामने जा रहे ट्रैक्टर बोगी में लगने से बाइक सवार 23 वर्षीय युवक की सड़क पर गिरकर मौके पर ही मौत हो गई। ग्राम शेरपुर खेलमऊ निवासी 23 वर्षीय युवक शेखर पुत्र संदीप सोमवार दोपहर घर से बाइक पर सवार होकर कुछ सामान लेने के लिए झबरेड़ा आ रहा था । ग्राम कोटवाल आलमपुर के पास बाइक से आगे जा रही ट्रैक्टर बोगी में बाइक की सीधी टक्कर हो गई ट्रैक्टर बोगी में बाइक की टक्कर होते ही उक्त बाइक सहित सड़क पर गिर गया तथा कुछ ही देर में मौके पर ही मौत हो गई। घटनास्थल पर गांव वाले इकट्ठा हो गए तथा पुलिस व उक्त युवक के परिजनों को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस तथा परिजन मौके पर पहुंचे उस समय तक युवक की मौत हो चुकी थी। थाना निरीक्षक अजय सिंह का कहना है कि मृतक के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए रुड़की सिविल हॉस्पिटल भेज दिया गया है। घटना की सूचना मिलते ही मृतक के घर कोहराम मच गया।मृतक दो भाई थे यह बड़ा था इसकी शादी एक वर्ष पूर्व ही हुई थी यह किसी प्राइवेट कंपनी में नौकरी करता था।

## ग्रामोत्थान परियोजना ( रीप ) के सहयोग से

# माही स्वयं सहायता समूह बना सफल डेयरी उद्यमी

**शॉर्ट टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** मुख्य विकास अधिकारी हरिद्वार श्रीमती आकांक्षा कोण्डे के निर्देशों के क्रम में जनपद हरिद्वार के समस्त विकासखंडों में अल्ट्रा पूवर सपोर्ट, एंटरप्राइजेज (फॉर्म-नॉन फॉर्म), सीबीओ लेवल के एंटरप्राइजेज की स्थापना की गई है। इसी कड़ी में, ग्रामोत्थान (रीप) परियोजना के सहयोग से, नारसन ब्लॉक के सिकंदरपुर मवाल गांव के श्माही स्वयं सहायता समूहश की महिलाओं ने दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में एक नई मिसाल कायम की है। पहले, माही स्वयं सहायता समूह की महिलाएं अत्यंत सूक्ष्म स्तर पर दुग्ध उत्पादन का कार्य कर रही थीं। उनकी आर्थिक स्थिति बहुत निम्न थी और वे जीवन की आधारभूत आवश्यकताओं को भी पूरा नहीं कर पा रही थीं। इसी दौरान, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एन.आर.एल.एम.) की टीम उनके पास पहुँची और उन्हें समूह से जुड़ने के लाभों के बारे में बताया गया, जिसके परिणामस्वरूप श्माही स्वयं सहायता समूहश का गठन हुआ। समूह से जुड़ने के पश्चात् उन्हें आर्थिक व सामाजिक सहयोग प्राप्त हुआ, और दुग्ध उत्पादन को व्यावसायिक ढंग से करने का प्रशिक्षण भी मिला, जिसने उनकी सफलता की यात्रा प्रारंभ की। ग्रामोत्थान परियोजना द्वारा श्माही स्वयं सहायता समूहश को ग्राम मुंडलाना में स्थापित श्श्री राधे कृष्णा सी.एल.एफ.श से जोड़ा गया। वर्ष 2023-24 में, समूह को इंडियन ओवरसीज बैंक द्वारा 3,00,000 रुपये का ऋण दिलाया गया। इसके अतिरिक्त, समूह ने स्वयं के 1,00,000 रुपये और ग्रामोत्थान परियोजना द्वारा 6,00,000 रुपये का अंशदान व्यवसाय को बढ़ाने के लिए किया। इस वित्तीय सहायता से समूह के पास कार्यशील पूंजी और स्थायी पूंजी का अभाव समाप्त हो गया, जो उनके व्यवसाय के विस्तार में बाधा बन रहा था। आज, श्माही स्वयं सहायता समूहश पूरे उत्साह के साथ अपने व्यवसाय को बढ़ा रहा है। वर्तमान में उनका दुग्ध उत्पादन 250 लीटर प्रतिदिन से बढ़कर 450 लीटर प्रतिदिन हो गया है। समूह द्वारा आंचल डेयरी तथा रुड़की, मंगलौर व मोहम्मदपुर स्थित 5 स्थानीय डेयरियों पर प्रतिदिन 350 लीटर दूध का विक्रय किया जा रहा है। इसके साथ ही, समूह ने मंगलौर में श्माही डेयरीश के नाम से एक सफल आउटलेट भी शुरू किया है, जहाँ प्रतिदिन 100 लीटर दूध का उपयोग विभिन्न उत्पादों जैसे दही (25 लीटर), लस्सी (25 लीटर), पनीर, मावा, मक्खन आदि बनाने में किया जाता है, तथा 25 लीटर दूध का विक्रय स्थानीय लोगों में किया जाता है। श्माही मिल्क बारश आउटलेट द्वारा प्रतिदिन 5,000-7,000 रुपये की बिक्री प्राप्त की जा रही है।

# आम के बाग में लटका मिला शिवभक्त का शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** थाना क्षेत्र के इमलीखेड़ा में एक आम के बाग में रविवार की देर रात एक युवक का शव गमछे से एक पेड़ पर लटका मिला। सूचना पर घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। बताया जा रहा है कि मृतक पंजाब से हरिद्वार गंगाजल लेने के लिए आया हुआ था। जानकारी के मुताबिक रविवार रात करीब दस बजे किसी को इमलीखेड़ा के पास एक आम के बाग में पेड़ से एक व्यक्ति का शव गमछे से लटका हुआ देखा।मौके पर आसपास के लोगों की भीड़ इकठ्ठा हो गई। इसकी सूचना पुलिस को दी गई।सूचना पर इमलीखेड़ा चौकी प्रभारी उमेश कुमार एसएसआई बीएस चौहान पुलिसबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने शव की शिनाख्त के प्रयास किए।जिसके बाद मृतक की पहचान रवि (30)निवासी भटिंडा पंजाब के रूप में हुई।पुलिस के अनुसार मृतक रवि पंजाब से हरिद्वार गंगाजल लेने आया हुआ था। लेकिन उसका शव पेड़ पर फंदे से लटका हुआ मिला।पुलिस ने इसकी सूचना मृतक के परिजनों को दी। एसओ रविंद्र कुमार ने बताया कि एक व्यक्ति का शव पेड़ से लटका हुआ मिला है।शव को पेड़ से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों का पता चल पाएगा।उसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# झमाझम बारिश से खिले किसानों के चेहरे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्र में सोमवार सुबह झमाझम बारिश होने से किसान खुश हो गए। किसानों ने इस बरसात के मौसम की इस बारिश को सबसे अच्छी बारिश बताते हुए इस बारिश को खेतों में खड़ी धान तथा गन्ने की फसल के लिए वरदान साबित होना बताया। मिली जानकारी के अनुसार कस्बे व क्षेत्र मैं सोमवार सुबह हुई झमाझम बारिश से किसानों के चेहरे खिल गए। किसान यशवीर सिंह राहुल कुमार रोहित कुमार नरेंद्र सिंह प्रदीप कुमार सुलेमान मलिक घनश्याम आदि का कहना है कि इस बरसात के मौसम कि यह बारिश सबसे अच्छी बारिश है। क्षेत्र में कई दिनों से बारिश नहीं हो पा रही थी। जून के माह में शुरू में दो-तीन बार हल्की बारिश हुईथी जिससे किसानों द्वारा अपने खेतों में धान की रोपाई करने के लिए नलकूप चला कर पानी लगाना पड़ रहा था। धान की रोपाई करने से लेकर अब तक धान की फसल में नलकूपों द्वारा ही पानी लगाना पड़ रहा था। कई दिनों से क्षेत्र में बारिश न होने से किसानों द्वारा चार-पांच दिनों से खेतों में खड़ी गन्ने की फसल में भी नलकूपों से पानी लगाना शुरू कर दिया गया था। सोमवार को सुबह बारिश होने से किसानों द्वारा नलकूप बंद कर दिए गए। इस बारिश से खेतों में खड़ी फसलों को काफी लाभ होना बताया गया है।

## फ्रूट व्यापारियों में मारपीट का मामला

# पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ दर्ज किया मुकदमा

**शाह टाइम संवाददाता**

**रुड़की।** फ्रूट व्यापारियों में व्यापार को लेकर हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने एक पक्ष की तहरीर पर छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। उप निरीक्षक प्रवीण बिष्ट मुकदमे की जांच कर रहे हैं।

गंगनहर कोतवाली को फ्रूट व्यापारी शाहरुख निवासी बन्दा टोल कोतवाली मंगलौर ने तहरीर देकर बताया कि रुड़की की नवीन मंडी में सरफराज निवासी रामपुर कोतवाली गंगनहर का भी फ्रूट कारोबार है। आरोप है कि कारोबार को लेकर सरफराज रंजिश रखता है। रविवार सुबह आठ बजे के आसपास सरफराज ने कारोबार को लेकर तानाकशी शुरू कर दी थी। जिसके बाद विरोध करने पर सरफराज ने अपने साथियों के साथ मारपीट कर घायल कर दिया था। इंस्पेक्टर आरके सकलानी ने बताया कि सरफराज, सय्याद, लालू मोटा निवासी रामपुर समेत छह लोगों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है।

## बरसात के चलते लोगों के घरों में घुसा पानी

# नायब तहसीलदार ने जेसीबी से निकलवाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** बरसात से चोली शहाबुद्दीनपुर के प्लांट करीब 20 घरों में पानी घुस आया। सूचना पर एसडीएम का आदेश पर नया तहसीलदार ने जेसीबी की मदद से रास्ता बनवाकर पानी को निकलवाया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नायब तहसीलदार अनिल गुप्ता ने बताया कि उप जिला अधिकारी देवेंद्र सिंह नेगी के आदेश के अनुपालन में एवं दिशा निर्देश में ग्राम चोली शहाबुद्दीनपुर प्लॉट तहसील भगवानपुर में लगभग 20 घरों में बरसात का पानी घुस गया था तथा आसपास के तालाब भी ओवरफ्लो पानी अधिक मात्रा में होने के कारण एवं तालाब के निकासी बंद होने के कारण अधिक वर्षा से आबादी में पानी घुस गया था जिसको जेसीबी की मदद से क्षेत्रीय पटवारी श्री बृजभूषण राजस्व निरीक्षक श्री ओमप्रकाश जी नायब तहसीलदार अनिल गुप्ता पूर्व ग्राम प्रधान श्री साजिद अली तथा पीड़ित व्यक्ति मौके पर उपस्थित रहे। शिकायतकर्ता गण आज की त्वरित कार्रवाई से संतुष्ट पाए गए तथा इस कार्यवाही के लिए श्रीमान जिला अधिकारी महोदय हरिद्वार एवं श्रीमान उपलाधिकारी महोदय



भगवानपुर को ग्राम वासियों के द्वारा व्यक्तिगत रूप से बधाई एवं धन्यवाद दिया गया है।

# मंगलौर पुलिस ने दबोचे तीन पत्थर बाज

**शाह टाइम संवाददाता**

**मंगलौर।** पत्थर बाजी के मामले में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शांति भंग की धारा में आरोपियों का चालान कर दिया है। कोतवाली प्रभारी शांति कुमार ने बताया रविवार की देर शाम पुलिस को सूचना मिली कि नगर के मोहल्ला किला में दो पक्षों में आपसी झगड़ा हो रहा है सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने झगड़ा कर रहे आरोपियों को समझाने का प्रयास किया लेकिन आरोपी नहीं माने जिसके बाद फिरोज पुत्र शाहिद, मुन्ना पुत्र नौशाद, साजिद पुत्र अयूब निवासीगण मोहल्ला किला मंगलौर को गिरफ्तार कर लिया गया यदि आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया जाता तो आरोपी संगीन अपराध को कारित कर सकते थे। आरोपियों का चालान करने के बाद न्यायालय में पेश कर दिया गया है। पुलिस टीम उपनिरीक्षक बलबीर सिंह,अपर उप निरीक्षक गजपाल राम, हेड कांस्टेबल श्याम बाबू, मौजूद रहे।

# शिव मंदिर में जलाभिषेक करने वाले शिव भक्तों की भीड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** कस्बे में स्थित नंदा वाला बाग प्राचीन शिव मंदिर में श्रावण मास के दूसरे सोमवार को जिला अभिषेक करने वाले शिव भक्तों की तड़के 4:00 बजे से ही भीड़ हो गई दिन निकलते निकलते काफी लंबी लाइन लग गई। श्रावण मास के दूसरे सोमवार को कस्बे में स्थित प्राचीन शिव मंदिर में भगवान भोलेनाथ के भक्तों द्वारा भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए सुबह 4:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक भीड़ लगी रही। शिव भक्तों द्वारा भगवान शिव का जलाभिषेक कर बेलपत्र तथा फल फूल भी अर्पित करते हुए सुख शांति की कामना की गई। शिव मंदिर के महंत पंडित गणेश प्रसाद ने शिव भक्तों को बताया कि यह शिव मंदिर काफी प्राचीन व सिद्ध मंदिर है। इस शिव मंदिर में जो भी शिव भक्त सच्चे मन से पूजा पाठ कर भगवान शिव का जलाभिषेक करता है उसकी सभी मनोकामनाएं पूरी होती है।

# ट्रैक्टर ट्राली ने एक बाइक व ई रिक्शा को लिया चपेट में तीन, घायल, एक गंभीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** तेज गति से दौड़ रही ट्रैक्टर ट्राली ने एक बाईक और रिक्शे को अपनी चपेट में ले लिया। जिसमें तीन लोग घायल हो गए। एक व्यक्ति की हालत गंभीर देखते हुए परिजन सहारनपुर में उपचार के लिए ले गए।

जानकारी के अनुसार रात करीब दस बजे हरिद्वार रुड़की राज्य राजमार्ग पर एक तेज गति से दौड़ रही ट्रैक्टर ट्राली ने आर आर सिनेमा के समीप एक बुलेट बाइक और एक ई रिक्शा को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में तीन लोग घायल हुए जिसमें से एक व्यक्ति मौके से चला गया वहीं दो लोग गंभीर घायल हो गए। वहीं मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए भेजा। एक व्यक्ति को ईदगाह चौक स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया तो वहीं दूसरे की हालत गंभीर देखते हुए परिजन सहारनपुर ले गए। घायलों के नाम सतीश पुत्र दलवीर निवासी शंकरपुरी और मुशर्रफ पुत्र कामिल निवासी भारापुर बताया गया है। वहीं इस संबंध में एसपी देहात शेखर चंद्र सुयाल का कहना है कि घायलों को उपचार के लिए भेज दिया है।

# रेलवे स्टेशन पर नशे की हालत में भिड़े दो पक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर रेलवे स्टेशन पर नशे की हालत में दो पक्ष आपस में भिड़ गए। हंगामा होने की सूचना पर जीआरपी मौके पर पहुंची। पुलिस ने आपस में झगड़ा कर रहे दोनों पक्षों के छह लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।

कांवड़ मेले के कारण रेलवे पुलिस अतिरिक्त सतर्कता बरत रही है। रविवार को रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म संख्या 3-4 पर मौजूद कुछ लोगों के बीच विवाद हो गया। देखते ही देखते दोनों पक्ष आपस में भिड़ गए। आसपास मौजूद यात्री भी वहां आ गए। प्लेटफार्म पर हंगामा होने की सूचना पर जीआरपी थानाध्यक्ष संजय शर्मा कांस्टेबल संदीप कुमार, प्रशांत कुमार, संदीप और ममता के साथ मौके पर पहुंचे। यहां झगड़ा कर रहे लोग नशे की हालत में मिले। पुलिस के समझाने के बावजूद वह नहीं माने। इसपर उन्हें पकड़कर थाने लाया गया। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम नितिन और नन्हें निवासी ग्राम आखा थाना विसातगंज थाना बरेली उत्तर प्रदेश और विजय, धर्मेंद्र, गौरव व राजेश निवासी गोमथमल थाना भनियाखेड़ा जनपद संभल उत्तर प्रदेश बताए। थानाध्यक्ष संजय शर्मा ने बताया कि पूछताछ के बाद मामला दर्ज कर सभी का चालान कर दिया गया है।

# महिलाओं के हक की लड़ाई लड़ेगा भारतीय मुस्लिम राजपूत संगठन : मशकूर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** भारतीय मुस्लिम राजपूत संगठन ने महिलाओं के अधिकारों की रक्षा के लिए मोर्चा खोल दिया है।

संगठन के प्रदेश अध्यक्ष मशकूर राणा ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. कुंवर आरिफ के आह्वान पर एक विशेष मुहिम चलाई जा रही है, जिसके तहत संगठन महिलाओं के साथ हो रहे शोषण के विरुद्ध आवाज उठाएगा और उन्हें उनका पूरा हक दिलाने के लिए संघर्ष करेगा। राणा ने कहा कि समाज के हर क्षेत्र में महिलाओं का शोषण हो रहा है, विशेष रूप से इंडस्ट्रियल एरिया में। कई कंपनियों और ठेकेदारों द्वारा महिलाओं से 12-12 घंटे काम कराया जा रहा है, जबकि सरकार द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार महिलाओं से केवल 8 घंटे ही कार्य लिया जाना चाहिए। इसके अतिरिक्त, न तो उन्हें समय पर वेतन दिया जाता है और न ही न्यूनतम वेतन दर (सर्किल रेट) के अनुसार उनका भुगतान होता है। उन्होंने यह भी कहा कि जब कोई महिला अन्याय के खिलाफ आवाज उठाती है, तो उसे नौकरी से निकाल दिया जाता है। महिलाएं आज मजबूरी में शोषण सह रही हैं और ठेकेदारों के अधीन काम करने को मजबूर हैं। लेकिन अब भारतीय मुस्लिम राजपूत संगठन ऐसा नहीं होने देगा। मशकूर राणा ने जानकारी



दी कि संगठन जल्द ही एक बैठक आयोजित करेगा, जिसमें एक विशेष महिला अधिकार समिति का गठन किया जाएगा। यह समिति अधिकारियों और संबंधित विभागों को महिलाओं की समस्याओं से अवगत कराएगी और उनके हक के लिए ठोस कदम उठाएगी।

# भाजपा नेता सुबोध राकेश ने की शिवभक्तों की सेवा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** हरिद्वार बायपास सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल पर कावड़ सेवा शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि श्रीमान अजय कुमार जी प्रदेश संगठन मंत्री भारतीय जनता पार्टी ने कावड़ शिविर का उद्घ्याटन किया।

जानकारी के अनुसार इस दौरान श्रीमान अजय कुमार जी व भाजपा नेता सुबोध राकेश ने इस दौरान शिवभक्तों को खाना खिलाया और फल वितरित किए। अजय कुमार जी ने कावड़ सेवा शिविर का सराहा और इसमें हम सबको अपनी भागीदारी करनी चाहिए। शिव भक्तों की सेवा आवश्यक करनी चाहिए। इस शुभ अवसर पर अनिल चौधरी, अजय गोयल, विराट गोयल मंडल अध्यक्ष, मनोज चौधरी, डॉ अरुण, नंदन अग्रवाल,जॉनी कुमार, दीपक चौधरी, महिपाल पटवारी, सुधीर चौधरी,सुनील बंसल,राजीव ठेकेदार, अमित सैनी, शिव कुमार, नरेश प्रधान, डॉ शेर सिंह, राज कुमार, नीटू



सैनी, स्वदेस, नीरज, रवि कुमार, इत्यादि लोग मौजूद रहेस

# न्याय की जीत

सोमवार को मुंबई उच्च न्यायालय से एक बड़ा फैसला आया। जिसमें 2006 में हुए मुंबई लोकल ट्रेन सिलसिलेवार बम विस्फोट मामले के सभी 12 आरोपियों को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया गया। इनमें पांच अभियुक्त वह थे, जिनको निचली अदालत से फांसी की सजा मिल चुकी थी। बाकी सात को आजीवन कारावास की सजा हुई थी। यह फैसला विशेष मौका अदालत ने सितम्बर 2015 में दिया था। जिन लोगों को मौत की सजा सुनाई गई थी, उनमें एक कामिल अंसारी भी था। जिसकी मौत नारको सेंटर जेल में बंद होने के दौरान कोरोना से मौत हो गई थी। यह फैसला हादसे के 19 साल बाद आया। यहां यह बताना भी जरूरी है कि यह घटना 11 जुलाई 2006 में तब हुई थी, जब शाम के व्यस्त समय में मुंबई के उप नगरीय रेलवे नेटवर्क ने पश्चिमी रेलवे की ट्रेनों को प्रथम श्रेणी के डिब्बों को निशाना बनाया गया था। हताहतों की संख्या बढ़ाने के लिए डिजाइन किए गए प्रेशर बमों ने 189 लोगों की जान ले गई थी और सात सौ से अधिक लोग घायल हुए थे।

इस पूरे मामले की जांच महाराष्ट्र के आतंक विरोधी दस्ते ने की थी और उसकी जांच में आतंकी संगठनों लश्कर-ए-तैयबा और सीमी की संलिप्तता की बात सामने आई थी और 12 लोगों के खिलाफ आरोप तय किए गए थे। निचली अदालत के फैसले को मुंबई उच्च न्यायालय में चुनौती दी गई थी और इस पूरे मामले की पैरवी आरोपियों की तरफ से महाराष्ट्र की जमीयत उलेमा कमेटी ने की थी। न्यायमूर्ति अनिल किलोर और न्यायमूर्ति श्याम चांडक की विशेष पीठ ने इस मामले की सुनवाई की। निश्चित रूप से मुंबई उच्च न्यायालय के इस फैसले का जहां स्वागत हो रहा है, वहीं कुछ सवाल भी खड़े हो रहे हैं। सबसे बड़ा सवाल तो यही है कि कोई भी समझ सकता है कि जो लोग 19 साल तक जेल में रहे, वे किस यातना से गुजर रहे होंगे। वह भी निर्दोष होते हुए। सुनवाई कर रही पीठ ने जिस तरह की टिप्पणी अपने फैसले में की है, वह भी जांच एजेंसियों की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करती है।

क्योंकि अदालत का कहना है कि विश्वास करना कठिन है कि आरोपियों ने अपराध किया था। पीठ ने अविश्वसीनय गवाहों, संदिग्ध पहचान परेड और यातना देकर इकबालिया बयान लेने के लिए भी जांच दल की आलोचना की। पीठ का साफ कहना है कि इस्तेमाल हुए बम के ब्योरे सहित दूसरे बुनियादी तथ्यों को स्थापित करने में एटीएस विफल रही है। यहां तक कि अपने फैसले में कहा कि जांच एजेंसी आरोपों की पुष्टि के लिए कोई भी ठोस सबूत पेश करने में विफल रही। निश्चित रूप से अदालत का यह फैसला महाराष्ट्र एटीएस के लिए किसी बड़े झटके से कम नहीं है और यह भी बताने के लिए काफी है कि हमारी जांच एजेंसियां बेहद संवेदनशील और महत्वपूर्ण मामले में भी किस तरह अपने काम को अंजाम देती हैं। अब एक सवाल तो यह भी पैदा होता है कि जो मुंबई सीरियल ब्लास्ट केस के आरोपी निर्दोष हो गए तो फिर असली आरोपी कौन हैं। इसका जवाब कौन देगा। शायद कोई नहीं। यह किसी विडंबना से कम नहीं है कि 19 वर्ष तक निर्दोष लोग आतंकवाद का कलंक लेकर जेल की सलाखों के पीछे रहे।

## विपक्ष का नेता हूं, बोलना मेरा अधिकार



विपक्ष का नेता होने के बावजूद उन्हें लोकसभा में बोलने नहीं दिया गया, रक्षा मंत्री और सरकार के अन्य लोगों को बोलने की इजाजत है, लेकिन विपक्षी नेताओं को बोलने नहीं दिया जा रहा, मैं विपक्ष का नेता हूं, बोलना मेरा अधिकार है, मुद्दे उठाना मेरा काम है, लेकिन वे मुझे बोलने नहीं दे रह, सरकार एक नया तरीका अपना रही है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सदन से चले गए, अगर वे अनुमति दें तो चर्चा हो सकती है, लेकिन मुद्दा यह है कि संसदीय परंपरा कहती है कि अगर सरकार के नेताओं को बोलने की अनुमति है, तो हमें भी जगह दी जानी चाहिए, हम बोलना चाहते थे, लेकिन हमें अनुमति नहीं दी गई।

-राहुल गांधी
नेता विपक्ष, लोकसभा

## मुंबई ट्रेन ब्लास्टः 19 साल बाद बाइज्जत बरी

# कौन लौटाएगा 19 साल





वसीम अकरम त्यागी

अंग्रेजी की एक लोकप्रिय सूक्ति है जस्टिस डिलेड इज जस्टिस डिनाइड अर्थात न्याय में देरी, न्याय से वंचित होने के समान है आसान शब्दों में कहें तो न्याय में देरी न्याय नहीं अन्याय है। भारत में ऐसे दर्जनों उदाहरण है जहां अदालत से न्याय पाने के लिए नागरिकों ने लंबी लड़ाई लड़ी हैं।

बीती 21 जुलाई को मुंबई हाईकोर्ट से 19 साल बाद न्याय पाने वाले 12 तथाकथित आतंकी शायद इस सूक्ति को ना कह पाएं क्योंकि उन्होंने अपने आपको निर्दोष साबित करने के लिए लगभग दो दशक लंबी लड़ाई लड़ी, तब जाकर अदालत ने उन्हें दोषमुक्त किया। दरअसल 11 जुलाई 2006 को मुंबई की लोकल ट्रेनों में सीरियल ब्लास्ट हुए थे। ये ब्लास्ट सात जगह पर हुए जिसमें 209 लोगों की जानें गईं, जबकि 714 लोग घायल हुए थे। 19 साल बाद 21 जुलाई को आए बॉम्बे हाईकोर्ट के फैसले ने सभी आरोपितो को बरी कर दिया है। यहां यह उल्लेख जरूरी है कि एंटी टेररिज्म स्क्वैड (एटीएस) ने 20 जुलाई, 2006 से तीन अक्टूबर, 2006 के बीच आरोपितों को गिरफ्तार किया। उसी साल नवंबर में आरोपितों ने कोर्ट को लिखित में जानकारी दी कि उनसे जबरन इकबालिया बयान लिए गए। एटीएस की चार्जशीट में 30 आरोपी बनाए गए। इनमें से 13 की पहचान पाकिस्तानी नागरिकों के तौर पर हुई।

11 सितंबर 2015 को स्पेशल मकोका कोर्ट ने 13 आरोपितों में से 12 आरोपितों को दोषी माना और पांच को फांसी सात को उम्रकैद की सजा सुनाते हुए एक आरोपी को बरी कर दिया था। लेकिन मुंबई हाईकोर्ट ने मकोका कोर्ट का फैसला पलटे हुए तमाम आरोपितों को बरी कर दिया है। मुंबई हाईकोर्ट के हालिया फैसले ने एक बार फिर सुरक्षा जांच एजेंसियों की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या सुरक्षा एजंसियों में कार्यरत अधिकारी पूर्वाग्रह से ग्रस्त नहीं हैं? क्या यह इत्तेफाक है कि सुरक्षा एजंसियां जिन्हें इस तरह के बम ब्लास्ट का आरोपी बनाया, वो सब एक ही समुदाय के हैं। सुरक्षा एजंसियों द्वारा आरोपितों की गिरफ्तारी के वक्त एक जैसी ही कहानियां गढ़ीं गई हैं और वो कहानियां अदालत में न्याय की कसौटी पर खरी ही नहीं उतर पाईं। इस तरह की आतंकी घटना के बाद सुरक्षा एजंसियों ने कुछ उर्दू नामधारी संगठनों पर आरोप लगाया और फिर कुछ युवाओं को गिरफ्तार कर उनके तार पाकिस्तान से जोड़कर अपनी जिम्मेदारी अदा कर ली। इन तथाकथित आतंकियों के बरी होने की यह पहली घटना नहीं है, बल्कि आम नागरिकों को आतंकवाद के आरोप में फंसाकर उनकी जिंदगी के बेशकीमती वक्त को बर्बाद करने का एक लंबा सिलसिला है, एक लंबा इतिहास है। यहां भारत के तीन राज्यों में हुई बम विस्फोट की तीन घटनाओं की उल्लेख जरूरी है। गुजरात के गांधीनगर स्थित अक्षरधाम मंदिर पर 2002 में हुए आतंकी हमले में 32 लोग मारे गए थे और 80 से ज्यादा घायल हुए थे।

इस हमले के बाद, छह लोगों को दोषी ठहराया गया था, जिनमें से चार ने 11 साल जेल में बिताए थे। सुप्रीम कोर्ट ने बाद में इन सभी को बरी कर दिया। इन्हीं में एक मुफ्ती अब्दुल कय्यूम थे, उन्होंने अपनी बेगुनाही पर ह11 साल सलाखों के पीछे नामी चर्चित पुस्तक भी लिखी। इस पुस्तक में उनके साथ हुई ज्यादती का उल्लेख है। 13 मई 2008 को जयपुर में आतंकी घटना घटी थी। बम ब्लास्ट की इस घटना में 73 लोगों की जान गई थी। इस मामले में निचली अदालत ने 20 सितंबर 2019 को सैफ, सैफुल रहमान, सरवर और सलमान को फांसी की सजा सुनाई थी, लेकिन 29 मार्च 2023 को राजस्थान हाईकोर्ट ने चारों आरोपितों को बरी कर दिया। ये तीन ऐसे मामले हैं, जिनमें निचली अदालतों ने आरोपितों को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई थीं, लेकिन हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट ने निचली अदालतों के फैसलों को पलटते हुए दोषी ठहराए गए लोगों को बाइज्जत बरी किया है। यहां निचली अदालतों के इंसाफ करने की नीयत संदिग्ध नहीं लगती? आतंकवाद के ऐसे गंभीर मामलों में जिन आरोपितों को निचली अदालत दोषी ठहराती है, वही आरोपी हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में बाइज्जत बरी होते रहे हैं। बाइज्जत बरी। अदालत में इस एक लफ्ज को साबित करने के लिए सुरक्षा एजंसियों और मीडिया ट्रायल द्वारा आतंकवादी बनाए गए बेगुनाहों ने लंबा संघर्ष किया है। यहां अमेरीकी लेखक मैल्कम फीली द्वारा लिखी गई किताब द प्रोसेस इज द पनिशमेंट का उल्लेख प्रासंगिक है। द प्रोसेस इज द पनिशमेंट यानी न्यायिक प्रक्रिया ही सजा है। सोचिए। मुंबई ब्लास्ट के आरोपितों को खुद को बेकसूर साबित करने के लिए दो दशक लंबी लड़ाई लड़नी पड़ी है। जयपुर ब्लास्ट के आरोपितों को खुद को बेकसूर साबित करने के लिए 14 वर्ष लंबी कघनूनी लड़ाई लड़नी पड़ी है। अक्षरधाम मंदिर ब्लास्ट के आरो. पितों को खुद को बेकसूर साबित करने के लिए 11 साल लंबी कानूनी लड़ाई लड़नी पड़ी है। ऐसे दर्जनों उदाहरण हैं, जब बेगुनाह होते हुए भी नागरिकों ने अपनी जिंदगी के बेशकीमती 10, 15, 20 यहां तक की 25 साल जेल की काल कोठरी में बिताए हैं। इन आरोपितों के बरी होने ने एक नहीं कई सवाल खड़े किए हैं। पहला सवाल यह कि ब्लास्ट के पीड़ितों को इंसाफ नहीं मिल पाया। दूसरा उस बम ब्लास्ट को करने के आरोप में अपने ही बेगुनाह नागरिकों की जिंदगी को जेल की काल कोठरी में तबाह करने का गुनाह जांच एजेंसियों ने अपने सर लिया है। तब सवाल यह है कि ब्लास्ट के असली गुनहगार कौन हैं? असली आतंकवादी कौन हैं, क्योंकि जिन्हें गुनहागार और आतंकी बताकर देश के सामने लाया गया, झूठी कहानियां गढ़-गढ़ कर जिनका मीडिया ट्रायल किया उन तथाकथित आतंकियों को तो अदालत बरी कर चुकी है। तब असल गुनहागर कौन हैं? यह सवाल सिर्फ मुंबई ट्रेन ब्लास्ट का ही नहीं, अक्षरधाम मंदिर ब्लास्ट का भी है कि गुनहगार कौन हैं? सिर्फ अक्षरधाम मंदिर ब्लास्ट ही नहीं बल्कि सवाल यह भी है कि जयपुर ब्लास्ट के गुनहगार कौन हैं? इसके अलावा दर्जनों ऐसी घटनाएं हैं, जिनके सभी आरोपी अदालत से बरी हुए हैं। मुंबई हाईकोर्ट के फैसले पर ओडिशा हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रहे जस्टिस एस. मुरलीधर ने सुरक्षा एजेंसियों की कार्यशैली और नीयत दोनों पर ही गंभीर सवाल खड़े किए हैं। जस्टिस मुरलीधर ने कहा, इस मामले में जानबूझकर पक्षपातपूर्ण जांच की गई। बेगुनाह लोगों को जेल भेजा गया और जब वे वर्षों बाद बाहर आते हैं, तो उनकी जिंदगी की पुनर्निर्माण की कोई संभावना नहीं बचती। ये 12 लोग 17 साल से सलाखों के पीछे थे। उनकी पूरी जवानी और जिंदगी का सबसे अहम हिस्सा खत्म हो चुका है। ऐसे मामलों में जहां जनभावनाएं उबलती हैं, वहां पुलिस अफसर गुमराह किए जाते हैं और फिर मीडिया ट्रायल के जरिए दोष तय कर दिए जाते हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंसें पहले होती हैं, सबूत बाद में ढूंढे जाते हैं। क्या किसी ने सोचा है कि आतंकवाद के मामलों में आरोपी बनाए गए लोग और उनके परिवार किस मानसिक प्रताड़ना से गुजरते हैं। परिवार तो छोड़िए रिश्तेदार और दोस्तों तक मीडिया ट्रायल होता है। आरोप लगते है जिस तरह मीडिया ने सूत्र का हवाला देकर कैसी कैसी कहानियां बनाई हैं, उससे तो सभी वाकिफ हैं। अब मीडिया की नैतिकता पर भी सवाल है। जिन एंकर्स जिन चैनल्स, अखबारात ने अदालत के फैसले से पहले ही इन बेगुनाहों को आतंकी कहकर लिखकर प्रचारित प्रसारित किया था, क्या अदालत के फैसले के बाद वो अपने उस गुनाह की नैतिक जिम्मेदारी लेकर इन बेगुनाहों से माफी मांगेंगे? निर्दोष साबित होने तक दोषी मानने की धारणा ने कितने ही बेगुनाहों से उनके अपनों को दूर किया है। अदालत को ऐसे मामलों में सिर्फ मुकम्मल इंसाफ देना चाहिए, जिन अफसरों ने नागरिकों को झूठे इलजाम में फंसाया है, उन्हें सजा भी देनी चाहिए और जिन नागिरकों ने बेकसूर होते हुए भी जेल काटी है, उन्हें इसका मुआवजा मिलना चाहिए, मुआवजा की यह रकम उन्हें फंसाने वाले अधिकारियों से वसूल करनी चाहिए।

(लेखक पत्रकारिता से जुड़े हैं, ये उनके निजी विचार हैं)

# भारत की एकता, साहस व आकांक्षाओं का प्रतीक तिरंगा



श्वेता गोयल

विश्व में प्रत्येक राष्ट्र का अपना-अपना राष्ट्रीय ध्वज है। राष्ट्रीय ध्वज ही उसकी मर्यादा और अस्मिता से जुड़ा होता है, लेकिन इस मायने में हमारा राष्ट्र ध्वज तिरंगा अन्य राष्ट्र ध्वजों के मुकाबले अनेक विशेषताएं धारण किए हुए है। चूंकि अंग्रेजों से भारत की मिली आजादी के चंद दिन पहले ही 22 जुलाई 1947 को संविधान सभा ने वर्तमान भारतीय तिरंगे को देश के आधिकारिक ध्वज के रूप में अपनाया था, इसीलिए भारत में प्रतिवर्ष 22 जुलाई को राष्ट्रीय ध्वज दिवस मनाया जाता है।

आधिकारिक रूप में तिरंगे को अपनाने के बाद से यह देश की एकता, साहस और आकांक्षाओं का प्रतीक बन गया। राष्ट्रीय ध्वज दिवस भारत की सम्प्रभु राष्ट्र बनने की यात्रा का स्मरण कराता है। तिरंगा भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, स्वतंत्रता के लिए इसके कठिन संघर्ष और एकजुट एवं समृद्ध राष्ट्र के लिए अपने लोगों की आकांक्षाओं का प्रतीक है। हमारा राष्ट्र ध्वज न केवल राष्ट्र की एकता, अखंडता, गरिमा, गौरव, शक्ति, आदर्श और आकांक्षाओं का प्रतीक है बल्कि समूचे विश्व को त्याग की भावना एवं शाति का संदेश भी देता है। यह हमारी स्वतंत्रता का भी प्रतीक है क्योंकि आजादी की लड़ाई में क्रांतिकारियों को एकजुट करने में इसकी बहुत अहम भूमिका रही।

तिरंगे ने ही भारतवासियों को एकता और भाईचारे का संदेश देकर उन्हें एक सूत्र में पिरोकर अंग्रेजों से लोहा लेने को प्रेरित किया था। तब क्रांतिकारियों के लिए राष्ट्र ध्वज का सम्मान अपने प्राणों से भी बढ़कर होता था, इसीलिए अंग्रेजों की लाठियां व गोलियां खाते हुए भी उन्होंने इसे कभी झुकने नहीं दिया। तीन रंगों की पट्टियों वाले राष्ट्रीय ध्वज की सबसे ऊपर की केसरिया रंग की पट्टी त्याग, बल और पौरूष की प्रतीक है जबकि बीच वाली सफेद पट्टी शांति और सत्य की प्रतीक है और सबसे नीचे की हरे रंग की पट्टी हरियाली, समृद्धि एवं सम्पन्नता की प्रतीक है। झंडे के बीचों-बीच सफेद पट्टी में स्थित गहरे नीले रंग का अशोक चक्र आत्मनिर्भरता का प्रतीक है।

24 तीलियों वाला अशोक चक्र देश की प्रगति, राष्ट्र के कानून और धर्म के पहिए का प्रतीक है। डा। सर्वपल्ली राधकृष्णन के शब्दों में कहें तो जो लोग इस ध्वज के नीचे कार्य करेंगे, उन्हें सत्य और सदाचार के सिद्धांतों का पालन करना होगा। राष्ट्र ध्वज के नीचे कार्य करने वालों से उनका तात्पर्य सरकारों और नौकरशाहों से था। राष्ट्र कोकिला सरोजिनी नायडू ने भी राष्ट्र ध्वज की महत्ता का उल्लेख करते हुए संविधान सभा में राष्ट्र ध्वज का प्रस्ताव पेश करते समय 22 जुलाई 1947 को कहा था कि नए भारत के सभी नागरिकों को इस राष्ट्र ध्वज को प्रणाम करना होगा और इसके नीचे कोई छोटा-बड़ा नहीं होगा।

राष्ट्र ध्वज का सफर 7 अगस्त 1906 को आरंभ हुआ था। हरे, पीले और लाल रंग की तीन पट्टियों से बना यह राष्ट्रीय ध्वज कलकत्ता के पारसी बागान में फहराया गया था। उस ध्वज पर ऊपर की हरी पट्टी पर एक ही पंक्ति में सफेद रंग के आठ कमल अंकित थे जबकि बीच वाली पीली पट्टी पर देवनागरी में गहरे नीले रंग से वंदेमातरम् लिखा था और नीचे की लाल पट्टी पर बाईं ओर एक सफेद सूर्य और दाईं ओर एक-एक सफेद चन्द्रमा और तारा अंकित थे। 'भारत का झंडा' नामक यह ध्वज हालांकि भारत के सभी धर्मों, सम्प्रदायों और साम्प्रदायिक सद्भावना को मद्देनजर रखते हुए तैयार किया गया था लेकिन यह ध्वज सर्वमान्य नहीं हो पाया। 1917 में डा. एनी बेसेंट और लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक द्वारा 'होमरूल आन्दोलन' चलाया गया था। उस समय एक नया राष्ट्रीय ध्वज तैयार किया गया, जिसमें लाल और हरे रंग की एक के बाद एक कुल 9 समानान्तर और तिरछी पट्टियां थी। उस ध्वज के बीचों-बीच 7 तारे थे और एक कोने में चांद व तारा अंकित थे जबकि उसके ऊपरी बाएं कोने में 'यूनियन जैक' का चित्र (झंडे का चौथाई भाग) बनाया गया था। झंडे में यूनियन जैक के इस चित्र को सम्मिलित किए जाने के कारण ही यह अधिकांश लोगों द्वारा नापसंद कर दिया गया

तब एक ऐसे ध्वज की आवश्यकता महसूस की गई, जो प्रत्एक धर्म, सम्प्रदाय और विच. ारधाराओं के लोगों का प्रतिनिधित्व करने के साथ देशवासियों के लिए जीवन-मरण का प्रतीक भी बन सके। 1921 में विजयवाड़ा में कांग्रेस के अधिवेशन में आंध्र प्रदेश के पिंगली वैंकैया नामक क्रांतिकारी युवक ने महात्मा गांधी को एक ऐसा ध्वज भेंट किया, जिसमें लाल व हरे रंग की केवल दो पट्टियां थी लेकिन पंजाब के एक बुजुर्ग नेता रायजादा पंडित हंसराज ने गांधी जी को सुझाव दिया कि इस ध्वज में चरखे को भी अंकित किया जाए और तब गांधी जी ने यह सुझाव स्वीकारते हुए हिन्दुओं के लिए केसरिया रंग, मुस्लिमों के लिए हरा रंग तथा अन्य सम्प्रदायों के लिए ध्वज में सफेद रंग को भी शामिल किया।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# कैराना सांसद इकरा हसन सद्भाव व सेवा की नई मिसाल





मौ. आसिफ कुरैशी

देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था और महिला सम्मान को ठेस पहुंचाने वाली एक बेहद दुर्भाग्यपूर्ण घटना सामने आई है। कैराना लोकसभा क्षेत्र की सांसद इकरा हसन के खिलाफ की गई आपत्तिजनक और अशोभनीय टिप्पणी न केवल एक जनप्रति. निधि का अपमान है, बल्कि यह देश की समस्त महिलाओं के सम्मान पर सीधा प्रहार है।

जिस तरह से राजनीतिक विरोध की आड़ में महिला सांसद को निशाना बनाया गया है, वह भारत जैसे संवैधानिक लोकतंत्र में किसी भी दृष्टि से स्वीकार्य नहीं हो सकता। लोकतंत्र में मतभेद की गुंजाइश हमेशा रहती है परंतु किसी के विरुद्ध इस प्रकार की भाषा का प्रयोग, विशेषकर एक महिला नेता के लिए, हमारे समाज की गिरती राजनीतिक मर्यादा का प्रतीक है। इकरा हसन एक शिक्षित, सक्रिय और जनसरोकारों से जुड़ी हुई सांसद हैं, जो लगातार अपने क्षेत्र और देशहित में कार्य कर रही हैं। उनके विरुद्ध की गई टिप्पणी यह दर्शाती है कि कुछ तत्व सांप्रदायिकता को बढ़ावा देकर अपनी रोटियां सेकने और सस्ती लोकप्रियता को हासिल की होड़ में लगे है,जो समाज के लिए हानिकारक है। ऐसे सोच रखने वाले व्यक्तियों को समाज के लोगों को आगे आकर लोकतांत्रिक रूप से विरोध करना चाहिए।

हम इस अभद्र और दुर्भावनापूर्ण टिप्पणी की घोर निंदा करते हैं और संबंधित व्यक्तियों से तत्काल माफी की मांग करते हैं। साथ ही प्रशासन से अपेक्षा करते हैं कि वह ऐसे मामलों को गंभीरता से लेकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई करे, ताकि भविष्य में किसी भी जनप्रतिनिधि, विशेषकर महिला नेताओं को इस प्रकार की अपमानजनक स्थिति का सामना न करना पड़े।

आज जरूरत इस बात की है कि हम राजनीति में भाषा की मर्यादा बनाए रखें और महिलाओं के सम्मान की रक्षा करें। इकरा हसन पर की गई टिप्पणी न केवल उनके व्यक्तिगत सम्मान को ठेस पहुंचाने वाली है, बल्कि यह पूरे देश की महिलाओं के आत्मसम्मान के विरुद्ध है। आज कल पूरे देश में सांसद इकरा चौधरी के साथ एडीएम द्वारा किए गए दुर्व्यवहार को लेकर माहौल गरमाया हुआ है, जबकि सांसद महोदया के साथ हुए दुर्व्यवहार को लेकर प्रदेश के नेताओं ने मोर्चा संभालते हुए इकरा चौधरी का समर्थन किया है।

उत्तर प्रदेश की कैराना लोकसभा सीट, जो कभी सामाजिक तनाव और राजनीतिक उथल-पुथल के लिए चर्चा में रही, आज एक नई पहचान बना रही है। इस बदलाव की प्रेरणा हैं समाजवादी पार्टी की युवा सांसद इकरा चौधरी, जिन्होंने अपनी शिक्षा, संवेदनशील नेतृत्व, और जनसेवा के प्रति समर्पण से न केवल कैराना को नई दिशा दी है, बल्कि भारतीय राजनीति में एक प्रेरणादायक व्यक्तित्व के रूप में अपनी जगह बनाई है। उनकी सादगी, सर्वधर्म समभाव, और जमीन से जुड़ा दृष्टिकोण उन्हें न केवल कैराना की जनता की पसंदीदा नेता बनाता है, बल्कि देशभर में एक नई उम्मीद का प्रतीक भी बनाता है।

26 अगस्त 1994 को जन्मी इकरा चौधरी एक प्रतिष्ठित राजनीतिक परिवार से ताल्लुक रखती हैं। उनके दादा स्वर्गीय अख्तर हसन ओर पिता, स्वर्गीय चौधरी मुन्नवर हसन, और माता, बेगम तबस्सुम हसन, सांसद रह चुके हैं, लेकिन इकरा चौधरी ने अपनी पहचान केवल इस विरासत के सहारे नहीं बनाई। बल्कि उनकी शैक्षिक उपलब्धियां और विचारशीलता ने उन्हें एक विशिष्ट नेता के रूप में स्थापित किया है।

इकरा चौधरी ने दिल्ली विश्वविद्यालय के लेडी राम कॉलेज से स्नातक की डिग्री हासिल की, जो देश के शीर्ष शिक्षण संस्थानों में से एक है। इसके बाद उन्होंने यूनिवर्सिटी ऑफ लंदन से अंतर्राष्ट्रीय कानून और राजनीति में मास्टर डिग्री प्राप्त की। उनकी यह शैक्षिक पृष्ठभूमि उनके भाषणों, संसदीय चर्चाओं, और नीतिगत दृष्टिकोण में स्पष्ट रूप से झलकती है वे शिक्षा को केवल व्यक्तिगत विकास का साधन नहीं मानतीं, बल्कि इसे सामाजिक उत्थान और समावेशी विकास का आधार मानती हैं। यही कारण है कि वे अपने क्षेत्र में शिक्षा के प्रसार को प्राथमिकता देती हैं, विशेषकर महिलाओं और वंचित वर्गों के लिए। उनकी यह सोच उनके द्वारा उठाए गए शिक्षा से संबंधित मुद्दों में स्पष्ट दिखती है, जैसे कैराना में महिला डिग्री कॉलेज की स्थापना और अल्पसंख्यक व दलित छात्रों के लिए तकनीकी शिक्षा संस्थानों की मांग। 2024 के लोकसभा चुनाव में इकरा चौधरी ने भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी प्रदीप चौधरी को लगभग 69,000 वोटों के अंतर से पराजित किया। यह जीत केवल एक राजनी. तिक सफलता नहीं थी, बल्कि यह उनकी जनता से गहरे जुड़ाव, उनकी सादगी, और हर वर्ग के साथ संवाद करने की कला की जीत थी। चुनाव प्रचार के दौरान इकरा चौधरी ने बड़े-बड़े वादों के बजाय जनता की वास्तविक समस्याओं को समझने और उनके समाधान का भरोसा दिलाने पर ध्यान दिया। उन्होंने कैराना, गंगोह, नकुड़, थानाभवन और शामली विधानसभाओं के क्षेत्रों में पैदल यात्राएं कीं, गांव-गांव जाकर लोगों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को न केवल सुना, बल्कि उन्हें हल करने के लिए ठोस योजनाएं भी बनाईं। उनकी यह शैली, जिसमें वे हर समुदाय चाहे वह मुस्लिम, हिंदू, सिख, दलित, या पिछड़ा हो के साथ सहजता से संवाद करती थीं, जिसने उन्हें जनता का चहेता बना दिया। उनके प्रचार का एक अनोखा पहलू यह भी था उनकी सुलभता। वे न तो बड़े काफिलों के साथ चलीं और न ही अनावश्यक प्रचार पर ध्यान दिया। उनकी सभाओं में लोग उनकी सादगी और स्पष्टता से प्रभावित होते थे। मीडिया को एक स्थानीय निवासी ने कहा, था इकरा जी हमें अपनी बेटी जैसी लगती हैं। वे हमारी बात सुनती हैं और उसे संसद तक ले जाती हैं। जो क्षेत्र में उनकी बड़ी पहचान बनी हुई है। वो अपनी लोकसभा की पांचों विधानसभाओं में जनता दरबार लगाती रहती है,ओर लोकसभा क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को सुनकर उनका प्राथमिकता से निस्तारण कराती है। सांसद बनने के बाद इकरा चौधरी ने संसद में अपनी सक्रियता और स्पष्टवादिता से सभी का ध्यान आकर्षित किया है। उनकी संसदीय कार्यशैली में एक अनुशासित और तथ्यपरक दृष्टिकोण दिखता है, जो उनकी शैक्षिक पृष्ठभूमि और जनता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का परिणाम है। वे न केवल अपने क्षेत्र की समस्याओं को मजबूती से उठाती हैं, बल्कि राष्ट्रीय मुद्दों पर भी अपनी राय रखने में पीछे नहीं रहतीं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

### सीरिया पर हमले से अमेरिका गुस्साया

# व्हाइट हाउस ने नेतन्याहू को बताया 'पागल'

**वाशिंगटन।** इजरायल के सीरिया पर हमले से ट्रम्प नाराज हैं। एक्सियोस की एक रिपोर्ट के मुताबिक व्हाइट हाउस, इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के बर्ताव पर नाखुशी जाहिर की है। व्हाइट हाउस के अधिकारियों ने नेतन्याहू को 'पागल' और 'ऐसा बच्चा जो सही व्यवहार नहीं करता' तक कह दिया है। व्हाइट हाउस का मानना है कि नेतन्याहू बेकाबू हो गए हैं और इस तरह काम कर रहे हैं, जैसे उनके पीछे कोई राजनीतिक एजेंडा हो। एक वरिष्ठ अधिकारी ने एक्सियोस को बताया कि नेतन्याहू पागलों जैसी हरकतें कर रहे हैं। वह हर जगह बम गिरा रहे हैं।

इससे ट्रम्प की शांति कायम करने की कोशिशें कमजोर हो रही हैं। इजरायल ने सीरिया के ड्रूज (शिया) बहुल शहर स्वेदा में सीरियाई सेना के टैंकों पर हमला किया था, क्योंकि वहां स्थानीय सरकार पर नागरिकों की हत्या के आरोप लगे थे। इसके बाद इजरायल ने बुधवार को राजधानी दमिश्क पर भी हमला किया और कई इमारतों को निशाना बनाया। इजरायल ने 16 जुलाई को सीरिया की राजधानी दमिश्क में कई इमारतों पर हमला किया। अमेरिका, गाजा के चर्च पर



- इजरायली प्रधानमंत्री की हरकतों से ट्रम्प की शांति कायम करने की कोशिशें कमजोर हो रही हैं
- इजरायल ने सीरिया के ड्रूज (शिया) बहुल शहर स्वेदा में सीरियाई सेना के टैंकों पर हमला किया था
- इजरायल ने बुधवार को राजधानी दमिश्क पर भी हमला किया था

हमले से भी नाराज इससे पहले गाजा में इजरायली टैंक की बमबारी में एकमात्र कैथोलिक चर्च पर हमला हुआ था, जिसमें तीन लोगों की मौत हुई थी। इजरायली सेना ने इसे 'गलती' बताया, लेकिन अमेरिकी प्रशासन में इससे गुस्सा फैल गया। एक अमेरिकी अधिकारी ने कहा कि हर दिन कुछ नया हो रहा है। ये सब क्या बकवास है? रिपोर्ट में कहा गया है कि सीरिया पर इजरायली हमला ट्रम्प प्रशासन के लिए पूरी तरह 'चौंकाने वाला' था। एक अन्य अमेरिकी अधिकारी ने बताया कि गाजा के चर्च पर हुए हमले के बाद ट्रम्प ने नेतन्याहू को फोन कर जवाब मांगा। हालांकि राष्ट्रपति ट्रम्प ने इस चर्च हमले पर कोई सार्वजनिक बयान नहीं दिया, लेकिन उन्होंने नेतन्याहू को फोन किया और नाराजगी जताई। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री को इस हमले पर माफी मांगनी चाहिए, जिसके बाद नेतन्याहू ने एक बयान जारी किया। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने कहा कि इस घटना पर ट्रम्प खुश नहीं हैं। सीरिया पर हमला व्हाइट हाउस के लिए इसलिए भी समस्या बन गया क्योंकि ट्रम्प उस देश में शांति लाना चाहते हैं और वहां पुनर्निर्माण के लिए अमेरिका की बड़ी भूमिका की घोषणा भी कर चुके हैं।

## इजरायली पीएम नेतन्याहू को फूड प्वाइजनिंग, 3 दिन वर्क फ्रॉम करेंगे

**तेल अवीव।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को फूड पाइजनिंग और शरीर में पानी की कमी यानी डिहाइड्रेशन की वजह से तबीयत खराब हो गई है। पीएमओ ने इसकी जानकारी दी। इसमें बताया गया है कि पीएम की हालत अब स्थिर है। नेतन्याहू अब 3 दिन घर पर रहकर ही आराम करेंगे। इस दौरान वे वर्क फ्राम होम यानी कि घर से ही अपना कामकाज संभालेंगे। नेतन्याहू रविवार सुबह होने वाली अपनी साप्ताहिक कैबिनेट बैठक में नहीं पहुंचे थे। इसके बाद से ही उनके स्वास्थ्य को लेकर सवाल उठने लगे। द टाइम्स ऑफ इजरायल की रिपोर्ट के मुताबिक, पीएमओ ने बताया कि नेतन्याहू की शनिवार रात ही तबीयत खराब लगने लगी थी। इसके बाद डाक्टर ने उनके घर पर पहुंचकर जांच की। डाक्टरों ने बताया कि नेतन्याहू को खाने की वजह से आंतों में सूजन हो गई थी।



**नई दिल्ली। संसद भवन स्थित सीपीपी कार्यालय में उनके जन्मदिन समारोह के दौरान पार्टी कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को बधाई देते पार्टी नेता।**

## ईरान ने प्रतिबंध लगाए जाने के मामले में दी चेतावनी

**तेहरान।** ईरानी विदेश मंत्री सईद अब्बास अरागची ने कहा है कि उनके देश पर प्रतिबंध लगाने के मामले में ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी (ई3) देशों को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की विश्वसनीयता को कम नहीं करना चाहिए। उन्होंने रविवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि ई3 देशों के पास 2015 के परमाणु समझौते के प्रावधानों या यूएनएससी प्रस्ताव 2231 को लागू करने के लिए 'कानूनी, राजनीतिक और नैतिक आधार' का अभाव है। यह आधार ही ईरान के समझौते का पालन न करने पर उस पर फिर से अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबंध लगाने की अनुमति देता है। उन्होंने कहा कि 2018 में अमेरिका के संयुक्त व्यापक कार्य योजना से हटने के बाद, ईरान ने सुधारात्मक उपाय करने से पहले विवाद समाधान तंत्र का उपयोग किया, जबकि ई3 अपनी प्रतिबद्धताओं का पालन करने में विफल रहा।

## संक्षिप्त समाचार

### सीरिया के सुवैदा में विरोधी गुटों में फिर हुई झड़पें

**दमिश्क।** दक्षिणी सीरिया के सुवैदा प्रांत के ग्रामीण इलाकों में रविवार को द्रूज समुदाय के लड़ाकों और अंतरिम सरकार समर्थित बद्दू आदिवासियों के बीच भीषण झड़पें हुईं, जिससे क्षेत्र में युद्धविराम की नाजुक स्थिति और भी खतरे में पड़ गई है। ब्रिटेन स्थित सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने कहा कि द्रूज आबादी वाले इलाकों पर धावा बोलने की तैयारी के संकेतों के बीच, बुस्तान, दामा और नज़रान गांवों में आदिवासी लड़ाकों की ओर से बड़ी संख्या में बंदूकधारी इकट्ठा हो गए हैं।

### रूस में बस हादसे में 14 लोगों की मौत

**व्लादिवोस्तोक।** रूस के साखा राज्य में सोमवार तड़के एक बस के खाई में गिर जाने से 14 लोगों की मौत हो गई और सात अन्य घायल हो गए। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी है। राज्य के गृह विभाग की ओर से जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि दुर्घटना स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग 3:20 बजे डेनिसोव्स्की माइनिंग एंड प्रोसेसिंग प्लांट द्वारा संचालित एक सड़क पर हुई। इस बस में 30 से अधिक लोग सवार थे और यह सड़क से उतर कर नीचे 25 मीटर खाई में गिर गई।

### रूस शर्तों के साथ यूक्रेन से बातचीत को तैयार

**मॉस्को।** रूसी संसद क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने रविवार को कहा कि यूक्रेन से समझौते की दिशा में रूस तेज़ी से आगे बढ़ने के लिए तैयार है, लेकिन इस समझौते में लक्ष्यों को हासिल करने की बात होनी चाहिए। पेसकोव ने सरकारी टेलीविजन को दिए साक्षात्कार में कहा कि राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने बार-बार यूक्रेनी समझौते को जल्द से जल्द शांतिपूर्ण निष्कर्ष पर पहुंचाने की अपनी इच्छा व्यक्त की है। यह एक लंबी प्रक्रिया है, इसके लिए प्रयास की आवश्यकता है, और यह आसान नहीं है।

### पोलैंड की वायु सेना अलर्ट पर

**मॉस्को।** पोलैंड ने यूक्रेन में कथित रूसी गतिविधियों के बीच अपनी और सहयोगी वायु सेनाओं को सक्रिय कर दिया है। पोलिश सशस्त्र बल परिचालन कमान ने कहा है कि उनके देश और सहयोगी वायु सेनाओं ने अभियान शुरू कर दिया है और वायु रक्षा और रडार टोही प्रणालियों को हाई अलर्ट पर रखा गया है।

# ट्रम्प ने ओबामा की गिरफ्तारी का AI वीडियो किया शेयर

## एफबीआई ने कॉलर पकड़कर गिराया

- हथकड़ी लगाई, पास में बैठे मुस्कुराते दिखे अमेरिकी प्रेसिडेंट
- वीडियो के अंत में ओबामा जेल की पोशाक में एक सेल के अंदर नजर आए

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा की गिरफ्तारी का एआई से बना वीडियो पोस्ट किया है। इस वायरल वीडियो में दिखाया गया है कि बराक ओबामा को एफबीआई एजेंट व्हाइट हाउस के ओवल आफिस में गिरफ्तार कर रहे हैं।

वीडियो में ओबामा को ट्रम्प के पास बैठे दिखाया गया है। इसके बाद 3 एजेंट्स आते हैं। एजेंट्स ओबामा का कालर पकड़कर उन्हें धक्का देकर नीचे गिरा देते हैं और उनके हाथों में हथकड़ियां लगाते हैं। पास में ही बैठे ट्रम्प यह सब देखकर मुस्कुरा रहे हैं। वीडियो के अंत में ओबामा जेल की पोशाक में एक सेल के अंदर नजर आते हैं। वीडियो की शुरुआत ओबामा के एक पुराने बयान से होती है, जिसमें वे कहते हैं कि कोई भी, खासकर राष्ट्रपति भी कानून से ऊपर नहीं है। इसके बाद कई डेमोक्रेटिक नेताओं की क्लिप जोड़ी गई है, जिनमें जो बाइडेन भी शामिल हैं, जो दो. हराते हैं कोई भी कानून से ऊपर नहीं है। इस वीडियो को लेकर ट्रम्प की ओर से कोई सफाई नहीं दी गई है कि यह वीडियो फर्जी है। उन्होंने यह नहीं बताया कि यह सिर्फ एक काल्पनिक दृश्य है। इस वीडियो की वजह से ट्रम्प की खूब आलोचना हो रही है। कई लोगों ने इसे 'उकसाने वाला' बताया और कहा कि एक राष्ट्रपति का इस तरह के फर्जी वीडियो शेयर करना लोकतंत्र के लिए खतरनाक हो सकता है। कुछ का यह भी कहना है कि यह एपस्टीन केस से ध्यान भटकाने की कोशिश है। ट्रम्प ने कुछ हफ्ते पहले ही ओबामा पर प्रशासन पर 2016 के चुनाव में उनके खिलाफ चुनावी धोखाधड़ी की साजिश रचने का आरोप लगाया था। इससे पहले अमेरिका की राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड ने भी ट्रम्प पर 2016 के चुनाव में गड़बड़ी का आरोप लगाया। गबार्ड ने कहा कि ओबा. मा और उनके प्रशासन के कई सीनियर अधिकारियों ने मिलकर एक देशद्रोही साजिश रची थी। इनका मकसद यह साबित करना था कि ट्रम्प की 2016 की राष्ट्रपति चुनाव में जीत रूस की मदद से हुई थी।


### बांग्लादेश एयरफोर्स का विमान ढाका में स्कूल पर गिरा

# पायलट समेत 19 की मौत, 164 घायल

**ढाका।** बांग्लादेश की वायुसेना का ट्रेनर विमान सोमवार को ढाका के स्कूल पर गिर गया। एपी की रिपोर्ट के मुताबिक हादसे में 19 लोगों की मौत हो गई है। मरने वालों में 16 छात्र, दो शिक्षक और एक पायलट शामिल हैं।

हादसे में 164 से ज्यादा लोग घायल हैं। 60 से ज्यादा घायलों को बर्न इंस्टीट्यूट रेफर कर दिया गया है। मामूली रूप से घायल कई लोगों का उत्तरा मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है। घायलों को हाथ ठेले पर अस्पताल ले जाने का एक वीडियो भी सामने आया है।

कई घायल बच्चों को हेलीकॉप्टर से अस्पताल पहुंचाया गया। सरकार ने एक दिन के राजकीय शोक की घोषणा की है। हादसे के समय स्कूल में क्लासेस चल रही थीं और सैकड़ों छात्र वहां मौजूद थे। बांग्लादेशी सेना ने वायुसेना का



एफ-7 बीजीआई विमान के क्रैश होने की पुष्टि की है। यह विमान चीन में बना था। हादसे के बाद बांग्लादेशी सेना स्कूल कैंपस में तैनात है।

सेना राहत और बचाव कार्य में भी जुटी है। अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस ने इस घटना पर दुख जताया है। उन्होंने एक फेसबुक पोस्ट में लिखा इस विमान हादसे में वायुसेना के सदस्य, माइलस्टोन स्कूल एंड कॉलेज के छात्र, अभिभावक, शिक्षक और कर्मचारी सहित जिन लोगों को नुकसान हुआ है, वह अपूरणीय है।

यह देश के लिए एक बेहद दुखद क्षण है। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं, यूनुस ने स्थिति को संभालने के लिए अस्पतालों और अधिका. रियों को निर्देश दिए हैं। उन्होंने घायलों की हर संभव मदद करने और हादसे की जांच कराने की बात भी कही। दूसरी तरफ फायर सर्विस ने बताया है कि यह घटना दोपहर 1:18 बजे हुई और उनके यूनिट 1:22 बजे मौके पर पहुंच गए। राहत और बचाव कार्य में उत्तरा, टोंगी, पल्लबी, कूर्मिटोला, मीरपुर और पूर्वाचल के आठ फायर स्टेशन के दल शामिल हैं।

# काबुल में बुर्का न पहनने पर दस महिलाएं गिरफ्तार

**काबुल।** अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में पुलिस ने दस से अधिक ऐसी युवतियों को गिरफ्तार किया है जिन्होंने बुर्का या हिजाब पहनने संबंधी नियमों का कथित तौर पर पालन नहीं किया था।

अफगानिस्तान इंटरनेशनल मीडिया ने रविवार को बताया ये गिरफ्तारियां कथित तौर पर बीते दो दिनों में काबुल के इलाकों में हुईं। महिलाओं को रेस्टोरेंट, सड़कों और बाजारों से उठाकर अज्ञात जगह ले जाया गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि नैतिकता कानून संबंधी ये पुलिस अधिकारी पुरुष थे और उन्होंने लड़कियों के साथ मारपीट भी की। रिपोर्ट में कहा गया है कि महिलाओं को बिना किसी स्पष्टीकरण के ले जाया गया,



उनमें से कुछ को पुलिस की गाड़ियों में जबरन बिठाने से पहले पीटा गया। इन पर इस्लामी तरीके का हिजाब या हिजाब से संबंधित ड्रेस कोड का उल्लंघन करने का आरोप है। इसके अलावा मध्य और पश्चिमी काबुल में रविवार को लगभग 100 महिलाओं को गिरफ्तार किया गया। इन सभी को बाज़ार, सड़कों और यहां तक कि अस्पताल से भी उठा लिया गया। अफगानिस्तान इंटरनेशनल ने कहा कि अधिकारियों ने अभी तक गिरफ्तारियों के बारे में कोई बयान जारी नहीं किया है। अफगानिस्तान में कार्यरत संयुक्त राष्ट्र मिशन ने तालिबान अधिकारियों के लड़कियों को मनमाने ढंग से गिरफ्तार करने और हिरासत में लेने को लेकर चिंता जताई है। गौरतलब है कि अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (आईसीसी) इस साल जुलाई में अफगानिस्तान में महिलाओं से दुर्व्यवहार के आरा. ेप में दो शीर्ष तालिबान नेताओं के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी कर चुकी है। आईसीसी न्यायाधीशों ने कहा था कि तालिबान के सर्वोच्च नेता हैबतुल्लाह अखुनज़ादा और मुख्य न्यायाधीश अब्दुल हकीम हक्कानी पर लैंगिक उत्पीड़न का संदेह करने के 'उचित आधार' मौजूद हैं। आईसीसी न्यायाधीशों ने कहा कि तालि. बान ने महिलाओं को शिक्षा, निजता, पारिवारिक जीवन के अधिकारों से 'गंभीर रूप से वंचित' किया है।

## अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के छह महीने पूरे

**वाशिंगटन।** 20 जनवरी 2025 को अमेरिका के राष्ट्रपति बने डोनाल्ड ट्रम्प ने रविवार को अपने कार्यकाल के 6 महीने पूरे कर लिए। चुनाव प्रचार के दौरान उन्होंने वादा किया था कि वे गाजा और यूक्रेन युद्ध को '24 घंटे में खत्म' करा देंगे, लेकिन अब तक न तो रूस-यूक्रेन युद्ध थमा है और न ही गाजा पट्टी में इजरायल-हमास संघर्ष। यूक्रेन में अब भी लड़ाई जारी है, जबकि गाजा में अभी तक 58 हजार से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। राष्ट्रपति बनने के बाद पहले छह महीनों में ट्रम्प का मुख्य फोकस वैश्विक व्यापार नीति पर रहा। उन्होंने चीन पर 60 प्रतिशत टैरिफ, वियतनाम पर 25 प्रतिशत, और यूरोपीय कारों पर 40 प्रतिशत टैक्स लगाया।

# जापान में पीएम इशिबा की पार्टी ऊपरी सदन में हारी

- 1955 के बाद पहली बार दोनों सदनों में बहुमत नहीं पीएम पर इस्तीफे का दबाव

**टोक्यो।** जापान में प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा की लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी और उसके सहयोगी दल ने देश के ऊपरी सदन में अपना बहुमत खो दिया है। हालांकि उन्होंने साफ कर दिया है कि वो प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा नहीं देंगे।

जापानी संसद के उच्च सदन में कुल 248 सीटें हैं। इशिबा के गठबंधन के पास पहले से 75 सीटें थीं। बहुमत बनाए रखने के लिए उन्हें इस चुनाव में कम से कम 50 नई सीटों की जरूरत थी, लेकिन उन्हें केवल 47 सीटें ही मिल पाईं। इनमें से अकेले एलडीपी को 39 सीटें मिली हैं। एक सीट का नतीजा अभी आना बाकी है। यह हार पीएम इशिबा के लिए दूसरी बड़ी राजनीतिक असफलता है। इससे पहले अक्टूबर में निचले सदन का चुनाव हारने के बाद अब यह गठबंधन दोनों सदनों में अल्पमत में चला गया है। एलडीपी की स्थापना 1955 में हुई थी, और यह पहला मौका है जब उसने दोनों सदनों में बहुमत खो दिया है। टोक्यो में ऊपरी सदन के चुनाव के लिए रविवार को एक काउंटिंग सेंटर में अधिकारी वोटों की गिनती करते हुए। यह चुनाव उस वक्त हुआ जब जापान में मंहगाई बढ़ रही है और अमेरिका द्वारा लगाए जा सकने वाले टैरिफ को लेकर लोगों में चिंता है।

## ईरान और यूरोपीय शक्तियों के बीच 25 को होगी परमाणु वार्ता

**तेहरान।** ईरान, फ्रांस, जर्मनी और ब्रिटेन शुक्रवार (25 जुलाई) को इस्तांबुल में परमाणु वार्ता करेंगे। तीन यूरोपीय देशों ने चेतावनी दी है कि वार्ता फिर से शुरू नहीं करने पर ईरान पर अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबंध फिर से लगा दिया जाएगा। आईआरआईबी एजेंसी ने ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाघेई के हवाले से कहा कि यह वार्ता शुक्रवार को इस्तांबुल में उप विदेश मंत्रियों के स्तर पर होगी जिसमें ईरानी उप विद. ेश मंत्री माजिद तख्त-रवांची और ईरानी अंतर्राष्ट्रीय मामलों के उप विदेश मंत्री काज़म ग़रीबाबादी हिस्सा लेंगे। वार्ता की तारीख की घोषणा ई3 देशों के विदेश मंत्रियों और यूरोपीय संघ के विदेश नीति प्रमुख के साथ पिछले गुरुवार को ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची की पहली बातचीत के बाद की गई। यह बातचीत इजरायल और अमेरिका द्वारा एक महीने पहले ईरानी परमाणु प्रतिष्ठानों पर हमला किए जाने के बाद हुई है। गौरतलब है कि अमेरिका ने 2018 में तत्कालीन ट्रम्प प्रशासन के अंतर्गत इस समझौते से खुद को अलग कर लिया था और प्रतिबंधों को फिर से लागू कर दिया था तथा कूटनीतिक तनाव को फिर से भड़का दिया था।


अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर...
www.shahtimesnews.com

प्रवेश सूचना- पैरामैड़िकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स Admission Open
10th व 12th (Open Board) से करें (विषय- साइंस, आर्ट, कॉमर्स)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास और 10th फेल, 12th हेतु- 10th पास और 12th फेल
Fresh, Part Admission & TOC Facility Available (Exam-Oct/Nov 2025)
NIOS (शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology (एक्स-रे टैक.), CCH (एलोपैथिक), CAT (आयुर्वेदिक-पंचकर्मा टैक.), CHD (होम्योपैथिक), ECCE (प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), Diploma in Yoga & YTTP, CCA (कम्प्यूटर), ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, DPT, DMLT, OPTOMETRY, OPHTHALMIC, OT TECH MPHW, DENTAL TECH. & HYGIENE, RADIOLOGY & BACHELOR (IN All Paramedical), (M.SC, B.SC, B.COM, M.COM) BA/MA/PGD YOGA ETC...
-: प्रवेश हेतु सम्पर्क करे :-
श्री कृष्णा वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कालोनी, मेन पचैण्डा रोड़, निकट गऊशाला, मु.नगर
M.: 8505978850, 9634519104

ROOP® RAKSHAK
आप के रूप का रक्षक
क्या आप अपने चेहरे के मुहासों (Acne) से परेशान हैं। अपनाएं ....
क्या आप अपने चेहरे के दाग, धब्बे व झाईयों से परेशान हैं, अपनाएं
(भारत सरकार द्वारा रजिस्टर्ड ब्रांड)
Customer Care No. 9457717311

ADMISSION OPEN
Session 2025-26
न्यू स्टेट नर्सिंग एण्ड पैरामेडिकल कालेज
12 किमी. स्टोन, रुड़की रोड, मुजफ्फरनगर
Affiliated by: U.P. State Medical Faculty Lucknow and recognized by the U.P. Govt.
कोर्स
• डी0 पी0 टी0 • ऑप्टोमैट्री • ओ0 टी0 टैक्नीशियन
कोर्स अवधि : 2 वर्ष
योग्यता : 12वीं पास बायोलोजी/गणित
हसन नर्सिंग होम
92, उत्तरी सरवट गेट, मुजफ्फरनगर
मो0: 8899777782
9897640744
अखबार की कटिंग साथ लाने वाले को 5000 की छूट